प्रयागराज, गुरुवार, 24 नवम्बर, 2022

मार्ग शीर्ष, शुक्ल पक्ष 1, वर्ष 11, अंक 215, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अंदर- धोनी की शानदार फिटनेस वाली तस्वीरें वायरल हुईं



अंदर- जनता पर और टैक्स लादने की तैयारी

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimesÜnet | Portal : www.jansandeshtimes.news

# चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट हुआ सख्त

## कहा, हम देखेंगे कि कहीं कुछ गलत तो नहीं हुआ

**फाइल तलब**

**एटॉर्नी जनरल से कहा नियुक्ति पारदर्शी होनी चाहिए**

**नियुक्ति समिति में सीजेआई को भी शामिल करना चाहिए**



**नई दिल्ली।** चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त हो गया है। कोर्ट ने बुधवार को केंद्र से उनकी नियुक्ति से जुड़े दस्तावेज तलब किए हैं। संवैधानिक बेंच के समक्ष सुनवाई के दौरान केंद्र ने गोयल की नियुक्ति से जुड़े दस्तावेज दिखाने पर आपत्ति जताई। केंद्र का कहना था कि इसकी कोई जरूरत नहीं है, लेकिन कोर्ट ने दो टूक कहा कि आप दस्तावेज पेश कीजिए। अदालत ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि हम देखेंगे कि नियुक्ति में कहीं कुछ गलत तो नहीं हुआ। वहीं इस मामले की अगली सुनवाई सुप्रीम कोर्ट गुरुवार यानी आज 24 नवंबर को करेगा।

चुनाव आयोग की शक्तियों की बात करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक जिरह के दौरान मंगलवार को कहा था कि वह मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर टीएन शेषन की तरह के सुदृढ़ चरित्र वाले व्यक्ति को चाहता है। कोर्ट ने कहा कि संविधान ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दो निर्वाचन आयुक्तों के नाजुक कंधों पर बहुत जिम्मेदारियां सौंपी हैं। सुप्रीम कोर्ट की राय है कि मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति समिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश को भी शामिल किया जाए। इससे नियुक्ति प्रक्रिया में तटस्थता आएगी। कोर्ट ने कहा है कि सुनवाई शुरू होने के तीन दिन के भीतर नियुक्ति हो गई। इसे लेकर अर्जी दाखिल करने के बाद ये नियुक्ति की गई है। हम जानना चाहते हैं कि नियुक्ति के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई गई। अगर ये नियुक्ति कानूनी है तो फिर घबराने की जरूरत नहीं है। उचित होता अगर अदालत की सुनवाई के दौरान नियुक्ति न होती। जस्टिस अजय रस्तोगी ने टिप्पणी की कि हम यह नहीं कह रहे कि यह प्रक्रिया गलत है, लेकिन प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। आप (सरकार) हमें वह मैकेनिज्म बताइए जिससे चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की जाती है। दो ही दिन पहले ही आपने एक चुनाव आयुक्त को नियुक्त किया है। केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी व्यवस्था कायम करने की मांग वाली याचिका का विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान कहा कि हम पूछ रहे हैं कि हमें वह तंत्र दिखाएं, जिसे आप नियुक्ति में लागू करते हैं। आपने अभी 2 दिन पहले किसी को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया है। यह याद होना चाहिए। हमें दिखाओ, हमने आपको कल कहा था। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर अटॉर्नी जनरल ने कहा कि तो क्या अदालत कह रही है कि मंत्रिपरिषद पर भरोसा नहीं है। जस्टिस रस्तोगी ने कहा नहीं, हम अपनी संतुष्टि के लिए कह रहे हैं कि आपने दो दिन पहले नियुक्ति में जो मैकेनिज्म अपनाया था, वह हमें दिखाइए।

संविधान पीठ से केंद्र की ओर से एएसजी बलबीर सिंह ने कहा कि मामला यह नहीं है कि किसी अक्षम व्यक्ति को नियुक्त किया गया है। वास्तव में चुनाव आयोग ने पूरी तरह से ठीक काम किया है। कोई विशिष्ट आरोप मौजूद नहीं है। ऐसा नहीं है कि अराजकता है। ऐसा भी नहीं है कि चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी के मामले में लोकतांत्रिक प्रक्रिया खतरे में है। आज एक प्रक्रिया है जो काम कर रही है। कुछ गलत हुआ, ऐसा कोई विशिष्ट उदाहरण नहीं पेश किया गया है। अब अगर हम कोई वैकल्पिक व्यवस्था लाते हैं तो क्या हम राष्ट्रपति या मंत्रिपरिषद को हटा देंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- पीएम पर आरोप लगने पर ऐक्शन लिया है ?

संविधान पीठ में जस्टिस जोसफ ने टिप्पणी की कि हमें मौजूदा दौर में ऐसे सीईसी की आवश्यकता है जो पीएम के खिलाफ भी शिकायत मिलने पर एक्शन ले सके। मान लीजिए कि किसी प्रधानमंत्री के खिलाफ कुछ आरोप लगे हों और निर्वाचन आयोग यानी सीईसी को कार्रवाई करनी हो, लेकिन आयोग और सीईसी अगर कमजोर घुटने वाले हों तो क्या ये मुमकिन होगा? सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने निर्वाचन आयोग की स्वायत्तता पर सवाल उठाते हुए एक उदाहरण के साथ सरकार से पूछा कि कभी किसी पीएम पर आरोप लगे तो क्या आयोग ने उनके खिलाफ एक्शन लिया है?

## अब जेल में सत्येंद्र जैन के खाने का वीडियो आया

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग केस में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन का नया वीडियो सामने आया है। भाजपा ने बुधवार को करीब डेढ़ मिनट का ये वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें बैरक के भीतर सत्येंद्र जैन को खाना परोसा जा रहा है। एक व्यक्ति लगातार उनकी सेवा में जुटा है। इससे पहले जैन के 4 वीडियो सामने आए थे, जिसमें वो जेल में मसाज कराते दिख रहे थे। भाजपा ने कहा- मीडिया के लिए एक और वीडियो सामने आया है। रेपिस्ट से मसाज के बाद अब सत्येंद्र जैन लजीज खाने का लुत्फ उठाते दिख रहे हैं। एक अटेंडेंट उन्हें खाना परोस रहा है। ऐसा लग रहा है, जैसे रिसॉर्ट में छुट्टियां मना रहे हों। इसी मामले को लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट ने सत्येंद्र जैन के खान-पान और डाइट में बदलाव किए जाने पर तिहाड़ के अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस मामले को लेकर यह रिपोर्ट हाई कोर्ट को दोपहर 2 बजे से पहले पहुंचाई जाएगी।केजरीवाल ने यह निश्चित कर दिया है, कि हवालाबाज को जेल में सजा नहीं मजा मिले। प्रवर्तन निदेशालय ने जैन को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में 31 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। उसके बाद से जैन तिहाड़ में बंद हैं।

# अतीक की एक अरब 28 करोड़ की संपत्ति कुर्क

## माफिया के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

**प्रशासन सख्त**

**प्रयागराज के झूसी इलाके में की गई कार्रवाई**

प्रयागराज। संगम नगरी प्रयागराज में माफिया घोषित किए गए पूर्व सांसद अतीक अहमद की सवा अरब रुपए से ज्यादा की कीमत वाली दो संपत्तियों को कुर्क किया गया। कुर्की की यह कार्रवाई प्रयागराज के झूसी मोहल्ले के हवेलिया इलाके में की गई। कुर्क की गई संपत्तियां तकरीबन 13 बीघे में मौजूद थी। माफिया अतीक ने इन संपत्तियों को खरीदने के बाद इस पर बबूल के बाग तैयार कराए थे। इसके साथ ही कुछ जमीन खाली भी पड़ी हुई थी।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक जो संपत्तियां कुर्क की गई हैं, उनकी अनुमानित कीमत एक अरब 28 करोड़ रुपए है। प्रयागराज पुलिस का दावा है कि यह अतीक के खिलाफ अब तक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। इतना ही नहीं



उत्तर प्रदेश में किसी भी माफिया के खिलाफ एक दिन में की गई यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। पुलिस के मुताबिक माफिया अतीक अहमद ने 13 बीघे की यह जमीन अपने पिता हाजी फिरोज अहमद, चाचा उस्मान और अफरोज के नाम खरीदी थी। गंगा नदी के ठीक किनारे होने की वजह से इसकी कीमत काफी ज्यादा है। अतीक अहमद ने अपनी इस जमीन पर बबूल के पेड़ के बाग तैयार करा दिए थे। जमीन और बाग की देख- रेख दूसरे लोग करते थे। इसकी वजह से पड़ोस के लोगों को भी इस बात की जानकारी नहीं थी कि यह अतीक अहमद की बेनामी संपत्ति है।

### गैंगस्टर के तहत की गई है कार्रवाई

प्रयागराज पुलिस ने अतीक की संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत की है। पुलिस अफसरों का दावा है कि अतीक अहमद ने इस संपत्ति को अपराध से की गई कमाई से अर्जित किया है। संपत्ति के बारे में आसानी से लोगों को जानकारी ना हो, इस वजह से अतीक ने इसे खुद अपने नाम रखने के बजाय पिता और दूसरे रिश्तेदारों के नाम की हुई थी। प्रयागराज पुलिस ने इस जमीन के बारे में जानकारी हासिल करने के बाद राजस्व विभाग से इसकी पड़ताल कराई। राजस्व विभाग की मुहर लगने के बाद पुलिस ने कुर्की के लिए डीएम संजय कुमार खत्री से अनुमति मांगी। डीएम ने पुलिस को दो दिन पहले ही यानी 21 नवंबर अनुमति दी थी।

# तेजस्वी से मिले आदित्य ठाकरे, तीसरे मोर्चे पर चर्चा

**सुगबुगाहट**

**कहा-लोकतंत्र बचाने के लिए आए हैं साथ, नीतीश से भी मुलाकात**

पटना। पटना पहुंचे आदित्य ठाकरे ने बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से मुलाकात की। आदित्य ठाकरे खास तौर पर मुंबई से तेजस्वी यादव से मिलने पटना पहुंचे। इस दौरान तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार से आदित्य ठाकरे से भी मुलाकात करवाई। आदित्य ठाकरे तेजस्वी यादव के साथ सीएम नीतीश कुमार से मिलने मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। आदित्य ठाकरे करीब दो घंटे तक पटना में रहे। मुलाकात के बाद आदित्य ठाकरे ने कहा कि- हमारे बीच आज अलग-अलग विषयों पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि जो युवा महंगाई, रोजगार और संविधान को बचाने के लिए काम करना चाहते हैं वो आपस में बातचीत करेंगे तब ही देश में कुछ अच्छा कर सकेंगे। वहीं मुलाकात के बाद तेजस्वी यादव ने कहा अभी देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने की चुनौती हैं। इसे बचाने के लिए हमसे जो बनेगा वो हम करेंगे। इसके बाद दोनों युवा नीतीश कुमार से मिलने पहुंचे यहां तीनों के बीच बातचीत हुई। जिसके बाद आदित्य ठाकरे एयरपोर्ट के लिए निकल गए।




## चाकू की नोंक पर श्याम बन सलमान ने पढ़ाया निकाह

**लखनऊ।** लखनऊ में पारा इलाके में रहने वाले सलमान ने अपना नाम बदलकर श्याम रखा। वहीं इलाके की एक किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसाया। फिर उसे अगवा कर लिया। 10 दिन पहले किशोरी को अगवा कर सलमान ने हरियाणा के एक मकान में बंधक बनाकर रखा। जहां उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। वहीं चाकू की नोंक पर उससे निकाह भी पढ़ा लिया। इधर पारा थाने में परिजनों ने अहपहरण का केस दर्ज कराया। सर्विलांस सेल की टीम ने आरोपी के हरियाणा में होने की पुष्टि पर दबिश दी। जहां से किशोरी को मुक्त कराया। वहीं श्याम उर्फ सलमान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक पारा दधिबल तिवारी के मुताबिक पुलिस गिरफ्त में आया सलमान बजरंग बिहार का रहने वाला है।

# दिल्ली एम्स का सर्वर 9 घंटे से डाउन, हैक होने की आशंका

**अंदेशा**

**गोपनीय जानकारी लीक होने की आशंका**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का सर्वर पिछले करीब 9 घंटे डाउन है। जानकारी के मुताबिक, एम्स का सर्वर हैक कर लिया गया है। साइबर क्राइम और संबंधित विभागों को इसके बारे में जानकारी दी गई है। एम्स के सर्वर में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, पूर्व पीएम और अन्य मंत्रियों के हेल्थकेयर रिकॉर्ड से जुड़ा बेहद संवेदनशील डाटा सेव रहता है। इसे लेकर गोपनीय जानकारी लीक होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सर्वर हैक होने की वजह से अस्पताल का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। एम्स में सुबह से ही सर्वर डाउन होने से नए मरीजों के ओपीडी कार्ड नहीं बन सके। सिर्फ पुराने कुछ मरीजों को ही यूएचआइडी नंबर से देखा गया। मरीजों को भर्ती करने में भी पेपर न बनने से परेशानी आई। अधिकांश सेवाएं ठप रहीं।

## केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के भतीजे ने की आत्महत्या

लखनऊ। दुबग्गा के बेगरिया में स्थित रियल एस्टेट कारोबारी केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के भतीजे नंद किशोर (47) ने बुधवार फांसी लगाकर जान दे दी। उनका शव कमरे में पंखे के सहारे लटकता हुआ मिला। उनके बेटे विशाल के मुताबिक वह कुछ दिनों से परेशान चल रहे थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। प्रभारी निरीक्षक सुखवीर सिंह भदौरिया के मुताबिक रियल एस्टेट कारोबारी नंद किशोर बुधवार को अपने कमरे में लेटे हुए थे। मृतक के भाई अजय रावत ने बताया कि नंद किशोर का कमरा अंदर से बंद था और कई बार आवाज देने पर भी नहीं खुल रहा था। इस पर पुलिस को सूचना दी। बाद में कमरे में पंखे के सहारे उनका शव लटकता मिला।

# डबल इंजन सरकार के बाद भी यूपी का नहीं हुआ विकास : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने अपनी सरकार के कार्यकाल में गरीब के कल्याण और प्रदेश की सर्वाधिक प्रगति का दावा करते हुये कहा कि मौजूदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के शासनकाल में लोगों को वैसी प्रगति नहीं दिखाई देती है। सुश्री मायावती ने बुधवार को सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि उनकी पार्टी की सरकार के कार्यकाल में पूरा प्रदेश युवाओं को रोजगार, गरीबों को पक्के घर और प्रदेश का विकास का गवाह बना था, मगर भाजपा की सरकार में वैसी प्रगति नहीं दिखती है। पूंजीनिवेश के प्रयास जरूरी हैं मगर यह सिर्फ भूमि अधिग्रहण और चुनावी स्वार्थ तक सीमित नहीं होने चाहिए। उन्होने ट्वीट किया यूपी में बीएसपी सरकार में लोगों को रोजगार तथा बुनियादी सुविधाओं से युक्त नए पक्के मकान व भूमि आदि भी फ्री में लाखों



परिवारों को आवंटित करके गरीबों का जीवन धन्य होते हुए सभी ने देखा, किन्तु पहले सपा व अब भाजपा सरकार के कार्यकाल में भी वैसी खास प्रगति क्यों नहीं है। बसपा सुप्रीमो ने कहा यूपी में देशी व विदेशी पूंजीनिवेश के लिए सरकार का अनवरत प्रयास जरूरी, किन्तु यह केवल खेती भूमि के अधिग्रहण तथा राजनीतिक एवं चुनावी स्वार्थ तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। यूपी जैसे अति-गरीबों वाले पिछड़े प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में वैसी ही तेज प्रगति लोगों को दिखाई देनी चाहिए।

# असम के सीएम ने कहा, 'सद्दाम जैसे दिख रहे राहुल'

## हेमंत के बयान पर भड़की कांग्रेस, अलका लांबा ने याद दिलाई पिडी वाली बात

**नई दिल्ली।** असम के सीएम हेमंत विस्वा शर्मा के भारत जोड़ो यात्रा कर रहे राहुल गांधी के लुक पर दिए गए बयान पर बवाल मच गया है। दरअसल, यात्रा के दौरान राहुल ने अपनी दाढ़ी बढ़ा रखी है। इसी लुक पर हेमंत ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि चेहरा बदलना बुरा नहीं है, लेकिन यह ऐसा होना चाहिए जिसमें महात्मा गांधी, सरदार पटेल दिखाई दे। उन्होंने कहा कि चेहरा ऐसा नहीं होना चाहिए कि उसमें सद्दाम हुसैन दिखाई दे।



हेमंत के इस बयान पर कांग्रेस भड़क गई है। कांग्रेस नेता अलका लांबा ने हेमंत और राहुल के कुत्ते पिडी वाली घटना की याद दिला दी। उन्होंने कहा कि अच्छा है राहुल ने अपने कुत्ते को ज्यादा महत्व दिया। उधर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा घबरा गई है और ऐसे बयान दे रही है। गुजरात विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान हेमंत ने कहा था कि राहुल जी आपका चेहरा ऐसा हो जिसमें महात्मा गांधी, सरदार पटेल दिखाई दे। ऐसा नहीं जिसमें सद्दाम हुसैन दिखाई दे। चेहरा बदला है उसमें बुराई नहीं है लेकिन उसे पटेल जैसा करो। कांग्रेस हमेशा दूसरों की संस्कृति अपनाती है। गौरतलब है कि कभी कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे हेमंत राहुल के व्यवहार से नाराज होकर पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। वह इस समय असम के सीएम हैं। दरअसल, हेमंत ने एक ट्वीट कर कहा था कि जब वह असम के एक बेहद अहम मुद्दे पर बात करने के लिए राहुल गांधी से मिलने गए थे तो वह अपने कुत्ते को बिस्कुट खिलाने में मशगूल थे। बता दें कि गुजरात में दो चरणों में वोट डाले जाएंगे। पहले चरण की वोटिंग एक दिसंबर को होगी। इस दिन 89 सीटों पर वोटिंग होगी।वहीं, दूसरे चरण के लिए पांच दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। वहीं मतों की गिनती आठ दिसंबर को होगी। इसके साथ ही पूरे राज्य में आचार संहिता की भी घोषणा हो गई। *एजेंसी*



# डिवाइडर से टकराई यूनाइटेड कॉलेज की बस, कई छात्र चोटिल



डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त स्कूल बस

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के टीएसएल रेलवे क्रॉसिंग के समीप बुधवार की सुबह छात्रों को लेकर कॉलेज जा रही यूनाइटेड कॉलेज की बस किसी वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बस पर बैठे कई छात्र मामूली तौर पर चोटिल हो गए। और बस क्षतिग्रस्त हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाना क्षेत्र स्थित यूनाइटेड कॉलेज की बस बुधवार की सुबह छात्रों को बैठाकर कॉलेज जा रही थी, तभी नई बाजार सरगम तिराहे के समीप किसी चार पहिया वाहन से सट गई। इसी के चलते वाहन चालक से कहासुनी हो गई। कहासुनी के दौरान चालक बस लेकर वहां से तेजी से निकला। टी.एस.एल कंपनी के समीप एक वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में डिवाइडर पर चढ़ गई और बिजली के खंभे से टकराने के बाद बाएं से दाएं की ओर चली गई। अचानक हुई इस घटना से बस पर बैठे छात्र घबरा गए। कुछ छात्रों को मामूली चोट भी आई है। बस रुकते ही उस पर बैठे छात्र आनन-फानन में नीचे उतर कर सड़क के किनारे खड़े हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर छिवकी पुलिस चौकी के सिपाही भी मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते वाहनों की लंबी लाइने लग गई । पुलिस ने बस को किनारे करवाते हुए यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित किया। क्षतिग्रस्त बस के छात्र पीछे से आ रही कालेज की अन्य बसों पर बैठकर कॉलेज के लिए रवाना हो गए। चौकी प्रभारी संदीप यादव ने बताया, कि कॉलेज की बस सरगम तिराहे पर किसी वाहन से सट गई थी। जिसे लेकर दोनों चालकों में कहासुनी हो गई। बाद में चालक वहां से बड़ी तेजी से बस लेकर भागा, जो टीएसएल रेलवे क्रॉसिंग के समीप डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## अनियंत्रित खड्ड में गिरा ट्रक चालक घायल

**उरुवा।** शहर से सिरसा बाजार की ओर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में गिर गया। जिसमें चालक को मामूली चोटें आई। मेजा थाना क्षेत्र के चौकी दिघिया मार्ग पर बगहा गांव के सामने बुधवार की शाम शहर से आ रहा एक अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे खड्ड में गिर गया। जिसमें रहा ट्रक चालक प्रतापगढ़ के देवसरा थाना स्थित सैफाबाद निवासी सगीर उर्फ बबलू खान पुत्र अनवर खान की सिर में गंभीर चोटें आयीं। जिसे घटनास्थल पर पहुंचे सिरसा चौकी के कांस्टेबल दीपक सिंह यादव और धीरज यादव ने आनन-फानन में सीएचसी रामनगर ले जाकर इलाज कराया। घटना के समय सड़क पर कोई मौजूद नहीं था वरना बड़ा हादसा हो सकता था। लोगों ने बताया कि बगहा गांव के पास अंधा मोड़ होने के कारण तेज रफ्तार ट्रक संतुलन बिगड़ने से अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरा।

# दो बाइकों की टक्कर में सैन्यकर्मी की मौत

**हादसा**

**संजय कुमार यादव चचेरी बहन की शादी जो गुरूवार को थी शामिल होने आया था**



मृतक सैन्यकर्मी (फाइल फोटो

**मऊआइमा।** बहन की शादी में अवकाश पर आए सैन्यकर्मी की बाइक एक अन्य बाइक से टक्कर हो जाने से सैन्यकर्मी का हेलमेट टूट गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बाइक चालक को मय बाइक सहित पकड कर पुलिस के हवाले कर दिए। मृतक सैन्यकर्मी के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तथा बाइक चालक को हवालात में डाल कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कटरादयाराम (बागी) निवासी संजय कुमार यादव 32 वर्ष पुत्र बांकेलाल यादव जम्मू में फौज में तैनात है। बताते हैं कि मंगलवार को संजय कुमार यादव चचेरी बहन की शादी जो गुरूवार को थी। शामिल होने आया था। बताया गया है कि संजय कुमार बाइक से झूंसी अपने नये घर पर गया था। बुधवार को बाइक से दोपहर को वापस आ रहा था। जैसे संजय चकश्याम पूरे हिंचा राम सुख विधालय के पास पहुंचा था कि मऊआइमा कस्बा की ओर से आ रही तीव्र गति से बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी ।जिससे संजय कुमार की हेलमेट टूट गया और बाइक की हैंडिल सिर में घुस जाने से मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने बाइक चालक सहित पुलिस को सौंप दिया। तथा मृतक के चचेरे भाई कमल कुमार पुत्र लालता प्रसाद ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस ने सैन्य कर्मी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है।

## मंदिर से पीतल का घंटा चोरी, पुलिस को तहरीर

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के मेवालाल की बगिया तिराहा स्थित हनुमान मंदिर से बुधवार की भोर मैं चोरों ने पीतल का घंटा खोले गए। घटना की तहरीर नैनी कोतवाली को दे दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार नैनी क्षेत्र के मेवालाल की बगिया तिराहा स्थित हनुमान मंदिर से बुधवार की भोर में चोरों ने पीतल के घंटा खोले गए। इस बाबत मंदिर की देखरेख कर रहे सुभाष चंद्र केसरवानी ने बताया, कि प्रतिदिन की तरह मंगलवार की रात मंदिर में ताला बंद कर दिया गया। बुधवार की सुबह तकरीबन 5:00 बजे मंदिर का ताला खोला गया। कुछ देर बाद देखा, तो मंदिर से पीतल का घंटा गायब हो गया था। उन्होंने घटना की सूचना इलाकाई पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

## दो अलग-अलग गांवों में मार पीट आधा दर्जन खिलाफ एससी एसटी में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा में दो अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। पुलिस ने एक मामले में छह के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। जबकि एक अन्य गांव में मार पीट के दौरान महिला के कपडे फाड दिए गए। जिसमें दो को नामजद किया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याण पुर के दमोदरपुर गांव निवासी विवेक कुमार पुत्र छेदी लाल हरिजन का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर कतिपय लोग लाठी डंडे लेकर उसे और परिजनों को मारे पीटे जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक गालियां भी दी। विवेक कुमार ने मऊआइमा थाने में भोला पटेल ,शमशेर पटेल ,खज्जू पटेल ,बबलू पटेल ,लालजी पटेल ,हीरो पटेल सभी निवासीगण उमरिया सारी के खिसक एस सी एस टी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम दुबाही निवासनीय नगमा बानों पत्नी सबी उद्दीन का आरोप है कि उसके गांव के दो लोग उसका बबुल का पेड काट रहे थे मना करने पर घर में घुस कर मारे पीटे और कपडे फाड दिए ।नगमा बानों ने अकील उद्दीन ,सगीर उद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।

## संक्षेप

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में शिवांजलि बनी- विजेता



**करछना।** सर्वोदय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज भीरपुर में बुधवार को आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कक्षा नौ की छात्रा शिवांजलि ने विजेता बनकर चैंपियनशिप और साइकिल पर अपना कब्जा जमा लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में तीनों वर्गों में पुरस्कार वितरण विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सूर्यकांत त्रिपाठी निराला द्वारा किया गया । जूनियर और सीनियर वर्ग को पुरस्कार देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आयोजक मंडल की सराहना करते हुए खेल और शिक्षा के बीच संतुलन और सामंजस्य बनाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के जूनियर वर्ग में आदर्श कुमार को प्रथम रूपम भारतीय को द्वितीय एवं कृष्ण कुमार पटेल तथा राज गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मिडिल वर्ग में शिवांजलि को प्रथम प्रदीप कुमार को द्वितीय और रूद्र प्रकाश प्रजापति तथा राखी गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वहीं सीनियर वर्ग में विवेक कुमार गुप्ता को प्रथम उज्जवल सिंह को द्वितीय नेहा तथा आर्यन को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।साथ ही तहसील स्तरीय एथलीट्स प्रतियोगिता के विजेताओं को भी इस कार्यक्रम में पुरस्कृत और सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में जहां अजय विश्वकर्मा ने सभी बच्चों का प्रोत्साहन किया। वही भोला नाथ पांडेय ने स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को आगे और मेहनत करने के लिए उत्साहित किया। कार्यक्रम के संयोजक श्रीशिव शंकर गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया। तथा कार्यक्रम का संचालन शिक्षक डॉ वाचस्पति कुमार पाठक ने किया। इस मौके पर शिक्षक संदीप त्रिपाठी सुरेंद्र सिंह यादव उमा शंकर सरोज डॉ सुनील शुक्ला श्रीमती सूची सिंह श्रीमती दीपाली केसरवानी श्रीमती निवेदिता पांडेय अक्षय शर्मा सुधीर मिश्रा राम सिंह महेंद्र कुमार पांडेय रमेश आदि रहे।

### बहरिया में हुआ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत



**बहरिया।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या का बहरिया में कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य बहरिया के पूर्व राज्य मंत्री विक्रमाजीत मौर्य के भतीजे आंनद कृष्ण मौर्या पुत्र स्वर्गीय इन्द्रजीत मौर्या के वैवाहिक कार्यक्रम के पहलें पहुंचकर विवाह की अग्रिम बधाई दी। पुछे जाने पर उप मुख्यमंत्री नें कहा कि योगी और मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनकर उभरा है। पूरा विश्वा आज भारत के पीछे चलने को तैयार है । उन्होंने कहा कि आगामी आम चुनाव के बाद पूर्ण बहुमत से फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और प्रदेश में हो रहे उप चुनाव की सभी सीटें भारतीय जनता पार्टी जीतने जा रही है। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष भाजपा अश्वनी दुबे, ब्लॉक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा, प्रियांशु तिवारी, जिला पंचायत सदस्य शशिकान्त यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अमरनाथ तिवारी, विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्या, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल ,पूर्व विधायक करछना दीपक पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमलेश पाल, सीताराम मौर्या, लालू भाई, श्रीराम मौर्या, मोहम्मद शकील, विक्रम प्रजापति, प्रधान प्रतिनिधि कालूपुर सीताराम यादव, आदि लोग रहे।

### फाफामऊ पुलिस ने यातायात के बारे में किया जागरूक

**फाफामऊ।** यातायात माह में बुधवार को फाफामऊ पुलिस ने गद्दोपुर शांतिपुरम स्थित जेपी पब्लिक स्कूल में छात्रों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देकर छात्रों को जागरूक किया और उन्हें प्रेरित किया कि वह यातायात के नियमों का पालन कर खुद को सेफ रखें तथा साथ में शासन की मदद करे और अपने वाहनों को भी किसी प्रकार के चालान से बचा सकते है साथ में यातायात नियमों का पालन कर अपने जीवन को कैसे सुरक्षित रखें। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से फाफामऊ थाना प्रभारी आशीष सिंह, एसआई वरुणकांत यादव सहित भारी संख्या में स्कूल के छात्र और अध्यापक उपस्थित रहें।

### वॉलीबाल चैंपियनशिप में येलो हाउस रहा विजई



**फाफामऊ।** मलाक हरहर महरू डीह स्थित टीएमपीएस स्कूल में मंगलवार को स्कूल ग्राउंड में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के रेड, ग्रीन ब्लू और येलो की बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खेले गए कई राउंड खेल में येलो और ब्लू हाउस के बीच खेले गए मैच में येलो हाउस विजई रहा और रेड और ग्रीन हाउस के बीच हुए मुकाबले में रेड हाउस विजई रहा। फाइनल राउंड में रेड और येलो हाउस के बीच खेले गए मैच में येलो हाउस विजई रहा। विजई टीम को स्कूल की प्रबंधक प्रिया मेहरोत्रा प्रधानाचार्य वैलेंटाइन मैसी ने बधाई दी। इस दौरान स्कूल के निदेशक अभिनव मेहरोत्रा सहित भारी संख्या में स्कूल के छात्र - छात्राएं मौजूद रहें।

### घरेलू कलह से ट्रेन से कट कर युवक ने दी जान

**करछना।** थाना क्षेत्र के रजबहा नहर पुलिया के पास रेलवे लाइन से टकराकर युवक की हुई मौत जानकारी के अनुसार देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि करछना नहर पुलिया के समीप रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिला है जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया जिसकी पहचान सुबह भरहा गांव के रहने वाले हिन्छलाल भारतीया 30 पुत्र सीताराम भारतीया के रुप में हुई हिन्दलाल के अलावा पत्नी और दो बच्चे हैं घटना की जानकारी के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है सूत्रों के अनुसार घरेलू बिवाद के कारण आत्मघाती कदम उठाए जाने की बात सामने आई है।

# जेई के साथ मारपीट कर सरकारी दस्तावेज फाड़ा

**मारपीट**

**जेई अन्य विद्युत कर्मचारियों के साथ थाने पहुंचकर मारपीट करने वाले के खिलाफ दिया तहरीर**

**शंकरगढ़ ।** बकायेदारों से बिजली का बिल वसूलने गए विद्युत विभाग के जेई व उनके साथ चल रहे अन्य कर्मचारियों के साथ मोहल्ले के एक व्यक्ति ने मारपीट कर सरकारी दस्तावेज फाड़ दिए। मामला नगर पंचायत शंकरगढ़ के मोदी नगर मुहल्ले का है । जेई ने मारपीट करने वाले उक्त व्यक्ति के खिलाफ शंकरगढ़ थाने में मारपीट व सरकारी काम मे बाधा पहुंचाने की तहरीर दिया है।

शंकरगढ़ विद्युत उपकेंद्र में पदस्थ अवर अभियंता रवि प्रकाश आज दस हजार रुपए के ऊपर के बकायेदारों के यहां वसूली करने तथा पैसा ना देने पर विद्युत विच्छेदन करने गए थे। इसी दौरान वह नगर पंचायत के मोदीनगर मोहल्ले पहुंचकर सुनील केसरवानी का विद्युत बिल ज्यादा होने पर तथा बिजली का बिल न जमा करने पर लाइनमैन विपुल यादव अवर अभियंता के आदेश पर खंभे पर चढ़कर बिजली का तार काट रहा था। आरोप है कि उसी समय अपनी चार पहिया से लाइनपार रानीगंज रोड निवासी एक व्यक्ति उधर से जा रहा था और रास्ते में खड़ी गाड़ी को हटाने को लेकर अवर अभियंता से उलझ गया तथा गाली गलौज करने लगे । यही नहीं उसने विद्युत कर्मियों से तमाम सरकारी कागजात छीन कर फाड़ दिए। उपस्थित लोगों ने किसी तरह से बीच-बचाव कर विद्युत कर्मियों को उक्त व्यक्ति से बचाया। अवर अभियंता ने शंकरगढ़ थाने में आकर उक्त व्यक्ति खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा व मारपीट करने की तहरीर दिया है।

# तहसील स्तरीय दिव्यांग खेल प्रतियोगिता आयोजित



प्रतियोगिता में विजयी दिव्यांग छात्र पुरस्कार पाकर प्रसन्न मुद्रा में

**मेजा।** परिषदीय स्कूलों में पंजीकृत दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के साथ खेल व अन्य क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने के लिए बुधवार को तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता लक्ष्मी नारायण इंटर कॉलेज मेजा में आयोजित हुई । प्रतियोगिता में विकासखंड मेजा उरुवा व मांडा में विभिन्न स्कूलों में पंजीकृत दिव्यांग छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत खंड शिक्षा अधिकारी मेजा नीरज कुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा खिलाडियो को हरी झंडी दिखाकर किया`

प्रतियोगिता के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक राजीव त्रिपाठी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को बेहतर शिक्षा देने में प्रोत्साहित करने के लिए समेकित शिक्षा योजना संचालित की जाती है जिसमें सामान्य छात्रों की भांति दिव्यांग बच्चों को शिक्षा व खेलकूद के अवसर प्रदान किए जाते हैं जिससे ऐसे बच्चे भी मुख्य धारा में जुड़ सके ` दिव्यांग छात्रों ने हर स्तर के खेल में उत्साह पूर्वक भागीदारी दिखाई जिसमे जूनियर स्तर पर 50 मीटर की दौड़ में बालक वर्ग के मेजा से सतीश तथा बालिका वर्ग में उरुवा लोहारी से खुशी को प्रथम स्थान मिला। द्वितीय स्थान अजीत तथा अनुज दोनों मेजा के छात्र ने ने जीत दर्ज की। चित्रकला और कुर्सी दौड़ में क्रमशः प्रिंसी तिवारी जूनियर हाई स्कूल नेवढ़िया मेजा की छात्रा ने प्रथम तथा भानु कंदवा मांडा ब्लॉक ने छात्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सुलेख प्रतियोगिता में सौरभ सिंह कंदवा मांडा के छात्र ने प्रथम स्थान आलिया मेजारोड की छात्रा द्वितीय स्थान पर रहे। प्राथमिक स्तर पर के 50 मीटर दौड़ में राहुल प्राथमिक विद्यालय मुड़पेला प्रथम स्थान हासिल किया तो मेजा के अनुज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# बालिकाओं के शिक्षित होने से देश आगे बढ़ेगा : संजय अवस्थी



कार्यक्रम को संबोधित करते संजय अवस्थी

**लालापुर।** बालिकाएं हमारे समाज की रीढ़ होती हैं अगर वह आगे बढ़ती हैं तो समाज आगे बढ़ता है इसलिए उनकी शिक्षा का उचित प्रबंध और प्रोत्साहन आवश्यक होता है। उपरोक्त बातें मुख्य आयकर आयुक्त संजय अवस्थी ने घूरपुर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। आजादी के अमृत महोत्सव के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में भारत सरकार के उपक्रम आयकर विभाग प्रयागराज, सीए एसोसिएशन व बार एसोसिएशन संयुक्त प्रयास से बालिकाओं के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु बेसिक शिक्षा विभाग इलाहाबाद के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय जसरा में शिक्षा अधिगम सामग्री डोनेट की गई ।जिसके अंतर्गत सिलाई मशीन, कंप्यूटर, वाईफाई राउटर, खाद्य सामग्री एवं ग्यारह हजार नकद का अंशदान दिया गया। इस कार्यक्रम में माननीय मुख्य आयकर आयुक्त संजय अवस्थी माननीय प्रधान आयुक्त शिखा दरबारी अध्यक्ष सीए एसोसिएशन राजेश पांडे वरिष्ठ अध्यक्ष बार एसोसिएशन अजीत धवन,निधि अग्रवाल अपर आयकर आयुक्त राय जी, संयुक्त अपर आयुक्त शालिनी आयकर आयुक्त अपील चौधरी जी सहायक निदेशक आयकर विभाग श्री हरकृष्ण तिवारी जी के उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा के निर्देशन में डीसी सामुदायिक सुनीता चौधरी एवं कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन मीना देवी के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसके अंतर्गत यूपीएस घूरपुर एवं कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आयकर आयुक्त ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में एआरपी जितेंद्र मिश्रा, प्रमोद कुमार मिश्रा, सतीश कुशवाहा, गिरीश चंद सिंह, महेंद्र कुमार सिंह, शिव भूषण सिंह, देवव्रत द्विवेदी, सरोज सिंह, एसपी सिंह, बबिता वर्मा, होरीलाल, अब्दुल कुद्दूस खान, उमेश द्विवेदी, नीरू सिंह, मुकेश सिंह, मयंक द्विवेदी, मयंक तिवारी, राजेश्वर मिश्रा, लक्ष्मी नारायण पांडे,सीमा सिंह,सुमन भटोनिया आदि लोग उपस्थित रहे।

# बिरसा मुंडा ने जनजातियों के हित के लिए किया था संघर्ष : राजमणि

**कार्यक्रम**

**राजकीय इंटर कालेज बैठकवा में मनाया गया जनजाति गौरव दिवस**



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक राजमणि कोल

**कोरांव।** बिरसा मुंडा ने आदिवासी एवम जनजाति समाज के लोगो के हितों के लिए बड़ा संघर्ष किया था और समाज के हित की लड़ाई लड़ते हुए शहीद हो गए उक्त बातें क्षेत्र के राजकीय इंटर कालेज बैठकवा में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा आयोजित जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम में लोगो को सम्बोधित करते हुए विधायक राजमणि कोल ने कही । विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आदिवासी समाज के लोगो के हित को लेकर काम किया जा रहा है ।वनवासी कल्याण आश्रम की तारीफ करते हुए विधायक ने कहा कि यह संगठन जनजनातियो के समाज के लोगो को जगाने का काम कर रही है ।आदिवासी समाज के लोगो को जागरूक होने की जरूरत है । ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल ने कहा कि बिरसा मुंडा जी आदिवासी समाज के लोगो के हित को लेकर आजीवन संघर्ष रत रहे ।कार्यक्रम को प्रमुख रूप से मनीराम शुक्ला शिवाकांत पांडेय भोला सिंह मुन्ना रविशंकर द्विवेदी संतरा देवी संजय सिंह सहित कई लोगो ने सम्बोधित किया। अध्यक्षता राम लाल केहरी संचालन तारा शंकर पांडेय ने किया । इस दौरान प्रमुख रुप से शंकर लाल, संतोष देवी, जमुना प्रसाद मिश्र, रामाश्रय शुक्ल, अनिल मिश्र, रामकृष्ण केशरी, कमलेश शुक्ल, मुरारी लाल कोल, राम बहादुर सिंह, अशोक सिंह, रामराज सिंह, उमाशंकर सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय, नगर पालिका परिषद मंझनपुर जनपद कौशाम्बी।

**ई-निविदा सूचना**

स्वायत्त निकाय पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के अन्तर्गत आने वाले किसी भी शासकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदार / फार्म को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्त आयोग मद में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष शासन / जिलाधिकारी महोदय, कौशाम्बी के अध्यक्षता वाली समिति द्वारा स्वीकृत कार्यों हेतु ऑनलाइन ई-निविदा निम्न कार्यक्रम के अनुसार आमंत्रित किया जाता है :-

| क्र0 | निविदा का विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा वेबसाइट पर निविदा आमंत्रित की तिथि/समय | 24.11.2022 | अपरान्ह 04.00 बजे से |
| 2. | ई-निविदा अपलोड किये जाने की प्रारम्भ तिथि/समय | 24.11.2022 | अपरान्ह 04.00 बजे से |
| 3. | ई-निविदा अपलोड किये जाने की अंतिम तिथि/समय | 01.12.2022 | अपरान्ह 03.00 बजे तक |
| 4. | ई-निविदा से सम्बंधित प्रपत्र जमा करने की तिथि/समय | 01.12.2022 | अपरान्ह 04.00 बजे तक |
| 5. | ई-निविदा तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि/समय | 01.12.2022 | अपरान्ह 04.30 बजे तक |
| 6. | ई-निविदा वित्तीय बिड खोले जाने की तिथि/समय | 01.12.2022 | अपरान्ह 05.00 बजे तक |

उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृ जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in तथा www.nppmanjhanpur.in से डाउनलोड कर अथवा नगर पालिका परिषद, मंझनपुर के कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

(ओमकार पटेल)
अवर अभियन्ता (सिविल)
न.पा.परि. मंझनपुर कौशाम्बी

(सुनील कुमार मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
न.पा.परि. मंझनपुर कौशाम्बी

(प्रखर उत्तम)
प्रशासक
न.पा.परि. मंझनपुर कौशाम्बी

संख्या 860/न०पा०परि०मं० / ई-निविदा / 2022 दिनांक-23 नवम्बर 2022

## कार्यालय जिला पंचायत, कौशाम्बी

**बालू मोरंग परिवहन शुल्क सम्बंधी - सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत अधिनियम, 1961 (यथा संशोधित) की धारा-142 एवं 143 के साथ पठित धारा-239 के अधीन दी गयी शक्ति का प्रयोग कर जिला पंचायत कौशाम्बी द्वारा जनपद कौशाम्बी के ग्रामीण क्षेत्र की नदियों या उनके तट से बालू, मोरंग, रेत या अन्य खनिज-गिट्टी, कोयला, बजरी, भस्सी, खारों से निकलने वाली मिट्टी को लेने एकत्रित करने तथा उसे जिले के बाहर व्यावसायिक उद्देश्य से परिवहन करने वाले शक्ति चालित वाहन या पशु चालित वाहन यथा ट्रैक्टर ट्राली, मिनी ट्रक, डम्फर, पशु गाड़ी या मानव चालित नौका को नियंत्रित एवं विनियमित करने हेतु बनायी गयी उपविधि मॉडल बाइलाज जो उत्तर प्रदेश के राजकीय गजट में दिनांक 12 नवम्बर 2022 ई0 (कार्तिक 21, 1944 शक संवत) को प्रकाशित है, के अनुसार-

**जिला पंचायत, कौशाम्बी द्वारा लिये जाने वाले शुल्क की दरें निम्न प्रकार होंगी :-**

1- पशुओं द्वारा खींचे जाने वाली गाड़ी - 25 रू0 प्रति फेरी
2- मानव चालित नाव - 50 रू0 प्रति फेरी
3- ट्रैक्टर ट्राली - 100 रू0 प्रति फेरी
4- ट्रक :-
(क) मिनी ट्रक (लाइट गुड्स विहिकिल्स) - 150 रू0 प्रति फेरी
(ख) ट्रक (लाइट गुड्स विहिकिल्स 6 चक्का) - 200 रू0 प्रति फेरी
(ग) भारी ट्रक (हैवी गुड्स विहिकिल्स 10 चक्का या अधिक) - 300 रू0 प्रति फेरी

(डॉ0 वीरेन्द्र बहादुर)
कार्याधिकारी
जिला पंचायत, कौशाम्बी।

(कमलेश सिंह)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, कौशाम्बी।

(कल्पना सोनकर)
अध्यक्ष
जिला पंचायत, कौशाम्बी।

पत्रांक: 2373(iv)/बालू मोरंग-शुल्क-जि0पं0कौ0/2022-23 दिनांक-23/11/2022



शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा तेजी से लगातार कराया जा रहा फागिंग कार्य

# प्रयागराज

## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 29.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.19 |
| सूर्यास्त : | 05.15 |

## शिवांश का यूपी अंडर-19 टीम में बुलावा

**प्रयागराज।** बिशप जानसन स्कूल एंड कॉलेज के 12वीं कक्षा के छात्र शिवांश यादव को बीसीसीआई द्वारा आयोजित कूच बिहार ट्रॉफी में झारखंड के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उत्तर प्रदेश की अंडर-19 टीम में शामिल होने के लिए बुलाया गया है। बिशप जानसन स्कूल के प्रधानाचार्य विशाल एन. सिंह के अनुसार तेलियरगंज निवासी अधिवक्ता अजीत कुमार यादव के पुत्र शिवांश ने अपना प्रारंभिक क्रिकेट प्रशिक्षण स्कूल के कोच सौरभ गुप्ता से लिया है एवं वर्तमान में वह केपी कॉलेज मैदान पर मो. आसिफ से प्रशिक्षण लेते हैं।

# मादक पदार्थों की तस्करी में 2 गिरफ्तार

**तस्करी**

**उड़ीसा से वाराणसी लेकर जा रहे थे गांजा, प्रयागराज में एसटीएफ ने दबोचा**

**गांजा पहुंचाने के लिए मिलते थे 20 हजार रुपए**

**प्रयागराज।** उड़ीसा से 56 किग्रा गांजा वाराणसी लेकर जा रहे अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को एसटीएफ ने प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। बरामद किये गए गांजे की कीमत करीब 14 लाख रुपए है। गिरफ्तार सदस्यों ने अपनी कार के अंदर विशेष प्रकार की कैविटी बनाई थी, जिसके अंदर गांजा को छिपाकर रखा था।

प्रयागराज एसटीएफ को जानकारी हुई कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो तस्कर कोरापुट उड़ीसा से अवैध मादक पदार्थों की खेज लेकर एसएक्स 4 कार से मध्य प्रदेश के रास्ते प्रयागराज से वाराणसी ले जाने वाले हैं। इस सूचना पर प्रयागराज एसटीएफ एक्टिव हो गया।जैसे ही तस्करों की कार आरबीएस महाविद्यालय मेजा माण्डा तिराहा से आगे कोरांव की तरफ बढ़ी एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह कार सुधीर सिंह पुत्र कमला प्रसाद जिला बक्सर बिहार की है। यह गांजा सुधीर सिंह ने ही वाराणसी में मंगवाया था। इस काम के लिए प्रति चक्कर इन्हें 20 हजार रुपए मिलते थे।

गिरफ्तार तस्करों में शम्भू कुमार यादव पुत्र वीरेंद्र सिंह यादव, बक्सर बिहार साहब सिंह पुत्र रमेश सिंह, बक्सर बिहार से हैं।



वाहन में मादक पदार्थों की खोजबीन करती एसटीएफ




मादक पदार्थों संग गिरफ्तार तस्कर

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शहर में

**प्रयागराज।** प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को प्रयागराज शहर में रहेंगे । मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अपरान्ह 01:50 बजे परेड ग्राउण्ड, प्रयागराज पहुंचेंगे ।तत्पश्चात अपरान्ह 02:00 बजे से अपरान्ह 03:30 बजे तक परेड ग्राउण्ड में प्रबुद्ध जन सम्मेलन एवं जनपद की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। अपरान्ह 03:30 बजे से अपरान्ह 03:45 बजे तक जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री अपरान्ह 04:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी सभागार में आगामी कुम्भ मेला एवं माघ मेला के सम्बंध में समीक्षा बैठक करेंगे। 06:25 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

## हेलमेट वितरण कर यातायात जागरूकता अभियान के प्रति किया जागरूक

**थरवई।** यातायात जागरूकता अभियान के क्रम में जनपद प्रयागराज में निरंतर लोगों को ट्रैफिक नियमों से सम्बंधित पुलिस प्रशासन द्वारा सार्वजानिक स्थानों पर व शिक्षण संस्थानों आदि स्थानों पर लगातार इस जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता फैलाई जा रही है। उसी क्रम प्रयागराज जनपद के थाना क्षेत्र थरवई में पुलिस टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं साथ ही वाहनों की सघनता के साथ चेकिंग के साथ हेलमेट लगाकर ही बाइक चलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा। मंगलवार को थरवई क्षेत्र के गोमती नंबर 40 पर इस अभियान के क्रम में हेलमेट वितरण का कार्यक्रम रखा गया। यह कार्यक्रम थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में व इसके आयोजक पूर्व प्रधान राजन तिवारी के सौजन्य से सम्पन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी फूलपुर मनोज कुमार सिंह द्वारा हेलमेट वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें उन्होंने अपने सम्बोधन सभी उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए कहा यह कार्यक्रम एक जागरूकता के क्रम में रखा गया है यातायात से सम्बंधित नियमों के बारे में बताया गया दो पहिया वाहनों को हेलमेट व चार पहिया वाहनों को शीट बेल्ट लगाकर ही ड्राइव करने के लिए प्रेरित किया गया एक बाइक पर तीन सवारी न चलें नशे में बिकुल ना चलाएं। अंत में बताया गया की यह जागरूकता अभियान का स्वयं पालन करें और दूसरों को भी जागरूक करें एक से दो और दो से तीन इसे तरह से जागरूकता बढ़ती जाती हैं कार्यक्रम के आयोजक पूर्व प्रधान द्वारा सभी को धन्यवाद दिया। क्षेत्राधिकारी द्वारा थरवई पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान को लेकर उनकी सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी एस एस आई राजीव कुमार श्रीवास्तव उपनिरीक्षकगण में सोहराब अहमद अखिलेश कुमार राहुल कुमार व रामेश्वर नाथ राय अमित कुमार तेज प्रकाश संतोष यादव साथ ही क्षेत्र के संभ्रांत लोगों में इन्दर लाल रोहित तिवारी मोहित तिवारी मंजीत सुमित आदि कई लोग यातायात जागरूकता अभियान कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## संक्षेप

### मेड़ काटने का विरोध करने पर फायरिंग एक घायल



**करछना।** थाना क्षेत्र के बबुरा गांव में बुधवार सुबह एक ही परिवार के दो लोगों के बीच खेत का मेड़ काटने को लेकर विवाद हो गया विरोध करने पर मारपीट व लाठी-डंडे चलने लगे इसी बीच एक पंक्ष ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली चला दी जिसमें विक्रम उर्फ जयसिंह पुत्र देवीदीन के हाथ में गोली लगने से जख्मी हो गया बताया जाता है कि घायल व्यक्ति घटना का अपने मोबाइल से वीडियो बना रहा था उसी बीच गोली लगने से हाथ का पंजा और मोबाइल उड़ गया गोली चलने की आवाज पर गांव में हड़कंप मच गया विवरण के अनुसार एक ही परिवार के बीच रंगनाथ यादव व व श्याम नारायण के बीच 10 वर्षों से खेत के मेड़ का विवाद चला आ रहा था कई बार मारपीट होने के बाद समझौते पर सहमति हो गई थी बुधवार को सुबह एक पक्ष द्वारा मेड़ काटने का विवाद फिर शुरू हुआ जिस पर गोली चलने से एक व्यक्ति घायल हो गया जिसको शहर के अस्पताल एस आर एन में भर्ती कराया गया है घटना की सूचना पर थाना प्रभारी करछना विश्वजीत सिंह मैं हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे आरोपी व्यक्ति को उसके घर में छुपा हुआ था जिसे लाइसेंसी बंदूक के साथ पकड़ कर हिरासत में ले लिया है तथा घटना में शामिल दोनों पक्षों के तरफ से कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर थाने पूछताछ कर रही है

### खेल कूद मैदान का किया गया भूमि पूजन



**होलागढ़।** विकास खंड होलागढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत कल्यानपुर के भोंदू वीर बाबा पर क्षेत्रीय विधायक एव बी डी ओ होलागढ़ ने मनरेगा योजना से तहत खेल कूद मैदान बनानें के लिए भूमि पूजन किया। होलागढ़ ब्लाक क्षेत्र के कल्याणपुर में भूमि पूजन का कार्य क्षेत्रिय विधायक गुरु प्रसाद मौर्या और बी डी ओ होलागढ़ ओमप्रकाश गुप्ता ने आचार्य जी के वैदिक मंत्रों द्वारा खेल मैदान के लिए भूमि पूजन किया गया क्षेत्रीय विधायक कहा कि यह खेल मैदान बनने से क्षेत्र के युवा जागरूक होंगे और क्षेत्र का नाम देश प्रदेश में रोशन करें इस कार्यक्रम में ए डी ओ बृजेंद्र मिश्रा ग्राम विकास अधिकारी रवि पांडेय ग्राम प्रधान अर्चना देवी रोजगार सेवक राजकिशोर मिश्रा अवधेश पटेल लव मिश्रा एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद थे

### दुकान में घुस कर छेड़खानी मार पीट व तोड़फोड़ हजारों रूपयों की चोरी, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया सारी निवासनीय एक महिला का आरोप है कि वह अपने किराने की दुकान में बहू के साथ बैठी थी। आरोप है कि तभी कतिपय लोग आए और सामान खरीदने के बहाने बहू सहित अन्य महिलाओं के साथ आश्लील हरकतें करने लगे । विरोध पर सीसी कैमरा तोड कर दुकान में बिक्री का पैंतीस हजार रुपए और तीन मोबाइल चोरी कर लिए। विरोध पर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी भी दिए। महिला ने 112 नम्बर पर पुलिस को बुला ली तो शरारती तत्व भाग गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेज कर महिला की तहरीर पर ग्राम कल्याणपुर (दमोदरपुर) निवासी रमेश कुमार ,विवेक कुमार ,संदीप कुमार , सुरेंद्र कुमार तथा एक अज्ञात के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दी है ।उधर ग्राम वली का पूरा कल्याणपुर निवासी राजेश यादव पुत्र गामा यादव का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस कर मारा पीटा गया। राजेश यादव ने गांव के लल्लू राम और उनके पुत्र आकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**बारा।** घूरपुर थाना क्षेत्र के बादलगंज के समीप एक अधेड़ महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि महिला ने आत्महत्या की है। राहगीरों की सूचना पर मुकामी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान करवाने की कोशिश की,लेकिन सफलता नहीं मिली। काफी प्रयास के बाद घूरपुर पुलिस ने शव को अज्ञात में दर्ज कर चीरघर भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो बुधवार की दोपहर एक महिला रेलवे ट्रैक के आसपास टहल रही थी। इसी दौरान उसने एक ट्रेन के सामने छलांग लगा दी और उसके चीथड़े उड़ गए।

### माण्डा थाना में मना झण्डा दिवस



**माण्डा।** मांडा थाना में 23 नवंबर को थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गौतम ने झण्डा रोहण कर झण्डा दिवस मनाया। थानाध्यक्ष ने स्त्रि४स्त्र के संदेश को बताया व पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर निरीक्षक सुभाष यादव, चौकी प्रभारी भारतगंज दुर्गेश सिंह,वरिष्ठ उपनिरीक्षक राम केवल यादव, उपनिरीक्षक रामायण सिंह, उपनिरीक्षक अरुण शुक्ला, उपनिरीक्षक शरद सिंह व सभी पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहें।

## अवैध प्लाटिंग पर पीडीए की कार्यवाही

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने बुधवार को दो अवैध प्लाटों के खिलाफ कार्यवाही की अजय कुमार संयुक्त सचिव जोनल अधिकारी के नेतृत्व में जोन संख्या-05 क्षेत्र के अन्तर्गत कुल 02 अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध कार्यवाही की गयी इमरान व अन्य द्वारा स्थल मौजा अन्दाचा झूसी, प्रयागराज में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में की गयी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया। जावेद अहमद खान एवं रजनीश तिवारी व अन्य द्वारा स्थल भागीपुर सरायइनायत, प्रयागराज में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल से की गयी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया। इसके अतिरिक्त जोनल अधिकारी जोन संख्या-3 उपजोन-3ई व 3डी प्रयागराज के अन्तर्गत सतेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र स्व० उमाशंकर शर्मा द्वारा स्थल तुलाराम बाग, आनन्द अग्रवाल द्वारा स्थल रामबाग प्रयागराज रेनू शर्मा द्वारा स्थल राज डेन्टल क्लीनिक के पास पुरानी जी.टी. रोड एवं श्री कमल गुलाटी द्वारा स्थल झकार सिनेमा के सामने पुरानी जी. टी. रोड बाई का बाग, प्रयागराज में किये जा रहे अवैध निर्माण को सील किया गया।

उपर्युक्त कार्यवाही में जोनल अधिकारी के अतिरिक्त अवर अभियंता बी०एन० सिंह, आर०सी० श्रीवास्तव, एवं पी०डी०ए० प्रवर्तन टीम आदि शामिल रहें।

# राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार कार्यों की लगाई गई प्रदर्शनी

**प्रदर्शनी**

**प्रदर्शनी में परिचालन विभाग द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की आकर्षक प्रस्तुति की गई**

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे में राजभाषा के प्रयोगझ्प्रसार में बहुआयामी प्रगति के उद्देश्य से महाप्रबंधक सतीश कुमार के निदेशानुसार उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय में परिचालन विभाग में किए जा रहे राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में परिचालन विभाग द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की आकर्षक प्रस्तुति की गई। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक शशि कांत सिंह ने मंगल दीप प्रज्ज्वलित कर इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण से संबंधित मदों के अनुसार परिचालन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी शशिकांत सिंह ने कहा कि सरकार की राजभाषा नीति और संसदीय राजभाषा समिति के निदेशों के अनुपालन हेतु हमें राजभाषा कार्यान्वयन की सभी मदों में लक्ष्य के अनुसार राजभाषा हिंदी के प्रयोग के लिए पूरी तरह से सचेष्ट रहना चाहिए। उत्तर मध्य रेलवे में राजभाषा प्रगति के लिए उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं और इस दिशा में आगे बढ़ते हुए हिंदी के शत-प्रतिशत प्रयोग की उपलब्धि को प्राप्त करना है। श्री सिंह ने परिचालन विभाग द्वारा किए जा रहे राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ट प्रयोग-प्रसार की सराहना की तथा परिचालन विभाग को रु. 11000/- के समूह पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक बिप्लव कुमार, मुख्य मालभाडा यातायात प्रबंधक डी. के. वर्मा, मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक एस. पी. वर्मा, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी/वित्त और बजट शैलेन्द्र कुमार सिंह, उप मुख्य परिचालन प्रबंधक प्रबंधक/गुड्स श्री श्रीकृष्ण शुक्ला तथा उप मुख्य परिचालन प्रबंधक प्रबंधक/कोचिंग गिरीश कंचन सहित परिचालन विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते उमरे के अधिकारी

# बच्चों के खेल ग्राउंड समेत सार्वजनिक मार्ग पर भी पीएसी का पहरा!


**नैनी, प्रयागराज।** बच्चों के सभी खेल ग्राउंड पर कब्जा करने के बाद 42 वी वाहिनी पीएसी के अधिकारियों ने श्रमिक बस्ती, नैनी के प्रमुख सार्वजनिक मार्ग पर भी पहरा लगा दिया है। बुधवार सवेरे इस मार्ग पर लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई । श्रमिक बस्ती मानस पार्क चौराहे से हनुमान मंदिर की ओर जाने वाले मुख्य सार्वजनिक मार्ग पर आम जनता के वाहनों को रोकने के साथ ही पैदल आने जाने वाले लोगों को भी नहीं जाने दिया गया । इससे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ।

श्रमिक कल्याण समिति के सचिव विनय मिश्र ने पीएसी के अधिकारियों की इस कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा है कि श्रमिक बस्ती का निर्माण नैनी के मजदूरों के लिए किया गया था । यहां के मजदूरों के बच्चों के लिए कई खेल ग्राउंड बनाए गए थे । कॉलोनी के 300 कमरों और बच्चों के सभी खेल ग्राउंड पर पीएसी ने पहले ही कब्जा कर लिया है। अब इसके बाद लोगों के आने जाने वाले मुख्य सार्वजनिक मार्ग पर भी पीएसी द्वारा रास्ता रोककर अतिक्रमण किया जा रहा है।

विनय मिश्र ने जिलाधिकारी प्रयागराज से मांग की है कि राजकीय श्रम हितकारी केंद्र से पीएसी का कब्जा हटाया जाए और लोगों के आने जाने वाले सार्वजनिक मार्ग को बंद न किया जाए। श्रमिक बस्ती के निवासियों को उनके आवासों का मालिकाना हक देने, श्रमिक बस्ती से पीएसी को हटाने की मांग को लेकर आगामी 4 दिसंबर को श्रमिक बस्ती में बस्ती के निवासियों की सभा होगी । जिसमें अग्रिम कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा । समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा है कि श्रमिक बस्ती स्थित राजकीय श्रम हितकारी केंद्र का निर्माण मजदूरों के हितों के संरक्षण के लिए किया गया था। सरकार द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से बनाए गए इस केंद्र में बच्चों के दर्जनों झूले, व्यामशाला उपकरण, सिलाई-कढ़ाई मशीनें, पुस्तकालय-वाचनालय, अस्पताल व खेल के सामान आदि उपलब्ध थे। पिछले कई महीनों से पीएसी ने इस केंद्र पर कब्जा कर लिया है।

करोड़ों रुपए के कीमती सामान केंद्र से कहां गायब हो गए ? इसका कोई पता नहीं चल पा रहा है । श्रमिक कल्याण समिति के सचिव विनय मिश्र ने राजकीय श्रम हितकारी केंद्र से गायब हो गए सामानों के बारे में उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए केंद्र से पीएसी का अवैध कब्जा तत्काल हटाए जाने की मांग की है ।

श्री मिश्र ने कहा है कि घनी नागरिक आबादी के बीच में पीएसी के रहने से स्थानीय जनता और पीएसी वालों के बीच आए दिन टकराव होता रहता है । सरकार ने यदि संबंध में कार्यवाही नहीं की तो आगे चलकर गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है । पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्री हेमवती नंदन बहुगुणा जी ने पीएसी को श्रमिक बस्ती से हटाए जाने के लिए श्रम विभाग के अधिकारियों को आदेश भी दिया था । लेकिन इस आदेश पर कोई कार्यवाही नहीं हुई । पीएसी को हटाने के लिए लोग यहां आंदोलन भी कर रहे हैं। समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा है कि पीएसी वाहिनी को सुदूर ऐसे स्थान पर स्थापित किया जाए । जहां पर्याप्त स्थान हो । श्रमिक बस्ती में रहने के कारण इनके पास आए दिन जगह की कमी होती रहेगी और ये लोगों के सार्वजनिक पार्कों, मकानों पर कब्जा करने का प्रयास करते रहेंगे।



## उरुवा की समितियों में नहीं है डीएपी खाद, किसान परेशान

**उरुवा।** साधन सहकारी समितियों में डीएपी खाद न होने से आलू और गेंहू की बुवाई करने वाले किसानों को प्राइवेट खाद दुकानों से खाद लेना पड़ रहा है। ऐसे में किसानों को प्राइवेट दुकानों पर ज्यादा पैसा देकर खरीदने के कारण जेब पर ज्यादा बोझ पड़ रहा है। उरुवा विकास खंड क्षेत्र के अनेक साधन सहकारी समिति में इन दिनों डीएपी खाद नहीं है। जिसके कारण समिति के सचिव ताला बंद कर घर पर हैं। रामनगर साधन सहकारी समिति के सचिव कृष्ण सेवक चतुवेर्दी से बात करने की कोशिश की गई लेकिन फोन बंद मिला। वहीं साधन सहकारी समिति समोगरा के सचिव जय कुमार तिवारी ने बताया कि डीएपी एक-दो दिन में आ जाएगी। उरुवा के अन्य समितियों में भी डीएपी खाद की कमी है,जिस कारण किसानों को प्राइवेट दुकानों पर खाद के लिए भटकना पड़ रहा है।

## विद्या भारती पब्लिक स्कूल की भारी जीत

**प्रयागराज।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल ने विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल बी को उसी के मैदान पर 165 रन से हराकर वीबीपीएस ट्रॉफी अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। बुधवार को खेले गये मैच में विभा भारती पब्लिक स्कूल ने 30 ओवर में 252 रन (छोटू सिंह 71, अभिषेक कुशवाहा 53, देवा 37, आलोक कनौजिया 21, कृष्णा श्रीवास्तव 3/33, आदेश शर्मा 3/41, शिवम यादव 2/34) बनाकर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल बी को 20.4 ओवर में 87 रन (आदेश शर्मा 15, सूरज द्विवेदी 13, साहिल सिंह 3/17, देवा 2/19) पर समेट दिया।



## करनाईपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में विकास खंड स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**बहरिया।** उच्च प्राथमिक विद्यालय करनाईपुर में ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा ने दीप प्रज्वलित करके एवं सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में विकासखंड के कई विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने पीटी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शशिकांत यादव रहे। खंड शिक्षा अधिकारी बहरिया धर्मेंद्र कुमार मौर्य ने कहा। कि ब्लाक बहरिया के अंतर्गत सभी विद्यालयों को मिलाकर करीब 28804 बच्चों का पंजीकरण हुआ है। जिसमें 27000 बच्चों के अभिभावकों के खाते में कापी किताबें के लिए 1200 रुपए की धनराशि भेजी जा चुकी है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं का लाभ बच्चों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर निपुण एवं योग्य बनाया जा सके। कार्यक्रम का संचालन दीप नारायण यादव नें किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रवीण कुमार तिवारी स्वतंत्र, संगीता सिंह, ग्राम प्रधान करनाईपुर वीरेंद्र प्रताप सिंह,रामपूजन पटेल, अजीत तिवारी, प्रियांशु तिवारी, रवि दूवे, सुभाष पटेल, सुनील कुमार धुरिया, क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहम्मद शकील के अलावा सभी विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

# एक्यूप्रेशर विधा प्राकृतिक चिकित्सा का एक अभिन्न अंग : न्यायमूर्ति

**प्रयागराज।** एक्यूप्रेशर शोध प्रशिक्षण एवं उपचार संस्थान, प्रयागराज के २४वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन बुधवार को राज्य मन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र "दयालु" आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एम.ओ.एस.) उत्तर प्रदेश सरकार ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति राजेश कुमार जी उपस्थित रहे उन्होंने अपने उद्‌बोधन में यह स्वीकार किया कि एक्यूप्रेशर विधा प्राकृतिक चिकित्सा का एक अभिन्न अंग है तथा जनहित में इसके व्यापक प्रसार की आवश्यकता है। न्यायमूर्ति महोदय ने मंत्री जी की इसी स्वीकृति को प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित करते हुए विधा को मान्यता देने तथा इसके व्यापक उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया। संस्थान के अध्यक्ष जे.पी. अग्रवाल ने जटिल एवं असाध्य रोगों में एक्यूप्रेशर की कारगरता को उदाहरण के साथ प्रस्तुत करते हुए इसके सरकारी स्तर पर जनहित में व्यापक प्रसार की आवश्यकता को स्वीकार करने तथा इसे राज्य सरकार द्वारा विभिन्न स्तर पर कार्यान्वित करने पर बल दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा संस्थान के तीन वरिष्ठतम पदाधिकारी सर्व के.सी. गोयल, एस.एस. सराफ एवं एस.पी. सिंह को जनसेवा के प्रति उनके समर्पण एवं कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रतीक बनने के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर राम कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को संकल्प दिलाया। संस्थान के शोध जर्नल 'त्रिपथगा', सिंगल प्वाइंट-११ एवं 'दो बिन्दु से उपचार', जो कि प्रभात वर्मा द्वारा संकलित है, का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के निदेशक

ए.के. द्विवेदी एवं धन्यवाद ज्ञापन परिसर के प्राचार्य ए.पी. सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. आञ्जनेय शुक्ल, एस.के. गोयल (राष्ट्रीय समन्वयक), ए.के. शुक्ल, एम.बी. त्रिपाठी, एस.एन. दुबे, एस.पी. केसरवानी, एम.एम. कूल, मुरारी लाल अग्रवाल, अशोक देवड़ा, विशाल जायसवाल, राजेश श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, आलोक कमलिया, सुनील मिश्रा, अभय त्रिपाठी, अनिल सिंह (सूरत), विशाल श्रीवास्तव, करन केसरवानी, पीयूष, गोविन्द, संदीप दुबे, अर्चना त्रिवेदी, सुषमा ओझा, नैना सिंह तथा बड़ी संख्या में जनपद के विशिष्ट अतिथिगण तथा देश-विदेश से आये हुए प्रतिभागीगण उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति राजेश कुमार

## संक्षेप

### अज्ञात बाइक सवार ने वृद्ध को मारी टक्कर, घायल

**दारानगर, कौशाम्बी।** कड़ाधाम कोतवाली अंतर्गत रसीदमई पुलिया के पास मंगलवार देर शाम को तेज रफ्तार बाइक सवार ने वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में वृद्ध गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं बाइक सवार मौका देख फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने जख्मी वृद्ध को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे गंभीर दशा में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कड़ा के अफजलपुर सातो गांव के जगेशर पुत्र बाबूलाल की दिमागी हालत ठीक नहीं है वह गांव.गांव घूमकर भिक्षा करके अपना भरण पोषण करता है। मंगलवार की देर रात रसीदमई पुलिया के पास से गुजर रहा था इसी दौरान उसे एक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में जगेशर गंभीर रूप से जख्मी हो गया वहीं बाइक सवार मौका देख फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने जख्मी वृद्ध को इलाज के लिए सीएचसी कड़ा में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# केपीएस फिएस्टा एनुअल स्पोर्ट्स मीट की विजेता बना केपीएस भरवारी

**कार्यक्रम**

**केपीएस फिएस्टा रु 4 एनुअल स्पोर्ट्स मीट के तीसरे दिन हुआ रंगारंग कार्यक्रम**



विजेता को पुरस्कृत करते विद्यालय के चेयरमैन



रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

कौशाम्बी। भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में चल रहे एनुअल स्पोर्ट्स मीट के तीसरे दिन बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभी कालेजों के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्री प्राइमरी भीटी के बच्चों ने ओम साईं राम ग्रुप डांस के माध्यम से माता.पिता और बच्चों के स्नेहिल संबंधों को दशार्ने का प्रयास किया। वहीं किड्जी के नन्हे नन्हे बच्चों ने बेटी और पिता के भावपूर्ण संबंधों को मंच के माध्यम से प्रदर्शित किया। वही केपीएस भरवारी के बच्चों ने राजस्थानी संस्कृति को मंच के माध्यम से दशार्ने की कोशिश किया। एंडी जूनियर हाई स्कूल के छात्र छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति को मंच के माध्यम से दिखाया। कार्यक्रम में कृष्णा श्लोक, इंक्रेडिबल इंडिया, लोरी डांस एडांडिया विद गरबा, फनी डांस, हॉरर एक्ट, पैट्रियोटिक स्किट, एक जिंदड़ी मोटिवेशनल डांस, झांसी की रानी, मुकाबला डांस, स्टॉप चाइल्ड लेबर, एसिड अटैक, कृष्णा राधा होली जैसे कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। संस्थान के चेयरमैन पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने सभी अभिभावकों का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया और अपने संबोधन में रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के बैनर तले अपने सभी कॉलेजों के बारे में चर्चा किया। कहा कि भविष्य में कौशांबी के बच्चों के लिए यूनिवर्सिटी स्थापित कराया जाएगा। कहा कि संस्थान के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास करना हमारा परम कर्तव्य और लक्ष्य है जिसे मैं पूर्ण करने की पूरी कोशिश करूंगा। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर जिला अधिकारी सुजीत कुमार, एसपी बृजेश श्रीवास्तव, मा. एडीजे कुणाल और विधिक अधिकारी आभा ,योगेश मौर्या, आदि उपस्थित रहे। डीएम सुजीत कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल आज जिले का शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर है और अपने निरंतर शैक्षणिक उत्तरोत्तर वृद्धि में यह सतत क्रियाशील विद्यालय है वही पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह विद्यालय कौशांबी जिले के छात्रों के लिए वरदान स्वरुप है और संजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में यह विद्यालय निश्चित तौर पर प्रगति के उत्तरोत्तर वृद्धि की ओर अग्रसर है वही डीजे कुणाल जी ने भी विद्यालय के बच्चों के कार्यक्रम को देखते हुए उनकी भूरी भूरी प्रशंसा किया। विधिक अधिकारी आभा ने भी संस्थान के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता और उनकी पूरी टीम के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना किया और अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज और देश का विकास हो सकता है साथ ही किडजी केपीएस फाउंडर देव बाबू का केक काट कर जन्मदिन भी मनाया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार रिद्धि सिद्धि कॉलेज आफ हायर एजुकेशन के डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्रा, जिन्होंने कार्यक्रम का संचालन भी किया। साथ में केपीएस प्रिंसिपल रत्नाकर शर्मा केपीएस भीटी प्रिंसिपल प्रकाश, ए एन डी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज प्रिंसिपल दीपक मिश्रा, किडजी प्रिंसिपल शिवांगी केसरवानी, के साथ ही साथ संस्थान के सभी कॉलेजों के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं खेलकूद के कोच एवं अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

# खड़ी कंटेनर से भिड़ी कार, चालक समेत दो घायल



हादसे के बाद घटनास्थल पर खड़ी कार व कंटेनर

**सिराथू, कौशाम्बी।** कानपुर की तरफ प्रयागराज की ओर जा रही तेज रफ्तार कार सैनी के केसरिया गांव के समीप खड़ी कंटेनर से भिड गई। हादसे में चालक समेत दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए स्थनीय अस्पताल में भर्ती कराकर हादसे की जानकारी परिवारीजनों को दे दिया था।

घटना का जिक्र करें तो लखनऊ के इंदिरा नगर निवासी पियूष पुत्र श्यामनारायण व भानु प्रताप पुत्र अखिलेश प्रताप दोनों लोग कार में सवार होकर किसी काम से प्रयागराज की ओर जा रहे थे। जैसे ही इनकी कार सैनी कोतवाली के केसरिया गांव के समीप पहुंची कि चालक अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे खड़ी कंटेनर से टकरा गई। हादसे में दोनों लोगों को गंभीर चोट आई। हादसा देख आसपास मौजूद रहे लोगों ने आनन फानन घटना की सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को कार से निकलवाकर स्थानीय अस्पताल में भर्ती करा हादसे की जानकारी घायलों के परिजनों को जरिए दूरभाष दे दिया था।

## बाइक एजेंसी के संचालक के खिलाफ केस दर्ज

**कौशाम्बी।** कस्बे के गांधी नगर मोहल्ले के एक युवक ने दो महीने पहले कस्बे की एक एजेंसी से स्कूटी खरीदी थी। ऑनलाइन रुपये देने के बाद स्कूटी ली थी। बाइक लेने के बाद युवक ने अभिलेख मांगे तो संचालक व उसके साथी ने इनकार कर दिया। मंगलवार को पीड़ित ने थाने में मामले की शिकायत की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एजेंसी संचालक समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांधी नगर मोहल्ला निवासी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि सितंबर 2018 में ऑनलाइन रुपये देकर उसने स्थानीय एक बाइक एजेंसी से स्कूटी खरीदी थी। 61 हजार रुपये ऑनलाइन भुगतान होने के बाद उसे स्कूटी तो दे दी गई लेकिन बाइक के अभिलेख नहीं दिए गए। कागजात के लिए वह महीने भर एजेंसी का चक्कर काटता रहा। इसके बाद भी उसकी एक नहीं सुनी गई। दोबारा वह स्कूटी के कागज मांगने पहुंचा तो उसके साथ अभद्रता की गई। मंगलवार को मंझनपुर कोतवाली में पीड़ित ने मामले की शिकायत की। पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित एजेंसी संचालक शेखर जायसवाल व अतहर अली निवासी अलीपुरजीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज लिया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# हर माह की 15 तारीख को मनेगा निक्षय दिवस

**कौशाम्बी।** देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से नित नए कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में अब निर्णय लिया गया है कि टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान, गुणवत्तापूर्ण इलाज और योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर माह की 15 तारीख को प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों पर निक्षय दिवस मनाया जाएगा। किसी भी महीने में 15 तारीख को अवकाश की स्थिति में निक्षय दिवस अगले कार्य दिवस पर मनाया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन.उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने इस बारे में प्रदेश के सभी जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र जारी किया है। इसके माध्यम से उन्होंने अवगत कराया है कि टीबी एक प्रमुख सामाजिक समस्या है । भारत विश्व के 20 फीसद रोगियों के साथ सबसे अधिक टीबी ग्रसित व्यक्तियों का देश है। प्रदेश में क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 5.5 लाख अधिसूचना का लक्ष्य केंद्र सरकार द्वारा तय किया गया है । इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ही प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों पर सामूहिक प्रयास की जरूरत है। सेंट्रल टीबी डिविजन के निर्देशों के अनुक्रम में क्षय रोगियों के पूर्ण स्वस्थ होने के लिए गुणवत्तापूर्ण सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रदेश के समस्त जनपदों में हर माह की 15 तारीख को सभी जनपद एवं ब्लाक स्तरीय पीएचसी और आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर निक्षय दिवस मनाया जाएगा। निक्षय दिवस से पहले आशा कार्यकर्ता गृह भ्रमण कर टीबी के बारे में और दिवस के आयोजन के बारे में समुदाय को जागरूक करेंगी। स्वास्थ्य इकाइयों पर एलईडी के जरिये टीबी के बारे में जागरूकता सम्बन्धी फिल्म भी प्रसारित की जाएगी। निक्षय दिवस की उपलब्धियों को सोशल मीडिया पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। आशा कार्यकर्ता संभावित टीबी मरीजों की सूची तैयार कर उन्हें हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तक लाने का कार्य करेंगी । कम्युनिटी हेल्थ आफिसर ;सीएचओ द्वारा मरीजों की प्रारम्भिक जांच उपलब्धता के आधार पर एचआईवी, डायबिटीज और अन्य जांच सुनिश्चित की जायेगी । इसके अलावा बलगम का नमूना लिया जायेगा और उसे निक्षय पोर्टल पर प्रिजमिटिव आईडी बनाते हुए नजदीकी टीबी जांच केंद्र पर भेजा जाएगा । निक्षय दिवस पर ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या के सापेक्ष 10 प्रतिशत मरीजों की बलगम जांच सुनिश्चित की जायेगी। सीएचओ और आशा द्वारा निक्षय दिवस पर मिलने वाली सुविधाओं का प्रचार.प्रसार भी किया जाएगा । सीएचओ जाँच में टीबी की पुष्टि वाले मरीजों के परिवार के अन्य सदस्यों की भी टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करेंगे। आशा कार्यकर्ता निक्षय दिवस पर टीबी मरीजों के बैंक खाते का विवरण आशा संगिनी को मुहैया कराएंगी और आशा संगिनी सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर ;एसटीएस को निक्षय पोर्टल पर दर्ज कराने को देंगी। इस दिवस पर प्राइवेट प्रैक्टिशनर को टीबी नोटिफिकेशन, कांटेक्ट ट्रेसिंग और फालोअप के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## आरोप : खड़ी फसल जुतवा दिया भट्ठा मालिक

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली अंतर्गत मोहम्मद पुर निवासी एक व्यक्ति ने अफसरों को दिए गए तहरीर बताया है कि उसकी आराजी सं. 37 जो मौजा मोहम्मदपुर में स्थित है। उक्त खेत में इन दिनों सरसों की फसल लगाई गई है। जिसे दबंग ने जेसीबी से जुतवा दिया। शिकायतकर्ता किसान रामबाबू पुत्र भरत ने एसडीएम चायल को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि उसने अपने एक बीघा खेत में सरसों की फसल लगा रखी है जिसमें मनौरी निवासी राजू केसरवानी जेसीबी चलवा दिया और सरसों के खेत से मिट्टी निकलवा डाला। पीड़ित किसान ने एसडीएम चायल से न्याय की गुहार लगाई है। हालांकि यह तो रही पीड़ित किसान की बात लेकिन सवाल इस बात का उठ रहा है कि आखिर क्या जुताई बुवाई के अलावा उगी फसल में भी जेसीबी चलाया जा सकता है, लेकिन यदि किसान के खेत में उगी फसल को बर्बाद किया गया तो कहीं न कहीं इसकी जांच होना लाजमी है। हालांकि एसडीएम चायल ने शिकायतकर्ता को जांच कराकर कार्यवाही कराए जाने का आश्वासन दिया है।

# इलाहाबाद-झॉसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियॉ आलेख्य रूप में प्रकाशित

**निर्वाचक नामावलियॉ जनसाधारण के निरीक्षण के लिए उपलब्ध**

**दावे,आपत्तियॉ नौ दिसम्बर के पूर्व दाखिल किये जा सकतें हैं**

**कौशाम्बी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार इलाहाबाद.झॉसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियम.1960 के अनुसार आलेख्य प्रकाशन के लिए अन्तिम रूप तैयार कर ली गयी है। उन्होने बताया है कि इलाहाबाद.झॉसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियॉ 23 नवंबर से कार्यालय समय उनके कार्यालय में, जिला निर्वाचन कार्यालय एवं समस्त नामित पदाभिहीत अधिकारी तथा प्रथम अनुसूची में निर्दिष्ट अधिकारियों के कार्यालय में यथाविधि आलेख्य रूप में प्रकाशित कर दी गयी है, इन स्थानों पर निर्वाचक नामावलियॉ जनसाधारण के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी।

अपर जिलाधिकारी ने बताया है कि निर्वाचक नामावली में तैयार किये जाने की अर्हता तिथि 01.11.2022 है, यदि नामावली में किसी नाम के सम्मिलित किये जाने के लिए कोई आपत्ति हो या कोई नाम सम्मिलित किये जाने के लिए आवेदन किया जाना है तो वे दिनांक 09 दिसम्बर 2022 के पूर्व नियत प्रारूप में दाखिल किए जा सकतें हैं।

## छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के हिसामपुर माढ़ो निवासी सईद अहमद ने बताया कि साल भर पहले उसने बेटी की शादी फतेहपुर के केवटमई खखरेरू में इरशाद के साथ की थी। निकाह के कुछ दिन बीतने के बाद से ही ससुराल के लोग विवाहिता को प्रताड़ित करते हुए दहेज की मांग करने लगे। मायके से दो लाख रुपये नहीं लाने पर पखवाड़ा भर पहले ससुरालवालों ने विवाहिता ने पीटते हुए घर से निकाल दिया। मायके पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई तो परिवार के लोग अवाक रह गए। दोनों परिवार के बीच बिरादरी की पंचायत भी हुई लेकिन ससुरालवालों साथ रखने के लिए राजी नहीं हुई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित शौहर इरशादए सास असगरी बेगम, ससुर इस्लामुद्दीन, देवर फैजान समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# व्यापार मंडल के साथ पुलिस कार्यालय में हुई गोष्ठी



व्यापार मंडल के साथ बैठक करते एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव

**कौशाम्बी।** पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में शान्ति, सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बुधवार को एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जिले के व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ गोष्ठी किया। इतना ही नहीं उनकी समस्याओं को सुना। जिसमे निस्तारण के लिए पूरा भरोसा दिलाया।

बता दें कि बुधवार को पुलिस कार्यालय में व्यापार मंडल के पदाधिकरियों ने वरिष्ठ पदाधिकारी रमेश चंद्र अग्रहरि की अगुवाई में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक किया। इस दौरान व्यापारियों ने एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखा। वहीं एसपी ने व्यापारियों को आश्वास्त कराया कि पुलिस द्वारा न तो व्यापारियों का उत्पीड़न किया जाएगा न ही उनकी सुरक्षा के प्रति अनदेखी की जाएगी। एसपी ने कहा कि समूचे जिले कीं पुलिस व्यापारियों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह से अलर्ट रहेगी वहीं व्यापारियों की समस्याओं का भी गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराया जाएगा। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह के अलावा जिले के तमाम व्यापारी व व्यापार मंडल के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा निवासी राकेश कुमार बुधवार सुबह किसी काम से मंझनपुर जा रहा था। टेवां गांव के समीप पीछे से आई बस ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद चालक बस सहित मौके से फरार हो गया।

# आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निस्ताराण की सीडीओ ने किया समीक्षा



अधिकारियों के साथ बैठक करते सीडीओ

**कौशाम्बी।** विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा बुधवार को आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों के निस्ताराण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि प्रतिदिर्न अइाजीआरएस पोर्टल की जॉचकर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत अवश्य सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने.अपने मोबाइल में प्ले स्टोर से आईजीआरए एप डाउनलोड कर शिकायतों का जॉचकर निस्तारण करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि अपने.अपने कार्यालय में 10 से 12 बजे तक फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निस्तारण आख्या के साथ ही साक्ष्य भी अवश्य अपलोड करने तथा दिनांक 24 नवम्बर तक सभी डिफाल्टर शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं ई.डी.एम कीर्त कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### कोखराज में मनाया गया पुलिस झंडा दिवस

**कौशाम्बी।** पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर थाना कोखराज में थानाध्यक्ष तेज बहादुर सिंह ने पुलिस झंडा ध्वजारोहण कर पुलिस संदेश को पढ़कर सभी को सुनाया। इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को प्रतीक चिन्ह लगाकर शुभकामनाएं दी । थानाध्यक्ष ने सभी अधीनस्थो को संवेदनशीलता के साथ जनता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की केवल अपराधों पर काबू पाना या अपराधियों को पकड़ने का ही काम पुलिस का नही है बल्कि सामाजिक कार्यों में भी हिस्सा लेना चाहिए। इस दौरान उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को सेवाए समर्पण और सत्यनिष्ठा का संकल्प दिलाया।

## रंगदारी नहीं देने पर दी जान से मारने की धमकी

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के सरसवां गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस लाइंस के समीप एक भूखंड खरीदा था। जमीन क्रय करने के बाद वह जमीन पर मिट्टी डलवा रहा था। मंगलवार की शाम मिट्टी डलवाने से रोकते हुए दबंगों ने दो लाख की रंगदारी मांगी। रंगदारी देने से इनकार करने पर आरोपितों ने युवक को जान से मारने की धमकी दी। देर शाम पीड़ित के मां की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सरसवां गांव की भोला रानी पत्नी द्वारिका प्रसाद ने बताया कि गौसपुर टिकरी गांव के समीप उसके जमीन खरीदी थी। मंगलवार को उसका बेटा छोटू जमीन पर मिट्टी डलवा रहा था। इसी दौरान विजय बहादुर नाम का युवक साथियों के साथ पहुंच और मिट्टी डालने से रोकते हुए दो लाख रुपये की रंगदारी मांगी। युवक ने रुपये देने इनकार किया। इसपर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। देर शाम मंझनपुर पुलिस ने पीड़ित युवक के मां की तहरीर पर आरोपित विजय बहादुर समेत चार अन्य के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**सिराथू,कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली अंतर्गत सिराथू पावर हाउस के समीप रेलवे लाइन पर बुधवार को लोगों ने एक शव पडा देखा। आनन फानन लोगों ने इसकी सूचना जीआरपी सहित कोतवाली पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि सिराथू रेलवे ट्रैक पर बुधवार को राहगीरों ने एक शव पड़ा देखा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे सिराथू चौकी इंचार्ज चंदन सिंह ने शव की शिनाख्त के लिए काफी प्रयास किया लेकिन युवक कौन है और उसके साथ क्या हादसा हुआ है इसका रहस्य बरकरार रहा। खबर के बाबत चौकी इंचार्ज चंदन सिंह ने बताया कि युवक की उम्र तकरीबन 20 वर्ष आंकी गई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक कौन है और उसके साथ क्या हुआ है इसका रहस्य खंगालने के लिए पुलिस जुट गई थी।

# जनमानस की शिकायतों में अनदेखी न करें थानाध्यक्ष : एसपी



जनता की शिकायत सुनते एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव

**कौशाम्बी।** पुलिस कार्यालय में बुधवार को एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव जनता की फरियाद सुनी। इस दौरान उन्होंने थानाध्यक्षों को इस बात का संदेश दिया कि जनमानस की शिकायतों के निस्तारण में बिल्कुल लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में बरती गई लापरवाही जिम्मेदारों के लिए कार्यवाही का सबब बन सकती है।

एसपी ने बुधवार को जिले से आए फरियादियों की शिकायतों को सुन उसके निस्तारण के लिए सम्बंधित थानाध्यक्षों, चौकी इंचाजों से वार्ता किया। इतना ही नहीं साफ कहा कि शासन की प्राथमिकता पर काम करें, शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों को समयानुसार निस्तारण कर उन्हें न्याय दिलाएं। इसमें यदि किसी प्रकार की लापरवाही बरती जाएगी तो सम्बंधितों की खैर नहीं होगी।

### कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई दुराचार की एफआईआर

**कौशाम्बी।** कोखराज थाने की पुलिस ने घटना के दो महीने बाद दुराचार की एफआईआर दर्ज की है। कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी 11 सितंबर को घर में अकेली थी। इसी दौरान पड़ोसन की मदद से मोहल्ले का युवक किशोरी के घर पहुंचा और उससे दुराचार किया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। देर घर लौटे परिजनों को पीड़िता ने आपबीती बताई तो वह अवाक रह गए। दूसरे दिन पीड़िता की मां किशोरी को लेकर थाने पहुंची। आरोप है कि नामजद शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता अदालत पहुंची। अदालत के आदेश पर पुलिस ने आरोपित युवक और मददगार पड़ोसन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# वकीलों ने सीओ का किया घेराव, जमकर की नारेबाजी

## संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री पर हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर भड़के वकील

**लालगंज।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री तथा अधिवक्ता पर प्राणघातक हमले मे फरार आरोपियो की गिरफ्तारी न होने को लेकर बुधवार को भी वकीलों का गुस्सा बरकरार दिखा। नाराज वकीलों ने तहसील परिसर में एसडीएम कोर्ट के सामने नारेबाजी करते हुए सीओ कार्यालय पहुंचकर सीओ का घेराव किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री शेष तिवारी तथा तहसील के अधिवक्ता कुलदीप तिवारी पर पिछले सप्ताह लालगंज कोतवाली के रायगढ़ में आरोपियो ने जानलेवा हमला कर दिया था। पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास व लूट का मुकदमा दर्ज किया है। इनमें से एक आरोपी गांव के प्रधान बृजलाल उर्फ पिंटू को पुलिस जेल भेज चुकी है। वकील तीन अन्य आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी न हो पाने तथा आरोपियो पर गैंगेस्टर न लगाए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ के


सीओ कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते वकील


अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में वकीलो ने तहसील परिसर में प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। एसडीएम कोर्ट के सामने वकीलो ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद वकीलों का जत्था नेशनल हाइवे पर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करता सीओ कार्यालय पहुंचा। यहां वकीलों ने सीओ का घेराव कर कुछ देर तक नारेबाजी जारी रखी। सीओ कार्यालय में वकीलों का विरोध प्रदर्शन देख लालगंज प्रभारी निरीक्षक तथा सांगीपुर एसओ भी फोर्स के साथ पहुंच गये। इस बीच सीओ रामसूरत सोनकर ने विरोध जता रहे वकीलो से वार्ता कर उन्हें भरोसा दिलाया कि जल्द ही शेष आरोपी पुलिस की पकड मे आ जायेगे। सीओ ने वकीलो से चार दिन का समय मांगा, इस पर सीओ तथा वकीलो मे नोकझोंक भी हुई। हालांकि सीओ तथा एसओ के द्वारा वकीलों को समझा बुझाकर उन्हें शांत कराया गया। तब वकीलो ने डीएम व एसपी को संबोधित सीओ को ज्ञापन सौपकर सोमवार तक आरोपियो की धरपकड का अल्टीमेटम दिया। इसके बाद वकील फिर नारेबाजी करते तहसील परिसर पहुंचे और वहां एसडीएम सौम्य मिश्र को भी ज्ञापन देकर वकीलो की सुरक्षा को लेकर डीएम से वार्ता करने की मांग रखी। यहां हुई सभा मे अध्यक्ष अनिल महेश ने कहा कि सोमवार तक कार्रवाई न हुई तो वकील अब तहसील परिसर मे कामकाज पूरी तरह ठप करेंगे। वही रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रयागराज के एडीजी प्रेमप्रकाश से फोनिक वार्ता कर स्थानीय पुलिस की शिथिलता को लेकर जानकारियां दी। सभा का संचालन पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने किया। सभा को राममोहन सिंह, विकास मिश्र, दिनेश मिश्र, टीपी यादव, रामलगन यादव, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, घनश्याम मिश्र, विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र शुक्ल, विनोद मिश्र, प्रवीण यादव, हरिश्चंद्र पाण्डेय, सिंटू मिश्र, राजेश्वर यादव, अनूप पाण्डेय, कमाल अहमद, विनय शुक्ल आदि ने संबोधित कर प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया। इस मौके पर पारसनाथ सरोज, लाल विनोद प्रताप सिंह, अबरार अहमद, घनश्याम सरोज, वीरेन्द्र गौतम, संतोष सिंह, केके शुक्ल, दिनेश सिंह, प्रमोद तिवारी, लालता प्रसाद पाण्डेय, मो. ईसा, सुशील शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

### दुर्घटना में युवक घायल

**लालगंज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। लालगंज के सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग निवासी आशुतोष शुक्ल उर्फ अंशू (35) पुत्र स्व. केदारनाथ शुक्ल मंगलवार की रात बाइक से घर वापस आ रहा था। जलेसरगंज लालगंज हाइवे पर लालूपुर के समीप अज्ञात चारपहिया वाहन ने आशुतोष की बाइक को टक्कर मार दिया। टक्कर मे आशुतोष गंभीर रूप से चुटहिल हो गये। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए अंशू को ट्रामा सेंटर ले गये। चिकित्सको ने गंभीर दशा देख उसे प्रयागराज रेफर कर दिया।

## भण्डारे मे उमड़े श्रद्धालु, कथाव्यास ने सनातन संस्कृति की महत्ता पर डाला प्रकाश

**लालगंज।** नगर पंचायत के उमापुर स्थित मां काली जी के मंदिर पर बुधवार को श्री शिवशक्ति महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर भण्डारे का आयोजन हुआ। ग्रामीणों द्वारा सामूहिक आयोजन के तहत हवन पूजन में भी श्रद्धालुओं का भारी जमघट दिखा। आयोजन समिति द्वारा कथाव्यास ज्योतिषविद् पं. शिवम तिवारी का सारस्वत सम्मान भी किया गया। इसके पूर्व कथाव्यास शिवम तिवारी ने भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कलिकाल में इस कथा का श्रवण जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने श्रद्धालुओं से धर्म के मार्ग का अनुशरण करते हुए सनातन संस्कृति की संरक्षा पर भी जोर दिया। हवन पूजन के दौरान श्रद्धालु महिलाओं द्वारा भजन संकीर्तन का भी आयोजन किया गया। यज्ञाचार्य आचार्य बजरंगी प्रसाद पाण्डेय ने भण्डारे का संयोजन किया। इस


कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं को भागवत महात्म्य समझाते कथाव्यास पं. शिवम तिवारी

मौके पर शास्त्री अभिषेक तिवारी, निशांत तिवारी, दिवाकर मिश्र व करूणाकांत मिश्र, दयाराम वर्मा, नागेन्द्र अनुज, सुधीर मिश्र, रोहित मिश्र, दिनेश मिश्र, उमेश मिश्र, राममिलन वर्मा, सत्यम शुक्ला, नोबुल तिवारी, रामनाथ वैश्य आदि रहे।

## पीसीएस टॉपर अतुल सिंह बने माइल स्टोन : पूर्व मंत्री मोती सिंह


अतुल सिंह को सम्मानित करते हुए

**प्रतापगढ़।** आज नगर के प्रभात एकेडमी में यूपी पीसीएस परीक्षा 2021 के टॉपर अतुल सिंह का सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र प्रताप सिंह ‍ मोती सिंह‍ रहे। पीसीएस टॉपर अतुल सिंह और उनकी धर्म पत्नी पिंकी सिंह को पूर्व मंत्री मोती सिंह और प्रभात एकड़मी के प्रिंसिपल डॉक्टर प्रभात शर्मा ने मोमेंटो और अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। पूर्व मंत्री मोती सिंह ने कहा कि अतुल सिंह की सफलता को हमे ही नहीं पूरे प्रतापगढ़ को गर्व है। किसी क्षत्रिय परिवार से उत्तर प्रदेश में पीसीएस के परीक्षा में टॉप करने वाले अतुल सिंह पहले व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा की खड़कपुर से आईआईटी के टॉपर को नौकरी की कमी नहीं होती लेकिन अतुल सिंह के जुनून ,मेहनत और लगन आज उसे सफलता के उस मुकाम पर पहुंचा दिया जो अतुल सिंह का सपना था। अतुल सिंह हमारे जनपद के प्रतिभा शाली छात्र एवम छात्राओं के लिए प्रेरणा श्रोत है। बच्चों को अतुल सिंह से सीख लेना चाहिए। अतुल सिंह आज के बच्चे और जो कल के भविष्य है उनके लिए मील के वो पत्थर साबित हुए जिसे पार करने की सभी छात्रों की जिज्ञासा होनी चाहिए। पूर्व मंत्री मोती सिंह ने अतुल सिंह की पत्नी पिंकी सिंह को अतुल को सफलता के उच्च मुकाम पर पहुंचाने में एक अहम किरदार बताया कहा की अतुल की पत्नी का बड़ा सहयोग और साथ है जिसके बदौलत आज अतुल ने ये मुकाम हासिल किया है। कार्यक्रम का संचालन अमितेंद्र श्रीवास्तव ने किया और विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर प्रभात शर्मा ने सभी आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वीएस मेमेरियल स्कूल के निदेशक राकेश सिंह, एमबीएस स्कूल के प्रबंधक धर्मवीर सिंह, भाजपा के जिला महामंत्री राजेश सिंह,अजीत शर्मा, समाजसेवी रज्जू राजा, मुन्ना सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी संतोष दूबे, पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि विनोद पांडेय, पीआरओ राजा सिंह, विनोद श्रीवास्तव, आकाश शर्मा , सरिता शर्मा, शिवांगी शर्मा के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक एवम शिक्षिकाएं , छात्र एवम छात्र एवम छ्त्राएं मौजूद रहे।

### अतुल सिंह ने सफलता के बताए टिप्स

**प्रतापगढ़।** पीसीएस टॉपर अतुल सिंह आज प्रभात एकड़मी के छात्र एवम छात्राओं से रूबरू हुए। बच्चों ने पीसीएस की परीक्षा में उच्च मुकाम प्राप्त करने के बारे में जानकारी प्राप्त किया। बच्चों को अतुल सिंह अपनी सफलता के पीछे कड़ी मेहनत और संबंधित विषय के गहनता से अध्ययन करने की बात कही। उन्होने कहा कि बच्चो को अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसी के अनुरूप तैयारी करना चाहिए। उन्होंने को बच्चों को पढ़ने के समय पढ़ना और खेलने के समय खेलना ही चाहिए। इस अवसर प्रभात एके-डमी के छात्र एवम छात्राओं के मन में पीसीएस और आईएएस की परीक्षा की तैयारी की जिज्ञासा को लेकर वह बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने सभी बच्चों के एक सवाल का जवाब दिया और कहा की जल्द ही यहां के बच्चों के साथ वह अपने अन्य अनुभवों को साझा करेंगे।

## पशुपालक गोष्ठी में किसानों को किया जागरूकता

**लालगंज।** उदयपुर क्षेत्र के राजापुर बाजार में बुधवार को पशुपालक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को निराश्रित गो सेवा के लिए जागरूकता दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए लाल बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि निराश्रित गोवंश की सेवा करना इस समय सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होनें सनातन धर्म की रक्षा मे भी गोसेवा को अपरिहार्य ठहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पशु मित्र संघ के जिलाध्यक्ष डा. राजेश पाण्डेय ने बताया कि निराश्रित गोवंश जहां पर मिलेगें उनकी मदद की जाएगी। उन्होनें निराश्रित गोवंश की सेवा तथा पालन पोषण करने वाले किसानो को विशेष सहूलियत भी दिलाए जाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन राजेश गुप्ता ने किया। पशु चिकित्साधिकारी डा. धर्मेन्द्र सिंह ने पशुपालन के क्षेत्र में चिकित्सीय सुविधाओं की किसानों को जानकारियां दी। इस मौके पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष नीरज केसरवानी, विकास सिंह, राजू मालाकार, स्वामी अरूण मिश्र आदि रहे।

# सरकार ने किसानों के साथ देश के सभी वर्गों का किया है उत्थान : संगम लाल

**किसान सम्मेलन**

**लालगंज में भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा किसान सम्मेलन में गिनाई गई सरकार की उपलब्धियां**

**लालगंज।** नगर में बुधवार को भाजपा किसान मोर्चा के तत्वाधान में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बतौर मुख्यअतिथि जिले के सांसद संगम लाल गुप्ता ने पीएम किसान सम्मान निधि समेत किसानों से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को किसान हितैषी ठहराया। वहीं सांसद संगम लाल ने प्रधानमंत्री मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकारों द्वारा प्रदेश के हित में जारी अनेक कार्यो को भाजपा की बडी उपलब्धि कहा। उन्होनें कहा कि योगी राज में गुण्डागर्दी पर प्रभावी अंकुश लगा है। सांसद संगम लाल ने कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश के विकास में रोड़ा अटकाया है


लालगंज में किसान सम्मेलन को संबोधित करते सांसद संगम लाल गुप्ता

और यह पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी सरकार की कार्रवाई से घबरायी हुई है। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा ने कहा कि भाजपा की नीति देश के उत्थान तथा सबके सम्मान को मजबूत करने वाली नीति है। उन्होने ने भी कांग्रेस समेत सपा तथा अन्य गैरभाजपा दलों पर देश व प्रदेश का माहौल खराब करने का तीखा आरोप लगाया। सम्मेलन में आयोजन समिति द्वारा सांसद संगम लाल गुप्ता व पूर्व मंत्री शिवाकान्त ओझा तथा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र एवं किसानी के क्षेत्र मे योगदान के लिए लोगों को कमल के फूल का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन मे किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय कुमार मिश्र ने कृषि क्षेत्र की भाजपा सरकार की उपलब्धि पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने जिले के सभी नगर पंचायतों मे आगामी चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने का कार्यकताओं से मजबूत संकल्प का आहवान किया। संचालन अधिवक्ता विनोद मिश्र ने किया। सम्मेलन का संयोजन ओमप्रकाश तिवारी झुन्ना, मिथलेश गुप्ता व सभासद ज्ञानचंद्र मोदनवाल ने संयुक्त रूप से किया। सभासद बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। अधिवक्ता राजेशचंद्र तिवारी ने आभार जताया। सम्मेलन को बीएन सिंह, ओमप्रकाश पाण्डेय गुडडू, नागेश प्रताप सिंह, पूर्व प्रमुख रमेश प्रताप सिंह, अजय वर्मा, पंकज मिश्र, नीतेश द्विवेदी, जगत सरोज, जयराम यादव, राजकुमार बरनवाल, सभासद दिवाकर द्विवेदी, देवेन्द्र मिश्र गटटे आदि ने भी संबोधित किया।

# एमडीपीजी कालेज में आयोजित हुई कबड्डी प्रतियोगिता

**प्रतियोगिता**

**बालक वर्ग में एसवीएम व बालिका वर्ग में पीबीपीजी कालेज की टीम रही विजेता**

**प्रतापगढ़।** एमडी पीजी कॉलेज में आयोजित अंतर्महाविद्यालयीय कबड्डी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में एसवीएम प्रौद्योगिकी पीजी कालेज लालगंज एवं बालिका वर्ग में पीबीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ सिटी विजेता बनीं। दोनों ही वर्ग में मेजबान एमडीपीजी कॉलेज उप विजेता रही।

.प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने कहा की खिलाड़ी खेल भावना को बनाए रखते हुए अपने सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ प्रतियोगिता खेलें। उन्होंने कहा कि सभी महाविद्यालयों को सांस्कृतिक


प्रतियोगिता में विजेता टीम के खिलाड़ी

एवं खेल गतिविधियों को अपने-अपने महाविद्यालयों में बढ़ावा देना चाहिए। प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 22 विधाओं के टॉपर्स को कुलाधिपति के हाथों सम्मानित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले जनपद स्तर पर प्रतिभागी चयनित होंगे तत्पश्चात विश्वविद्यालय में सभी जनपदों के प्रतिभागियों की प्रतियोगिता होगी उसमें प्रथम स्थान पाने वाले सभी विधाओं के प्रतिभागियों को यह सम्मान मिलेगा। खेल परिणामों की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि उद्घाटन मैच एमडीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ एवं दुगार्देवी हीरालाल महाविद्यालय देल्हूपुर के बीच खेला गया जिसमें एमडीपीजी ने 52-21 से जीत दर्ज की। बालिकाओं के उद्घाटन मैच में पीबीपीजी कॉलेज ने दुर्गा देवी हीरालाल महाविद्यालय देल्हूपुर को 33-7 से हराया। बालिकाओं में पीबीपीजी कॉलेज की टीम, दुर्गा देवी महाविद्यालय एवं सरस्वती महाविद्यालय को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची जबकि एमडी पीजी कॉलेज ने राजकीय महाविद्यालय सांगीपुर तथा साकेत महाविद्यालय को हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान बनाया। बालक वर्ग का सेमीफाइनल एमडीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ एवं आचार्य रमाकांत महाविद्यालय शिवसत के बीच खेला गया जिसमें एमडीपीजी कॉलेज विजेता बनी। दूसरा सेमीफाइनल एसबीएम लालगंज एवं राजकीय महाविद्यालय सांगीपुर के बीच खेला गया जिसमें एसबीएम लालगंज ने सांगीपुर को परास्त कर फाइनल में जगह बनाई। टीमों के खेल के उपरांत विश्वविद्यालय की टीम का गठन इन्हीं खिलाड़ियों से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व शील्ड प्रदान की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी पूरी लगन, मेहनत व खेल- भावना से प्रतियोगिता खेले। उन्होंने विजेता टीमों एवं उनके खिलाड़ियों को शुभकामना दी और सभी खिलाड़ियों के खेल की प्रशंसा की। महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी प्रो प्रदीप कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमन मिश्र, मंत्री आनंद पांडे, विश्वविद्यालय के विद्यार्थी कल्याण परिषद के डीन प्रो विवेक कुमार सिंह, विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सचिव प्रो पवन कुमार पचौरी, डॉ यस पी सिंह, पर्यवेक्षक डॉ अमित सिंह, जय राम, रवि प्रकाश सिंह, त्रिलोचन सिंह, लालजी तिवारी सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं एमडीपीजी कॉलेज के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रमेश चंद्र शुक्ल एवं डॉ संतोष कुमार पांडे ने किया।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, दी तहरीर

**लालगंज।** शादी का झांसा देकर आरोपी द्वारा युवती के साथ दुष्कर्म किये जाने को लेकर पुलिस को तहरीर दी गई है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि कोतवाली के ही एक गांव मे उसका मायका है। तहरीर में पीडिता ने कहा है कि मायके का एक युवक उसकी ससुराल आने जाने लगा। आरोपी युवक उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर अठारह माह से दुष्कर्म करता रहा। आरोप है कि बीती इक्कीस नवंबर को युवक पीडिता की लडकी को अपने गांव ले जाकर घर पर दुष्कर्म किया। पीडिता की बेटी ने युवक पर शादी का दबाव बनाया तो उसने इंकार कर दिया और शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। पीडिता को जब जानकारी हुई तो वह मायके पहुंची और अपनी पुत्री को साथ वापस घर ले आयी। बेटी के द्वारा आपबीती बताये जाने पर पीडिता ने बुधवार को कोतवाली पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस का कहना है तहरीर पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में मेधावियों का दिखा हुनर

**लालगंज।** सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत सांगीपुर स्थित राजकीय पीजी कालेज में मंगलवार को जिलास्तरीय निबन्ध एवं पोस्टर तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कई महाविद्यालयों के एनएसएस इकाई के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग कर सड़क जागरूकता का संदेश दिया। पोस्टर प्रतियोगिता में एमएमपी कालेज कालाकांकर के अभय प्रताप को प्रथम तथा राजकीय पीजी कालेज सांगीपुर की सुहानी को द्वितीय तथा सांगीपुर की ही काजल वर्मा को तृतीय स्थान मिला। वहीं निबन्ध तथा क्विज प्रतियोगिता में भी प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर आये विभिन्न महाविद्यालयो के सफल मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में जिला नोडल अधिकारी प्राचार्य डा. चंद्रप्रकाश ने सड़क सुरक्षा की सावधानी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डा. विष्णुप्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर डा. फणीन्द्र नारायण मिश्र, डा. सीमा देवी, डा. मेवालाल यादव, डा. सर्वेश कुमार सिंह, डा. सुनील कुमार आदि रहे।

## पुलिसकर्मियों ने झंडा दिवस पर पुलिस झंडे को दी सलामी

**पट्टी।** पुलिस झंडा दिवस पर पट्टी सर्किल के थानों पर झंडे को सलामी दी गई। बुधवार को पुलिस झंडा दिवस था इस मौके पर कोतवाल पट्टी नंदलाल सिंह ने पट्टी कोतवाली में अपने मातहत के साथ पुलिस झंडे को सलामी दी। आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष संजय पांडे ने अपने मातहतों के साथ थाने पर पुलिस झंडे को सलामी दी कुछ इसी प्रकार का कार्यक्रम कंधई थाना अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ पांडे ने अपने थाने पर भी आयोजित किया उन्होंने भी अपने मातहतों के साथ पुलिस झंडे को लहराया और उसे सलामी दी जबकि थानाध्यक्ष दिलीपपुर धर्मेंद्र सिंह ने भी अपने थाने पर पुलिस झंडे को सलामी दी। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी पट्टी दिलीप सिंह ने बताया की उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के वीर जवानों के शौर्य कर्तव्य परायणता एवं उत्कृष्ट कर्तव्य निष्ठा के फल स्वरुप है भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा 23 नवंबर 1952 में सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था। उत्तर प्रदेश पुलिस पूरे भारत का प्रथम राज्य पुलिस बल है जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप पुलिस कलर अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है जो हम सब के लिए गर्व का विषय है । बुधवार को झंडा दिवस के मौके पर शासन से प्राप्त निर्देश के अनुसार पुलिस झंडे को सलामी दी गई और यह कार्य सर्किल के सभी थानों पर किया गया।

### विधायक की गाड़ी में स्कूली बस ने मारी टक्कर, बाल बाल बचे

**प्रतापगढ़।** कटरा मेदनीगंज बाजार में विश्वनाथगंज के विधायक जीत लाल पटेल की गाड़ी में स्थानीय विद्यालय गांधी शिक्षण संस्थान की बस ने टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई, विधायक बाल बाल बच गए। विधायक के साथ प्रतिनिधि,सुरक्षाकर्मी समेत पांच अन्य लोग थे जो सुरक्षित हैं। विधायक जीत लाल पटेल ने बताया कि बस ड्राइवर की लापरवाही से गाड़ी में टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी का काफी नुकसान हुआ। सभी लोग बाल-बाल बच गए। विधायक पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राम किशोर साहू के साथ उनके आवास पर चले गए। सूचना पर चैकी प्रभारी कटरा मेदनीगंज अमित द्विवेदी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे।

# शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ पट्टी का ऐतिहासिक भरत मिलाप

**पट्टी।** पट्टी का ऐतिहासिक भरत मिलाप राम भरत के गले मिलने के साथ संपन्न हो गया। भरत मिलाप के सकुशल संपन्न होने पर रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने अधिकारियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह ने राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न सीता हनुमान की आरती उतारी।

पट्टी का ऐतिहासिक भरत मिलाप बुधवार को सुबह 8 बजे के आसपास राम भरत के गले मिलने के साथ संपन्न हो गया। भरत मिलाप को संपन्न कराने के लिए कोतवाल पट्टी नंदलाल सिंह भारी फोर्स के साथ रात भर भ्रमण सील रहे। भरत मिलाप में कुल 8 दल निकले थे जिनमें राम दल, भरत दल, लव कुश दल, हनुमान दल, कृष्णा दल, जय मां संतोषी दल, काली दल, शिव दल शामिल रहे। इन दलों के साथ आकर्षक चैकिया पूरी रात कस्बे में अपनी कला को दिखाते हुए भ्रमण करती रही। मारवाड़ी मोहल्ले में भोर 6 बजे से सभी दल एकत्र होना शुरू हुए। जहां पर रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने प्रत्येक चैकी को अपनी कला को प्रदर्शन करने का अवसर दिया। एक से बढ़कर एक प्रस्तुति कलाकारों ने देकर मुख्य अतिथि समेत भरत मिलाप के साक्षी बने लोगों का मनोरंजन करती रही। 8रू30 बजे के आसपास राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न चारों भाई जब एक दूसरे के गले मिले तो जय श्रीराम के नारे से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। नगर के लोगों ने चारों भाइयों की मूर्तियों पर पुष्प वर्षा की तथा जमकर आतिशबाजी भी की गई। उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्र की जनता के कुशल क्षेम हेतु ईश्वर से प्रार्थना की और पट्टी मेले के साथ भरत मिलाप को सकुशल संपन्न कराने में लगे समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।भरत मिलाप को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पूरी रात पट्टी कस्बे की सड़कों पर चैकियों के साथ घूमते हुए रहे। इस दौरान रामलीला समिति के अध्यक्ष


राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न सीता हनुमान की आरती उतारते पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह

जुग्गीलाल जयसवाल, नगर अध्यक्ष खेदन लाल जयसवाल, राम चरित्र वर्मा, कमला पति जयसवाल, अशोक जयसवाल। प्रमोद खंडेलवाल। चंद्रकेश सिंह, अशोक श्रीवास्तव, समेत समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


### मोबाइल चोर गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** ट्रेनों में यात्रियों के सामान चोरी करने वाले शातिर चोर पासंग लामा को जीआरपी ने चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बुधवार को स्टेशन के दक्षिणी छोर पर उसे गिरफ्तार किया गया। एसओ जीआरपी मोहम्मद राशिद खान ने बताया कि कालचिनी जनपद जलपईगुड़ी पश्चिम बंगाल निवासी पासंग के पास से चोरी का एक ओप्पो टच स्क्रीन वाला मोबाइल मिला है। उसे जेल भेज दिया गया है। वह भीड़ भाड़ वाली ट्रेनों में घटनाएं करता है।

## जनसंपादकीय

# ताकि टेरर फंडिंग रोकी जा सके

देश की राजधानी दिल्ली में संपन्न आतंकवाद रोधी वित्तपोषण सम्मेलन उन देशों को सख्त चेतावनी है जो प्रत्यक्ष-परोक्ष रुप से टेरर फंडिंग में शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर सेआतंक के लिए कोई धन नहीं विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में तकरीबन 72 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और टेरर फंडिंग से निपटने के संदर्भ में अपने विचार रखे। यह सम्मेलन इस मायने में ज्यादा महत्वपूर्ण है कि इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए क्राउडफंडिंग कर आतंकी गतिविधियों में धन लगाया जा रहा है। चिंता की बात यह कि इन मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। हवाला, वायर ट्रांसफर या कैश कुरियर टेरर फंडिंग के कई आयाम हैं। याद होगा अभी हाल ही में भारत ने इंटरपोल जनरल असेंबली और यूएन काउंटर टेरर कमिटी मीटिंग की मेजबानी करते हुए खुलकर अपने विचार रखे थे। ऐसे में आवश्यक हो जाता है कि दुनिया की सभी एजेंसियां टेरर फंडिंग के रुट्स पर नजर रखते हुए उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। इस पहल के जरिए ही मनी लॉड्रिंग को लेकर आतंकी संगठनों की नकेल कसी जा सकती है। मौजूदा समय में आतंकी फंडिंग में क्रिप्टो करेंसी का इस्तेमाल जोरों पर है। ऐसे में एजेंसियों के लिए डार्कवेब के जरिए हो रही आतंकी फंडिंग को रोकना सबसे बड़ी चुनौती बन गयी है। इसका उपाय यह है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर एक समान वैश्विक कानून के दायरे में लाया जाए। जरुरी यह भी है कि इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर की सही जानकारी सभी देशों के पास रहे जिससे कि फर्जी तरीके से की जा रही आतंकी फंडिंग पर लगाम कसी जा सके। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उचित ही कहा कि कुछ देश अपनी विदेश नीति के तहत आतंकवाद का समर्थन करते हैं, तो कुछ आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई रोककर ऐसा करते हैं। उन्होंने सख्त तेवर अपनाते हुए सम्मेलन में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को इसकी कीमत चुकाने के लिए मजबूर करें। उन्होंने यह भी कहा कि सभी आतंकवादी हमलों का एक समान विरोध होना चाहिए। इस वक्तव्य के जरिए प्रधानमंत्री ने उन देशों को आईना दिखाया जो आतंकवाद की समग्र व्याख्या करने से कतराते हैं। यह सच्चाई है कि दुनिया भर में आतंकवाद को लेकर अलग-अलग नजरिए के कारण ही आतंकवाद से निपटने में कामयाबी नहीं मिल रही है। जबकि भारत हमेशा से कहता रहा है कि आतंकवाद को गुड आतंकवाद और बैड आतंकवाद के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। आतंकवाद की एक परिभाषा होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी का स्पष्ट इशारा पड़ोसी देश पाकिस्तान और चीन की ओर था जो अपने स्वार्थ के लिए आतंकी संगठनों को फंडिंग करते हैं। आतंकवाद के मसले पर चीन खुलकर पाकिस्तान का पक्ष लेता है। यही नहीं वह भारत में आतंकी गतिविधियों के लिए जिम्मेदार आतंकियों का बचाव करने से भी बाज नहीं आता है। अभी हाल ही में उसने लश्कर तैयबा के आतंकवादी शाहिद महमूद को वैश्विक आतंकवादियों की सूची में डाले जाने के लिए संयुक्त राष्ट्र में भारत और अमेरिका के प्रस्ताव का विरोध किया। ऐसे में आवश्यक हो जाता है कि चीन सरीखे देशों के खिलाफ वैश्विक समुदाय कड़ा रुख अपनाए। हालांकि भारत ने इस सम्मेलन में आतंकी फंडिंग पर चर्चा के लिए चीन को तो न्यौता दिया लेकिन पाकिस्तान और अफगानिस्तान को आमंत्रित न दुनिया को कड़ा संदेश दिया कि वह इस स्थिति में टेरर फंडिंग और आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों के खिलाफ है। जीरो टालरेंस के तहत कट्टरवाद और जेहाद के खिलाफ लड़ना होगा। जेहादी और कट्टरवादी मानसिकता का नतीजा है कि गत वर्ष पहले जेहादियों ने पेरिस में एक कार्टून मैगजीन हाशार्ली अब्दोह्ल के कार्यालय में घुसकर मुख्य कार्टूनिस्ट और प्रधान संपादक समेत 20 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। अमेरिका के लास वेगास शहर में एक संगीत समारोह में आतंकी हमला कर पांच दर्जन से अधिक लोगों की निर्मम हत्या कर दी गयी। इस तरह की जेहादी और कट्टरवादी हत्याएं आए दिन दुनिया को विचलित करती रहती हैं। विचार करें तो यह स्थिति आतंकवाद पर विश्व बिरादरी की विभाजनकारी मानसिकता, विश्वशांति के प्रति अदूरदर्शिता और असमन्वयपूर्ण सामरिक विफलता का ही नतीजा है। किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ कट्टरवाद और जेहाद को प्रश्रय देता है। वह भारत में खालिस्तानी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए टेरर फंडिंग करता है। सिख फॉर जस्टिस जैसे खालिस्तानी संगठन कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी में रहकर भारत के खिलाफ फर्जी प्रोपगंडा फैलाते हैं। लेकिन इस मसले पर कोई भी देश खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। यह अच्छा रहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन में बांग्लादेश में मंदिरों और अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों का उल्लेख कर ऐसे जेहादी मानसिकता वालों के खिलाफ वैश्विक स्तर पर कार्रवाई करने की जरुरत बतायी। यह सच्चाई है कि बांग्लादेश में हिंदू जन और उनके आस्था केंद्र बिल्कुल ही सुरक्षित नहीं हैं। हिंदू आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र नोआखली जिले का इस्कॉन मंदिर को किस तरह कट्टरपंथियों ने तहस-नहस किया और शासन-प्रशासन मूकदर्शक बना रहा, यह किसी से छिपा नहीं है। बांग्लादेश में हूजी, जमातुल मुजाहिदीन बंगलादेश, द जाग्रत मुस्लिम जनता बांगलादेश (जेएमजेबी), पूर्व बांगला कम्युनिस्ट पार्टी (पीबीसीबी) व इस्लामी छात्र शिविर यानी आइसीएस जैसे बहुतेरे आतंकी, जेहादी और कट्टरपंथी संगठन हैं जिनका एकमात्र मकसद बांग्लादेश से हिंदू अल्पसंख्यकों का सफाया करना है। भारत में सक्रिय हूजी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के सहयोग से कई आतंकी संगठनों को अंजाम दे चुका है। उसका यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम से नजदीकी संबंध है। कहा तो यह भी जाता है कि वह उल्फा के लिए टेनिंग कैंप भी चलाता है। याद होगा 2002 में कोलकाता के अमेरिकन सेंटर पर हुए हमले की जिम्मेदारी इसी संगठन ने ली थी। कुछ ऐसे ही जेहादी संगठनों ने पाकिस्तान में रहने वाले अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। विचार करें तो भारत ही नहीं अमेरिका समेत दुनिया के तमाम देश पाकिस्तान और आतंक के बीच चोली-दामन के संबंध को स्वीकार चुके हैं। आतंकियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन चुके पाकिस्तान को वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) भी ग्रे सूची में डाल चुका है। दुनिया के सामने उजागर हो चुका है कि पाकिस्तान इस्लामिक स्टेट, अलकायदा, लश्कर ए तैयबा, जैश-ए-मुहम्मद, हक्कानी नेटवर्क, जमात-उद-दावा, फलाह-ए-इंसानियत और तालिबान से जुड़े लोगों की वित्तीय मदद करता है। याद होगा गत वर्ष पहले अमेरिका ने पाकिस्तान को आतंकवाद का गढ़ घोषित करते हुए उसे दी जाने वाली सहायता पर रोक लगाते हुए चेतावनी दी गयी थी कि जब तक वह अपनी जमीन पर आतंकी संगठनों के खिलाफ असरदार कार्रवाई नहीं करेगा, उसे सैन्य आर्थिक मदद नहीं दी जाएगी। उस दरम्यान अमेरिकी कांग्रेस की सालाना रिपोर्ट से भी उद्घाटित हुआ था कि पाकिस्तान आतंकवाद पर दोहरा रुख अपनाते हुए लश्कर ए तैयबा और जैश ए मुहम्मद जैसे आतंकी संगठनों को आर्थिक मदद करता है। हाल ही में अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति बाइडन स्वीकार चुके हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद के मसले पर दोहरा खेल रहा है। जबकि अमेरिका आतंकवाद से निपटने के लिए उसे 2009 से अब तक 4 अरब अमेरिकी डॉलर यानी 300 अरब की मदद दे चुका है। सच्चाई यह है कि पाकिस्तान इस धन का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के खिलाफ करने के बजाए भारत में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने में करता है। दुनिया के सामने उजागर हो चुका है कि उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर ही हक्कानी समूह जैसे आतंकी संगठन अफगानिस्तान में तालिबान के आने से पहले जमकर तबाही मचाते रहे हैं। ये आतंकी संगठन कई बार अमेरिका एवं भारतीय दूतावासों पर भी हमला कर चुके हैं। विडंबना कि इस सच्चाई से अवगत होने के बावजूद भी दुनिया पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई से बचती है। नतीजा टेरर फंडिंग में शामिल पाकिस्तान सरीखे देशों का हौसला बुलंद होता है और वे अपने कुत्सित मकसद में कामयाब होते हैं। आज जरुरत इस बात की है कि सभी देश फाइनेंसियल इंटेलिजेंस यूनिट को मजबूत कर टेरर फंडिंग पर निर्णायक रोक लगाएं।



अरविंद जयतिलक

लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

# जनता पर और टैक्स लादने की तैयारी

प्रसंगवश



लालजी जायसवाल

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पहली बार 27 राज्यों के सभी नगरीय निकायों की माली हालात पर एक विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट जारी की है और इनकी वित्तीय स्थिति को लेकर बहुत ही चिंताजनक टिप्पणियां की हैं। गौरतलब है कि यह रिपोर्ट नगर निकायों की वर्ष 2017-18 से लेकर 2019-20 तक के वित्तीय खाते की पड़ताल के बाद जारी की गई है, जो बताता है कि तमाम कोशिशों के बावजूद भी नगरीय निकाय अपनी राजस्व का कोई ठोस तरीका नहीं निकाल पा रहे हैं। बहरहाल, रिजर्व बैंक ने देश के नगर निकायों की वित्तीय स्थिति को लेकर जो रिपोर्ट प्रस्तुत की, उस पर इन निकायों के साथ ही राज्य सरकारों को भी सावधान हो जाने की जरूरत है और आने वाले समय में राज्य सरकारों को अपने नगर निकायों की वित्तीय दशा सुधारने को लेकर गंभीरता का परिचय देना होगा क्योंकि शहर ही विकास के वाहक होते हैं। वास्तविकता में यदि स्थानीय निकायों की स्थिति नहीं सुधरी तो वे समस्याओं से सदैव घिरे रहेंगे। चिंता की बात यह है कि इसके दुष्परिणामस्वरूप शहरों में रहन-सहन का स्तर तो प्रभावित होगा ही, वे अर्थव्यवस्था को संबल भी प्रदान नहीं कर सकेंगे। रिजर्व बैंक के अनुसार, हमारे नगर निकाय वित्तीय रूप से इतने दुर्बल हैं कि उनका बजट ब्रिक्स देशों के स्थानीय निकायों की तुलना में बहुत कम है। इसका मतलब यह है कि हमारे शहर इस संगठन यानी ब्राजील, रूस, दक्षिण अफ्रीका और चीन के शहरों की तरह प्रगति कर पाने में नाकाम हैं। आखिर जब उनके पास पर्याप्त धन ही नहीं होगा तो वे स्वयं का विकास कैसे कर सकते हैं?

महंगा पड़ सकता है भवनों पर टैक्सः भारतीय रिजर्व बैंक ने राजस्व के जिन नए स्त्रोतों की बात की है वह शहरों में रहने वाली आबादी को थोड़ी महंगी पड़ सकती है क्योंकि इसमें खाली जमीन पर टैक्स लगाने, भवनों के विस्तार या उनके आधुनिकरण को लेकर नई टैक्स व्यवस्था करने, भवनों से ज्यादा जमीन पर टैक्स लगाने, राज्य सरकार की तरफ से वसूली गई स्टांप ड्यूटी में नगर निगमों को ज्यादा हिस्सेदारी देने, नगर निगमों को निजी क्षेत्र के साथ मिल कर साझेदारी कर विकास करने जैसे सुझाव शामिल हैं। लेकिन इससे जनता पर कर का प्रभाव पड़ेगा और उनको महंगाई की मार सहनी पड़ सकती है। इसलिए यहां सोच विचार कर कदम उठाना होगा।

मजबूत बुनियादी ढांचाः मालूम हो कि वर्ष 2050 तक देश के नगरों में रहने वाले लोगों की संख्या बहुत ज्यादा हो जाएगी और देश के जीडीपी में भी उनका अहम हिस्सा होगा।?लेकिन सवाल यह है कि क्या हम स्वयं को उनके समायोजन हेतु तैयार पा रहे हैं? वर्ष 2010 से 2050 के बीच भारत की शहरी आबादी में करीब 50 करोड़ लोगों के और शामिल हो जाने की उम्मीद है। मालूम हो कि वर्ष 2011 में देश की शहरी आबादी करीब 37.7 करोड़ की थी। इसका मतलब यह हुआ कि मौजूदा स्तर पर ही जहां शहरी आवासीय व्यवस्था, बुनियादी सुविधाएं, जलापूर्ति, बिजली, परिवहन आदि की इतनी किल्लत है, वहीं उस वक्त तक इनकी जरूरत बढ़कर दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी। ऐसे में मानक में सुधार तथा विस्तार को लेकर कुछ जरूरी सुधारों की अनुमति देना भी पर्याप्त कदम होंगे। अक्सर कहा जाता है कि प्रभावी शासन की कमी के कारण भारतीय शहरों की स्थिति खराब है। लेकिन इसका उल्टा भी सच है। जैसे भारतीय शहर का डिजाइन और इसके बाद के अराजक विकास और भ्रष्टाचार स्वयं ही त्रुटिपूर्ण शासन का निर्माण करते हैं। गौर करने लायक बात यह है कि नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति कमजोर होने का तथ्य एक ऐसे समय में सामने आया है, जब शहरीकरण के साथ ही शहरों की जनसंख्या भी तेजी से बढ़ रही है। यदि शहरों का बुनियादी ढांचा नहीं सुधरा तो वे आबादी के बढ़ते बोझ को वहन करने में समर्थ नहीं होंगे। लिहाजा इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि कमजोर बुनियादी ढांचे वाले शहर आर्थिक रूप से अपेक्षित प्रगति नहीं कर सकते। यदि देश को आर्थिक रूप से सबल बनाना है तो शहरों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना ही होगा। यह काम तभी संभव है, जब स्थानीय निकाय वित्तीय रूप से सबल हों। चूंकि हमारे छोटे-बड़े शहरों के स्थानीय निकाय लालफीताशाही और भ्रष्टाचार से ग्रस्त हैं, इसलिए वे वैसे बुनियादी ढांचे का निर्माण करने में असमर्थ हैं। खैर, असल मुद्दा केवल वित्तीय जरूरत ही नहीं है बल्कि विकास और सुधार की बढ़ती चुनौती को लेकर हमारे शहरी प्रशासन और प्रबंधन की तैयारी भी है। वैसे आने वाले समय में भारत में झुग्गी बस्ती जैसे माहौल को बरदाश्त कर पाना आसान नहीं होगा। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए कुछ बड़े बदलावों की आवश्यकता होगी। शहरी भूमि बाजार में आमूलचूल बदलाव ताकि लेनदेन को पारदर्शी बनाया जाए और जमीन का तार्किक इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सके, भवन निर्माण और योजनागत प्रतिबंधों पर नए सिरे से व्यापक पुनर्विचार होना चाहिए ताकि अधिक सुगठित, कम परिवहन वाले और ईंधन की कम खपत वाले शहर विकसित किए जा सकें, इसके अलावा शहरी प्रशासन का विकेंद्रीकरण और सशक्तिकरण भी करना होगा। गौरतलब है कि शहरी सुधारों में सबसे महत्त्वपूर्ण तत्व प्रशासन ही है। लेकिन चिंता की बात है कि हमारे शहरी प्रशासन एक तरह से शक्तिहीन हैं और राज्यों की राजधानियों के मंत्रालय ही वित्त, खर्च और योजना से संबंधित सभी प्रमुख फैसले लेते हैं। करीब करीब वर्ष 2050 तक हमारी जीडीपी का अधिकांश हिस्सा शहरों में पैदा होगा और अगर वे शहर पूरी तरह सशक्त स्थानीय प्रशासन वाले नहीं हुए और उनको योजना और खर्च में पूरी स्वायत्तता नहीं मिली तो यह विकास की राह में सबसे बड़ा बाधा होगा। खैर, वैसे प्रभावी शहरी प्रशासन के अनेक घटक हैं। जैसे एक उद्यमिता वाला मेयर होना चाहिए, नागरिकों की आवाज उठाने के लिए स्थानीय समितियां, जमीन के इस्तेमाल के स्वरूप में बदलाव की कवायद में पारदर्शिता हो, अनुबंधों के बारे में खुली सूचना की व्यवस्था भी करना जरूरी होगा।

**नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति कमजोर होने का तथ्य एक ऐसे समय में सामने आया है, जब शहरीकरण के साथ ही शहरों की जनसंख्या भी तेजी से बढ़ रही है। यदि शहरों का बुनियादी ढांचा नहीं सुधरा तो वे आबादी के बढ़ते बोझ को वहन करने में समर्थ नहीं होंगे। लिहाजा इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि कमजोर बुनियादी ढांचे वाले शहर आर्थिक रूप से अपेक्षित प्रगति नहीं कर सकते। यदि देश को आर्थिक रूप से सबल बनाना है तो शहरों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना ही होगा। यह काम तभी संभव है, जब स्थानीय निकाय वित्तीय रूप से सबल हों। चूंकि हमारे छोटे-बड़े शहरों के स्थानीय निकाय लालफीताशाही और भ्रष्टाचार से ग्रस्त हैं, इसलिए वे वैसे बुनियादी ढांचे का निर्माण करने में असमर्थ हैं।**

म्युनिसिपल बॉन्ड से पैसा जुटानाः बता दें कि बॉन्ड एक तरह के क्रेडिट पत्र होते हैं, जिसके तहत आम लोगों या संस्थाओं से पैसे जुटाए जाते हैं। बॉन्ड जारी करने वाली संस्था एक निश्चित समय के लिए रकम उधार लेती है और निश्चित रिटर्न के साथ पैसे वापस करने की गारंटी देती है। ये निवेशकों के लिए निश्चित आय का अच्छा साधन होता है। मालूम हो कि नगर निगम बॉन्ड नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया जाता हैं। शहर में विकास के कार्य को जारी रखने के लिए बड़े पैमाने पर फंड की जरूरत होती है, सरकार से पैसा लेने की बजाए बांड से पैसा जुटाना अच्छा विकल्प साबित हो रहा है। पिछले समय में उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ म्युनिसिपल कॉरपोरेशन का बांड को शेयर बाजार में लिस्ट कराया था। बता दें कि लखनऊ म्युनिसिपल कॉरपोरेशन बॉन्ड जारी करने वाला उत्तर भारत का पहला नगर निगम बन गया है। इस बॉन्ड के माध्यम से जुटाई गई धनराशि को राज्य की राजधानी में विभिन्न बुनियादी ढांचागत योजनाओं में निवेश किया जाएगा। म्युनिसिपल बॉन्ड में निवेश करने पर लॉन्ग टर्म में फिक्स रिटर्न भी मिलता है। शेयर बाजार में लिस्ट होने के बाद इसमें आम लोग एक्सचेंजों के जरिए निवेश भी कर सकते हैं। खास बात तो यह है कि इन बॉन्ड पर निवेशक को मिलने वाला रिटर्न पर आयकर नहीं लगता है। इसकी रेटिंग एजेंसियों से रेटिंग जारी होती है, इसलिए इन्हें सुरक्षित निवेश भी माना जाता है। बहरहाल, अभी तक कुल 11 नगरीय बांड जारी किए गए हैं, जिनसे करीब 3690 करोड़ रुपये जुटाये गये हैं। लेकिन ध्यातव्य है कि इसके पहले अमरावती, विशाखापत्तनम, अहमदाबाद, सूरत, भोपाल, इंदौर, पुणे, हैदराबाद जैसे शहरों के भी म्युनिसिपल बॉन्ड आ चुके हैं। उल्लेखनीय है कि बीएसई बॉन्ड प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हुए लखनऊ नगर निगम ने पिछले समय में इस बॉन्ड के लिए प्राइवेट प्लेसमेंट के जरिये 200 करोड़ रुपये जुटाए थे। इसका मतलब यह है कि बॉन्ड को जनता के लिए जारी करने से पहले ही कुछ बड़ी संस्थाओं से यह रकम जुटा ली गई। लिहाजा, वर्तमान में म्युनिसिपल बांड नगरीय निकायों के वित्त व्यवस्था का अच्छा माध्यम साबित हो सकता है। लेकिन अभी कुछ विशेष सुधार पर काम करना होगा। शहरीय निकायों के लिए किया गया 74 वां संविधान संशोधन में अभी और सुधार अपेक्षित है। लिहाजा नगरीय निकायों को और अधिक शक्तिशाली बनाना होगा। इससे होगा यह कि उनकी निर्भरता दूसरों पर से कम होगी और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगी। आत्मनिर्भरता से आर्थिक समृद्धि आएगी और विकास की राह भी खुलेगी।

**(लेखक, स्तंभकार, विचारक हैं, संपर्क 9026191624)**

# राजनीति के विद्रूप का प्रतीकात्मक आख्यान

मूल्यांकन

डॉ. अश्वनी शांडिल्य

समसामयिक भारतीय परिवेश के संदर्भ में यदि संस्था, धर्म व जातिगत विद्रूपताओं की बात करें तो निष्कर्ष यही सामने आता है कि हमारी राजनीतिक उठा-पटक तथा चालबाजियों का इन पर गहरा व नकारात्मक प्रभाव पड़ा है जिससे समस्त परिवेश किसी न किसी रूप में रुग्ण हुआ है। इन विद्रूपताओं को उपन्यासकार राजा सिंह ने अपने उपन्यास ह्रबनियों की विलायतह्न में कथ्य के आँगन में उस रंग-बिरंगी दरी के समान बिछाया है जो देखने में तो सबको अपनी ओर आकर्षित करती है लेकिन उसमें छिपी विषमताओं की गर्द व शोषण के अनेकरूपा किटाणुओं के कारण यह सारे समाज को सालती है।

लेखक ने कथानक को उपन्यास के मुख्य पात्र प्रवेश के इर्द-गिर्द रखकर उसके अनुभवों के मध्य से हमारी शैक्षणिक संस्थाओं की कड़वी सच्चाई , शोषण के विभिन्न रूप, व्यक्ति की अवरवादिता, परस्पर ईर्ष्या, विश्वासघात, जातिवाद, शैक्षणिक संस्थाओं के प्रबंधन व प्रशासन के अहम की चक्की के दो पाटों के बीच पिसती शिक्षा-व्यवस्था, छोटी संस्थाओं में उतरी गंदी राजनीति आदि विषयों को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के अन्तर्गत किथोरा कस्बे में स्थित मातादीन इंटर कॉलेज की बीमार व्यवस्था के माध्यम से दिखाया है जो लगभग ऐसे हर भारतीय शिक्षण संस्थान की सच्चाई है। जाति के आधार पर निर्मित ऐसी संस्थाएँ आपसी खींचतान का अखाड़ा बनी हुई हैं। मातादीन इंटर कॉलेज बनियों की संस्था है जिसकी स्थापना सरजू प्रसाद मांगलिक ने अपने पिता मातादीन के नाम पर की थी। बाद में उसके उत्तराधिकारी अयोग्य निकले जो इस संस्था को ठीक तरह से संभाल नहीं पाए और अंततः इसका नियन्त्रण शासकीय व्यवस्था के अधीन चला गया। कस्बे की दूसरी संस्था रामप्रसाद इंटर कॉलेज के प्रबंधकों द्वारा दूसरी संस्थाओं को बर्बाद करने के षडयन्त्र रचने में लीन दिखाकर लेखक ने वहाँ के समस्त वातावरण में घुले ईर्ष्या के जहर का रोचक चित्रण किया है।

मातादीन इंटर कॉलेज की आन्तरिक कलह में स्टाफ-सदस्यों की प्रिंसीपल के साथ लड़ाई में एक अध्यापक अपने स्तर की निम्नतर पौड़ी पर उतर कर विद्यार्थियों को इसमें शामिल कर लेता है। लेखक ने यह सब दिखाकर प्रतीक रूप में भारतीय राजनीति के उस चेहरे को भी बेनकाब करने का प्रयास किया है जिसमें सदैव एक नेता द्वारा दूसरे को नीचा दिखाने का गंदा खेल चलता रहता है। दूसरे पर कीच उछालने के लिए चाहे खुद कीचड़ में उतरना पड़े इससे किसी को परहेज नहीं है, इस यर्थाथ को राजा सिंह ने किथोरा की इस संस्था में चल रही षडयन्त्रों की शृंखलाओं द्वारा चित्रित किया है।

प्रवेश की नियुक्ति इस कॉलेज में हो जाने के बाद वहाँ किराए पर मकान न मिलने की समस्या, वहाँ के खान-पान तथा रहन-सहन और विभिन्न व्यवसायों में लगे लोगों की रुचियों तथा उनके सामाजिक संबंधों, उनके चालाकी से भरे स्वभाव, स्वार्थपूर्ति के तरीकों आदि का चित्रण करके लेखक ने किथोरा के वातावरण को जीवन्त रूप दिया है। किथोरा में बनियों द्वारा लोगों के शोषण के उन अदृश्य तरीकों को उद्घाटित करके लेखक ने महाजनी सभ्यता के नए अवतार की उपस्थिति दिखाई है। किथोरा में किस प्रकार बनियों का आधिपत्य हो चुका है, यह प्रत्येक स्तर पर देखा जा सकता है। उपन्यास में बनियों की फितरत पर सुन्दर व्यंग्य किया गया है। सुभाष नगर और बाल्मीकि नगर की बदतर स्थिति दिखाकर लेखक ने एक समाज व वातावरण में फैली सामाजिक व आर्थिक विषमता को मूर्तिमान कर दिया है।

प्रवेश को उपन्यास में ऐसे व्यक्ति के रूप में दशार्या गया है जो सिविल सर्विस की तैयारी उतने संकल्प के साथ नहीं करता बल्कि उसका दिखावा करके दूसरों पर अपना प्रभाव छोड़ता अधिक दिखाई देता है। वह अपने अध्यापकीय आदर्श के अनुरूप व्यवहार भी नहीं कर पाता और अपनी विद्यार्थी उर्वशी के प्रेम की आकांक्षा रखता है। वह अपने आस-पास के वातावरण तथा व्यक्तियों के साथ इसलिए पूरी तरह से तालमेल नहीं बैठा पाता क्योंकि उसमें सामान्य मनोविज्ञान की समझ का अभाव है। वह एक ऐसा चरित्र है जो न तो पूरी तरह से आदर्शवादी है और न ही यर्थाथवादी।

प्रवेश की स्टुडेंट उर्वशी के सांकेतिक अस्पष्ट आकर्षण भरे व्यवहार से प्रवेश के मन में उसके आकर्षण का भ्रम पैदा हो जाता है जो उसके दुख का कारण बनता है। उसके बाद मेनका का प्रवेश की ओर अत्यधिक झुकाव इसलिए था क्योंकि मेनका व उसके परिवार वालों को प्रवेश की सिविल सर्विस में सफलता की उम्मीद थी। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में लड़कियों द्वारा प्रेम के स्थान पर सुरक्षित भविष्य को अधिक प्रमुखता दी जाती है, इसको लेखक ने मेनका के व्यवहार से दिखाया है जो प्रवेश की असफलता के कारण उससे एकदम मुंह मोड़ लेती है। मानवीय प्रेम की पगडंडी से उतर कर व्यापारिक पथ के चुनाव का प्रचलन आज जिस प्रकार बढ़ता जा रहा है, यह सब कोमल संबंधों के अस्तित्व पर खतरे के रूप में चित्रित किया गया है। मेनका द्वारा उस समाज की मयार्दा को लांघकर स्वयं प्रवेश के कमरे में अकेले जाना और उससे प्रेम संबंध बढ़ाना, प्रेम संबंधी बड़ी-बड़ी बातें करना और फिर अचानक स्वार्थवश उससे मुंह मोड़ लेने के कारण अंत में प्रवेश ठगा-सा महसूस करता है और शराब का सहारा लेता है। ऐसे मिथ्या प्रेम-संबंधों के कारण टूटते विश्वास की दर्दनाक विडम्बना तथा सदा के लिए लगने वाले मानसिक आघात को लेखक ने बखूबी दिखाया है।

महिलाओं के यौन शोषण को लेखक ने रानी और पुनीता के साथ हुए बलात्कार की दो अलग-अलग घटनाओं के माध्यम से दिखाया है जिनमें तीन-तीन व्यक्तियों द्वारा बलात्कार किया जाता है जिसे लेखक ने दो स्तरों पर दिखाने का प्रयास किया है। अग्रवाल साहब सफाई कर्मी पुनीता के साथ जबरदस्ती करते हुए अपनी सारी उच्चताओं को भूल कर अनैतिक रूप में दैहिक वासना की भूख मिटाते हैं। दोनों घटनाओं में दो व्यक्ति पढ़े-लिखे, विवाहित तथा अच्छे आर्थिक स्तर के हैं तथा शेष इनसे निम्न स्तर के हैं। ऐसे दो स्तर वाले व्यक्तियों की सोच नारी के प्रति किस प्रकार समान है, यह चिन्ता और चिन्तन का प्रश्न है जो लेखक ने इन घटनाओं के माध्यम से समाज के सामने उठाया है।



इस उपन्यास में कामिनी और आकाश के माध्यम से विवाहेत्तर यौन संबंधों को उद्घाटित किया गया है जो आजकल समाज में बढ़ रहे हैं और वैवाहिक संबंध-विच्छेद का प्रमुख कारण बनते हैं। निर्दोष बैंक कर्मी प्रदुम्न को झूठे आरोपों में पुलिस द्वारा इसलिए गिरफ्तार कर लिया जाता है क्योंकि उसने बैंक में पुलिस वालों के साथ साधारण व्यक्तियों जैसा व्यवहार किया था। इस घटना द्वारा पुलिस के जाने-पहचाने चरित्र का वर्णन है। कुल मिलाकर यह कृति राजनीतिक विद्रूप का प्रतीकात्मक आख्यान है।

कोई भी रचना सर्वथा निर्दोष नहीं होती। इस कृति में भी अनेक दोष दिखाई देते हैं। राम-मन्दिर आन्दोलन तथा उर्वशी-सरताज की घटनाओं का मुख्य कथा में कोई योगदान न होते हुए भी दिखाया जाना लेखक के व्यक्तिगत राजनीतिक एजेंडे के तहत जबरदस्ती रोपित किया हुआ प्रतीत होता है। इनके अतिरिक्त शीर्षक का सार्थक न होना, स्थान-स्थान पर वर्तनी की अशुद्धियों की भरमार, सशक्त गौण कथाओं की कमी, संवादों में अस्पष्टता, दार्शनिक चिन्तन का नितांत अभाव, कथानक और उद्देश्य में संगति का अभाव तथा कथान्त का उचित न होना आदि इतने दोष हैं जो पाठकीय नीरसता के साथ-साथ इस रचना को कमजोर करने के लिए पर्याप्त हैं।

पुस्तक- बनियों की विलायत (उपन्यास)

लेखक- राजा सिंह

प्रकाशक- डायमण्ड पॉकेट बुक्स प्रा.लि. नई दिल्ली।

**(सम्पर्क 9417433138)**

**प्रवेश को उपन्यास में ऐसे व्यक्ति के रूप में दशार्या गया है जो सिविल सर्विस की तैयारी उतने संकल्प के साथ नहीं करता बल्कि उसका दिखावा करके दूसरों पर अपना प्रभाव छोड़ता अधिक दिखाई देता है। वह अपने अध्यापकीय आदर्श के अनुरूप व्यवहार भी नहीं कर पाता और अपनी विद्यार्थी उर्वशी के प्रेम की आकांक्षा रखता है। वह अपने आस-पास के वातावरण तथा व्यक्तियों के साथ इसलिए पूरी तरह से तालमेल नहीं बैठा पाता क्योंकि उसमें सामान्य मनोविज्ञान की समझ का अभाव है। वह एक ऐसा चरित्र है जो न तो पूरी तरह से आदर्शवादी है और न ही यर्थाथवादी।**

व्यंग्य



## मिठास भरे प्रस्ताव और अतिथि आमन्त्रण

डॉ. सुधाकर आशावादी

अपने परम मित्र प्रखर जी ने जैसे तैसे एक काव्य संग्रह प्रकाशित कराया। उनकी बरसों पुरानी साध पूरी हुई, अन्यथा अब तक वह अनेक विमोचन समारोहों में इस उद्देश्य से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे,कि निकट भविष्य में जब उनकी साहित्यिक कृति प्रकाशित होगी, तब वे भी विमोचन समारोह का आयोजन करके साहित्य जगत में अपनी विशिष्टता सिद्ध करेंगे। सो वह घड़ी आ ही गई,जब विमोचन समारोह के आयोजन की तैयारी हेतु परामर्श के लिए मुझे अपने घर पर आमंत्रित किया। कुशलक्षेम के उपरांत वह सीधे मूल विषय पर आ गए, सो बोले - मैं अपनी पुस्तक का ऐसा विमोचन समारोह करना चाहता हूँ कि समारोह अनंत काल के लिए सबकी स्मृतियों में बसा रहे ? मैंने कहा - इसमें कौन सी बड़ी बात है, यह आपकी खर्च करने की क्षमता पर निर्भर करता है कि आप कितना खर्च करते हैं, आपने सुना नहीं कि जितना गुड़ डालोगे मिठास उतनी ही बढ़ेगी।वह बोले - गुड़ और मिठास की नहीं, मैं पुस्तक के विमोचन समारोह की बात कर रहा हूँ। मैंने कहा- मैं भी समारोह की सफलता के उपाय की बात कर रहा हूँ। वह बोले - सही है, पहले सूची बना लेते हैं, कि किन किन लोगों को आमंत्रित करना है, उनके लिए कौन कौन सी व्यवस्था करनी है।

मैंने कहा- मित्र पहले यह याद कीजिये कि अब तक आप जितने भी विमोचन समारोह में गये हैं, उनमें अतिथियों के लिए कैसी व्यवस्थाएं की जाती रही हैं, तनिक गंभीरता से चर्चा कर लें, फिर आयोजन की परिकल्पना करके अनुमानित व्यय का अनुमान लगाते हैं। उन्होंने हाँ में सर हिलाया तथा डायरी लेकर बैठ गये। पहले स्थान, समय और अतिथिगण के उपस्थित होने की संभावनाओं पर विचार करना अपेक्षित था, सो डायरी में अतिथिगण के नाम लिखने की प्रक्रिया प्रारम्भ की। एक एक संभावित अतिथि के नाम पर विचार विमर्श करके यह सुनिश्चित हो जाने पर ही उसका नाम डायरी में लिखा गया, कि अमुक अतिथि के आने से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ेगी। काफी मशक्कत के उपरांत लगभग पचास अतिथि ही आमन्त्रण के योग्य समझे गये। उनकी हैसियत के अनुरूप उपयुक्त स्थल की खोज की गई तो निर्णय लिया गया कि महानगर की पाश कॉलोनी में बने वातानाकूलित सभागार से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता। सभागार के व्यवस्थापकों से बात की तो प्रखर जी के पैरों तले से धरती खिसकती प्रतीत हुई, क्योंकि जितना व्यय पुस्तक के प्रकाशन में आया, उससे डेढ़ गुना व्यय विमोचन समारोह के आयोजन हेतु अनुमानित किया गया था। प्रखर जी मरते क्या न करते, उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि जनम करम में एक ही काव्य संग्रह प्रकाशित हो सका है, यदि इसका ही समुचित प्रचार नहीं किया गया, तो इसे प्रकाशित कराने का लाभ ही क्या है। मुझे भी प्रखर जी की बात में दम प्रतीत हुआ, सो मैंने भी उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए कहा, प्रखर जी, पैसा या तो बात को या स्वाद को, एक बार में ही ऐसा धांसू विमोचन समारोह कर दीजिए कि शहर के गणमान्य साहित्यकार, दिग्गज समाजसेवी, प्रबुद्ध पत्रकार भी दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर हो जाएं। वह उत्साहित होकर बोले - ' और बताओं कि विमोचन समारोह में चार चाँद कैसे लगाए जा सकते हैं ? मैंने कहा - कुछ अधिक नहीं, अति विशिष्ट साहित्यकारों के सम्मान के लिए कुछ गर्म चादरें, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह की व्यवस्था कर लीजिए। शेष सभी अतिथिगण के लिए विमोचित पुस्तक की एक प्रति तथा उपहार में स्मृति चिन्ह की व्यवस्था कर लीजिए, निमंत्रण पत्र में यह निवेदन करना अनिवार्य है कि कार्यक्रम के उपरांत स्वरुचि भोज की व्यवस्था है। प्रखर जी की आँखे चमक उठी, वह बोले - गुरु मान गये। मैंने कहा- क्या मान गए ? वह बोले- यही कि साहित्यिक हो या सांस्कृतिक, प्रत्येक आयोजन की सफलता के लिए मिठास भरे प्रस्ताव जरुरी होते हैं।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है पुलिस झण्डा दिवस


मातहतों को संबोधित करते डीआईजी

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र द्वारा बुधवार को कार्यालय पर पुलिस ध्वज को सलामी दी गयी। पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र द्वारा पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि ध्वज हमारे चरित्र को दशार्ता है और हमारे गौरवशाली इतिहास का भी प्रतीक है।

जिससे हमने देश सेवा एवं लोक सेवा में अपने कौशल, शौर्य व कर्तव्य परायणता से अप्रतीम योगदान दिया है।

**बोले डीआईजी**

### पुलिस ध्वज को दी गई सलामी मनाया गया पुलिस झण्डा दिवस

यह ध्वज हमारे लिए प्रेरणादाई है तथा इस ध्वज के फहराने मात्र से हम सभी में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। हम सबके लिए गर्व की बात है। ध्वज का आकार 04 फिट लम्बा एवं 03 फिट चौड़ा, ध्वज में दो रंग है जिसमें ऊपर लाल रंग एवं नीचे नीला रंग है, इसी दिन पीएसी बल को भी ध्वज प्रदान किया गया था।

## हमारे चरित्र को दर्शाता है पुलिस झण्डा दिवस : एसपी


एसपी को ध्वज लगाते अधिकारी

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द पर पुलिस ध्वज को सलामी दी गयी। पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक का स्वागत पुलिस ध्वज के प्रतीक(स्टीकर) को बांयी जेब के ऊपर चस्पा करके किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्द पर पुलिस ध्वज को फहराते हुए सलामी दी गयी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारीगण सहित अनुचर को पुलिस ध्वज के प्रतीक(स्टीकर) को लगाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि ध्वज हमारे चरित्र को दशार्ता है और हमारे गौरवशाली इतिहास का भी प्रतीक है। जिससे हमने देश सेवा एवं लोक सेवा में अपने कौशल, शौर्य व कर्तव्य परायणता से अप्रतीम योगदान दिया है। उत्तर प्रदेश पुलिस के इतिहास में 23 नवम्बर का दिन विशेष महत्व रखता है। इसलिए उक्त तिथि को "पुलिस झण्डा दिवस" के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। जमालपुर संवाददाता के अनुसार। थाना परिसर में बुधवार को झंडा दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें थानाध्यक्ष मनोज कुमार द्वारा ब्लाक प्रमुख जमालपुर मंजू सिंह के प्रतिनिधि पूर्व व्लाक प्रमुख आनंद सिंह बंटू को फ्लेग पिन लगाते हुए प्रतिक चिन्ह सौंपा। वहीं सभी पुलिस कर्मियों को पुलिस झंडा दिवस का प्रतीक चिन्ह लगाते हुए पुलिस महानिदेशक का संदेश सुनाया गया। पूर्व व्लाक प्रमुख आनंद सिंह बंटू ने सभी पुलिस कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुलिस ध्वज हमारे लिए प्रेरणादायी होने के साथ एक नई उर्जा का संचार प्रदान करता है। मौके पर पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राम ज्ञान सिंह , रामनाथ, विद्याभूषण, मनोज, मान सिंह, राजेश यादव, दिनेश कुमार, रोहित, नेहा त्रिपाठी, शालू मिश्रा, अश्विनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


ध्वज लगाती डीएम व बगल में हैं एडीएम वित्त

### डीएम ने पुलिस झण्डा दिवस पर दीं शुभकामनाएं

मीरजापुर। पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर प्रभात राय ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को झण्डा प्रतीक/स्टीकर लगाया। इस अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने पुलिस के अधिकारियों व पुलिस के जवानों को बधाई दी गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि./रा. शिव प्रताप शुक्ल, नमामि गंगे अमरेन्द्र वर्मा को भी झण्डा प्रतीक/स्टीकर लगाया गया।

# आयुक्त को सीओ सदर ने लगाया झंडा


आयुक्त को ध्वज लगाने के बाद सीओ सदर

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर शैलेन्द्र त्रिपाठी ने आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र को उनके आवास पर पहुंचकर पुलिस ध्वज के प्रतीक स्टिकर को बाएं जेब के ऊपर चस्पा किया। इस दौरान आयुक्त विंध्याचल मंडल योगेश्वर राम मिश्रा ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दिया और कहा कि पुलिस विभाग के लिए यह तिथि बहुत ही गौरवशाली है क्योंकि 23 नवंबर 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उत्तर प्रदेश पुलिस को कलर ध्वज प्रदान किया था।

ध्वज का आकार 4 फीट लंबा 3 फीट चौड़ा ध्वज में दो रंग है जिसके ऊपर लाल एवं नीले रंग हैं। साथ ही उन्होंने पुलिस ध्वज की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर शैलेंद्र त्रिपाठी को भी बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

### जिला बदर को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

हलिया। जिलाधिकारी द्वारा दो माह के लिए जिला बदर किए गए युवक के जिले से बाहर नही जाने पर ड्रमंडगंज पुलिस ने बुधवार को जिला बदर के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में भेज दिया। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बा निवासी महेंद्र केसरी के लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर जिलाधिकारी ने बीते 28 अक्टूबर को दो माह के लिए जिला बदर घोषित किया था आरोपी युवक जिले से बाहर नही जाकर थाना क्षेत्र में घूमता रहता था। बुधवार को उपनिरीक्षक कमलेश यादव कांस्टेबल सुधीर कुमार ने जिलाबदर महेंद्र केसरी को ड्रमंडगंज बाजार से गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा महेंद्र केसरी को दो माह के लिए जिला बदर घोषित किया गया था जिसकी नोटिस तामिल कराई गई थी जिलाबदर होने के बाद भी आरोपी थाना क्षेत्र में घूम रहा था जिसे गिरफ्तार कर गुंडा एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया।

# चिह्नित टॉप टेन अपराधियों पर करें कठोर कार्रवाई : एसपी

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनपद के राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण के साथ जनपद में अपराध की समीक्षा के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में महिला सम्बन्धी अपराध, एस0सी0/ एस0टी0 एक्ट से सम्बन्धित अपराध तथा अन्य गम्भीर अपराधों की सर्किल वार समीक्षा की गयी तथा इससे सम्बन्धित लम्बित विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर यथाशीघ्र निस्तारण एव इस प्रकार के अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशत किया गया।

जनपद के व थानों के चिह्नित टॉप टेन अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों एवं विभिन्न माफियाओं के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही एवं गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 14(1) की कार्यवाही के निर्देश दिये गये। साथ ही प्रचलित विभागीय/ आयोग से सम्बन्धित जाँच व अन्य जाँचों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। समय-समय पर जनपद में पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित चलाये जाने वाले अभियानों को सफल बनाने, अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्यवाही कराने के लिए सुदृढ पर्यवेक्षण हेतु सभी को निर्देशित किया गया।

अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर प्रभावी पुलिस व्यवस्थापन करने, जनपद में अपराध पर नियन्त्रण तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीकान्त प्रजापति, क्षेत्राधिकारी सदर शैलेन्द्र, क्षेत्राधिकारी लालगंज परमानन्द , क्षेत्राधाकारी यातायात अनिल, क्षेत्राधिकारी दीक्षांत राज, क्षेत्राधिकारी मंजरी राव एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### उत्सव भवन निर्माण बन्द पाये जाने पर बिफरीं सीडीओ

मीरजापुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा अपरान्ह एक बजे विकास खण्ड नरायनपुर के ग्राम सिरसी में पूर्वाचल विकास निधि अन्तर्गत विधायक चुनार के अंशधन से स्वीकृत उत्सव भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी नरायनपुर, सहायक अभियन्ता-ग्राअवि कुलदीप सिंह, अवर अभियन्ता-ग्रा0वि0 अरूण कुमार राय, ग्राम प्रधान श्रीप्रकाश व अन्य लोग उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय निर्माण कार्य बन्द पाया गया। पृच्छा करने पर बताया गया कि चारों ओर फसल लगी होने और सामने की ओर पानी भरे होने के कारण सामग्री नहीं आने से कार्य बन्द है। कार्य की लागत रू0 9.80 लाख है जबकि सम्पूर्ण धनराशि माह-मार्च, 2020 में ही निर्गत की जा चुकी है। इस पर गहरी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि तत्काल कार्य प्रारम्भ कराते हुए गुणवत्ता के साथ 10 दिसम्बर, 2022 तक पूर्ण करा कर अवगत करायें अन्यथा अवर अभियन्ता श्री अरूण कुमार राय के साथ ही सहायक अभियन्ता के विरुद्ध भी दण्डात्मक कार्यवाही कर दी जायेगी। मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान को चेतावनी दी गई कि कल से कार्य प्रारम्भ कराते हुए फोटाग्राफ भेजे अन्यथा उनके गॉव में भविष्य में पूर्वाचल विकास निधि के प्रस्ताव की स्वीकृति नहीं दी जायेगी।

# तत्काल प्रारम्भ करें जौसरा भटौली लघु सेतु निर्माण कार्य

## डीएम के निर्देश पर सीडीओ ने की जांच

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा प्रातः 9 बजे जौसरा-भटौली लघु सेतु निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सेतु का निर्माण कार्य पूर्ण है परन्तु दोनों ओर एप्रोच रोड नहीं बनाया गया है।

पृच्छा करने पर अधिशासी अभियन्ता-लो.नि.वि. द्वारा बताया गया कि राज्य सड़क निधि से वर्ष 2019-20 में रु. 01.20 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई थी, सम्पूर्ण धनराशि उपलब्ध है परन्तु एप्रोच रोड को बनाने के लिए आस-पास के किसानों की सहमति न बन पाने के कारण रोड नहीं बन पा रही है। परियोजना पर पुल के दोनों ओर 05 फीट चौड़ी सड़क बना दिया गया है परन्तु पुल को सड़क से जोड़ने के लिए 08 फीट की चौड़ाई में ढ़लान कर सड़क बनाना है, जिसके लिए दोनों ओर के किसानों से बात की की गई, आज सायंकाल तक सहमति हो जायेगी तो कल से कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। पृच्छा करने पर कि दो वर्ष पहले स्वीकृत कार्य अब तक क्यों अपूर्ण है? उपस्थित अवर अभियन्ता द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया, जिस पर रोष प्रकट करते हुए चेतावनी दी गई कि यदि कल से कार्य प्रारम्भ नहीं कराया जाता तो अनुशासनिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता-लोनिवि को निर्देश दिया गया कि स्वंय रूचि लेकर उपजिलाधिकारी से सम्पर्क करके इस कार्य को तत्काल प्रारम्भ कराते हुए शनिवार 26 नवम्बर को सायंकाल तक कार्य की फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सरकारी नाले पर अतिक्रमण करने वाले किसान को नोटिस जारी करने हेतु उपजिलाधिकारी सदर को सूचना दी गई। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता-लोक निर्माण विभाग उपस्थित रहे।

### प्रदर्शन आज

मीरजापुर। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मिशन कंपाउंड से गुरुवार 24 नवम्बर को बारह बजे जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उत्तरप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खबरी के आह्वान पर किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जिला मुख्यालय परिसर में प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी मिन्हाज अहमद उर्फ छोटे खां ने दी।

## महिला का मिला शव, सनसनी

मीरजापुर। थाना को0 देहात की चौकी करनपुर क्षेत्रांतर्गत बहद ग्राम करनपुर की हर्रई नदी में एक महिला रूकुमलता पत्नी अमरजीत पाल निवासिनी मगरदा थाना विंध्याचल मीरजापुर उम्र करीब-38 वर्ष के शव होने की सूचना मिलने पर थाना को0 देहात पुलिस द्वारा तत्काल घटना स्थल पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। मौके पर पुलिस के उच्चाधिकारीगण व मृतका के परिजन मौजूद है। परिजनों द्वारा फौती सूचना देते हुए अवगत कराया गया कि मृतका रूकुमलता उपरोक्त मानसिक रूप से परेशान व बीमार थीं जिनका वाराणसी से इलाज चल रहा था। महिला के शव की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वही अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीकांत प्रजापति ने बताया कि महिला का पोस्टमार्टम महिला डॉक्टर के देखरेख में पैनल के साथ कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा की मौत कैसे हुई। हालांकि यह महिला 2 दिन से भटक रही थी। इसकी मौत कब और कैसे हुई यह जांच का विषय है।

# एनजीटी टीम ने खनन पट्टा स्थलों की जांच की

**किया निरीक्षण**

### शिकायतकर्ता सहित ग्रामीण रहे साथ

### गुरुवार को फिर आएगी एनजीटी टीम

अहरौरा। पूर्व निर्धारित सूचना के आधार पर एनजीटी की टीम बुधवार को दोपहर में क्षेत्र के खनन पट्टा स्थलों को देखने के लिए पहाड़ों पर पहुंची और शिकायतकर्ता को साथ लेकर दो तीन खनन पट्टा स्थलो को टीम ने देखा गुरुवार को टीम पुनः खनन पट्टा स्थलों की जांच करेगी। संपूर्णानंद द्वारा राष्ट्रीय हरित अधिकरण में की गई शिकायत के बाद एनजीटी की टीम बुधवार को दोपहर में क्षेत्र के पहाड़ों में हो रहे अवैध खनन प्रदूषण इत्यादि को देखने के लिए पहुंची।

टीम ने लालपुर एवं भगौती देई की पहाड़ियों पर जाकर कुछ खनन पट्टा स्थलों को देखा और शाम को वापस लौट गई। टीम में एडीएम मिजार्पुर, खान अधिकारी, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण सहित अन्य लोग शामिल रहे। वह शिकायतकर्ता सहित ग्रामीण भी मौके पर उपस्थित रहे।

### दिनभर पहाड़ों में सन्नाटा

एनजीटी की टीम आने की पूर्व सूचना होने के कारण बुधवार को पूरे दिन पहाड़ों में सन्नाटा छाया रहा और क्रेशर, कटर प्लांट सहित खनन के कार्य पूरी तरह बंद रहे। क्षेत्रीय ग्रामीण कहते सुने गए कि एनजीटी की टीम के आने का असर है कि आज पहाड़ों में सन्नाटा छाया हुआ है।

### सड़कों पर कई बार हुआ पानी का छिड़काव

एनजीटी की टीम पहाड़ों की जांच करने के लिए आ रही है इस सूचना पर अहरौरा जमुई मार्ग पर रोशनहर से लेकर भगौतीदेई तक एवं पहाड़ियों में जाने वाले रास्तों पर कई बार टैंकरों से पानी का छिड़काव किया गया कि एक भी धूल का कण उड़ने न पाए और एनजीटी की टीम को सब कुछ चाक-चौबंद नजर आए।

# हनी कॉम्बिंग की कमी मिलने पर ठेकेदार को अंतिम चेतावनी


जांच करतीं सीडीओ

मीरजापुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा बुधवार को प्रातः 10.30 बजे बाह्य न्यायालय चुनार का निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान टाइप-2 आवास में प्रथम तल के शटरिंग, टाइप-3 आवास की चिनाई एवं मुख्य भवन की चिनाई का कार्य अत्यन्त धीमी गति से कराया जा रहा है।

पृच्छ करने पर सहायक अभियन्ता आकाश वर्मा द्वारा बताया गया कि मुख्य भवन हेतु रू 11.90 के सापेक्ष मा. 2.77 करोड़, टाइप-2 व 3 के लिए रू0 3.38 के सापेक्ष रू0 1.69 करोड़ तथा टाइप-5 हेतु रू0 1.77 के सापेक्ष रू0 0.88 करोड़ प्राप्त हुआ है। टाइप-2 व 3 तथा टाइप-5 आवासों की धनराशि हेतु मांग पत्र जिलाधिकारी के हस्ताक्षर से भेजा गया है, शासन से धनराशि अभी प्राप्त नहीं है, जिस कारण कार्य धीमा है। मौके पर केवल 15-20 श्रमिक कार्य करते पाये गए। मुख्य भवन की बीम में हनी कॉम्बिंग आ गई है, पृच्छा करने पर बताया गया कि पानी की कमी से ऐसा हुआ है, जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए इस को एक सप्ताह के अन्दर ठीक कराने के निर्देश के साथ ही भविष्य में इस प्रकार की कमी पाये जाने अथवा गुणवत्ता जांच में कमी पाये जाने पर प्राथमिकी दर्ज करने की चेतावनी दी गयी। मुख्य भवन निर्माण हेतु धनराशि उपलब्ध होने के बावजूद भी कार्य अत्यन्त धीमी गति से कराये जाने पर रोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि कल से श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए कार्य करायें। कार्य की पुनः 01 दिसम्बर, 2022 को समीक्षा की जायेगी, यदि अपेक्षित प्रगति नहीं पायी गई तो सम्बधित के विरूद्ध कार्यवाही कर दी जायेगी।

## चोरी की गई ट्रैक्टर बरामद, छतरी गायब

सीखड़। चुनार कोतवाली क्षेत्र के मगरहां गांव निवासी वेदव्रत सिंह का ट्रैक्टर रविवार रात में अखिलेश सिंह के दरवाजे से गायब हो गया था। उसी रात पेट्रोल पंप के पास से संजय सिंह का अपाचे बाइक भी चोरी हो गया था। वाहन स्वामी वेदब्रत सिंह मुन्ना व संजय ने चुनार कोतवाली में वाहन चोरी होने की सूचना व लिखित तहरीर देकर ट्रैक्टर बरामद करने की गुहार लगाया था। वाहन स्वामी सोमवार से ही ट्रैक्टर खोज रहा था। चुनार कोतवाली के धौहा से रामगढ़ निवासी जितेंदर सिंह को फोन कर बताया कि कुछ युवक एक ट्रैक्टर यहां खड़ी कर के गायब है। वाहन स्वामी ने अपने रिश्तेदार को सूचना देकर ट्रैक्टर का रैकी कर वीडीओ कालिंग कर देखा जिससे पहचान हुआ की ट्रैक्टर अपना है। तत्काल बाद वाहन स्वामी ने जाकर देखा तो ट्रैक्टर में लगा छतरी गायब थी। रोटावेटर नही था। बैटरी से लाइट का डायरेक्ट कनेक्शन कर चोर ट्रैक्टर को ले गए थे। सूचना पर पहुंची चुनार पुलिस ट्रैक्टर को अपने कब्जे ले लिया। वही वाहन स्वामी वेदव्रत सिंह मुन्ना ने बताया कि पुलिस अभी तक ट्रैक्टर चोरी का एफआईआर भी दर्ज नही किया।

# सुरक्षा कवच है यातायात नियमों का पालन करना : नवनीत सेहरा

**कार्यक्रम**

### यातायात जागरूता रैली का किया गया आयोजन


रैली के साथ लोगों को जागरूक करते एसडीएम व सीओ

लालगंज। यातायात संबंधित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रशासन की ओर से यातायात जागरूकता संबंधी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिससे रोड पर दुर्घटनाओं में कमी आए और आमजन यातायात संबंधित नियमों का पालन करें। उसके प्रति जागरूक हो। जिसके क्रम में बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र छात्राओं ने यातायात सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता रैली निकाली।

रैली के मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लालगंज बाजार में जागरूकता अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दिया। आयोजित सड़क यातायात सुरक्षा संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि यातायात सुविधाजनक व्यवस्था है लेकिन उसके नियमों का पालन करना सुरक्षा कवच है। पुलिस क्षेत्राधिकारी परमानंद कुशवाहा ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल व ईयर फोन का प्रयोग न करें। यह वाहन चलाने का पैटर्न अवैधानिक है। कहा कि दुर्घटना का अपना गहरा प्रभाव होता है। जिसके परिवार के लोग गुजर जाते हैं। उस घर परिवार के सदस्यों की पारिवारिक स्थिति बदल जाती है और दुर्घटना विपन्नता लाती है। एआरटीओ संतोष कुमार सिंह ने वाहन चलाने वालों को ट्रैफिक के नियमों का पालन करना चाहिए क्योंकि ट्रैफिक के नियम तोड़ने पर जहां अर्थदंड लगता है वही दुर्घटना भी होने की संभावना बनी रहती है। अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ धर्मजीत सिंह ने छात्र छात्राओं को सड़क के नियमों की जानकारी दिया।

संगोष्ठी में आभार थानाध्यक्ष राम नारायण राम व संचालन जय प्रकाश उपाध्याय ने किया। वहीं छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत, नाटक, भाषण यातायात सुरक्षा सप्ताह पर चलाए जा रहे कार्यक्रम में प्रस्तुत की।

## संक्षेप

### धान मिल मालिकों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन



मीरजापुर। कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे धान मिल मालिकों ने जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा। मिल मालिकों का कहना है कि पिछले वर्ष सरकार के आदेश पर धान की कुटाई कर चावल की आपूर्ति किया गया। लेकिन करीब 42 मिल मालिकों को 10 करोड़ से अधिक के बकाया का भुगतान अबतक नही किया गया है। काम करने के बावजूद उन्हें भुगतान नहीं किया गया। भुगतान न मिलने के कारण श्रमिकों की मजदूरी देना मुश्किल हो गया है। एक तरफ धान क्रय केंद्र पर धान की खरीददारी कर नए सत्र की तैयारी हो रही है। नए सत्र के लिए मजदूरों को मजदूरी न मिलने से कोई उत्साह नहीं है। ऐसे में सरकार की मंशा के अनुसार धान की कुटाई करने में दिक्कत होगी। धनाभाव के कारण मिल की मशीनों का मरम्मत तक नहीं हो सका है। मिल मालिकों ने श्रमिकों के बकाया देने के लिए भुगतान कराने की मांग की है।

### जिलाधिकारी को जन्मदिन पर अधिकारियों ने दी बधाई



मीरजापुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के जन्मदिन पर बुधवार को अधिकारीगण कार्यालय में जिलाधिकारी से मिलकर जन्मदिन की शुभकामना व बधाई दी। इस अवसर पर अपरजिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल, अपरजिलाधिकारी नमामिगंगे अमरेंद्र कुमार वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह व उपजिलाधिकारी सदर चंद्रभानु सिंह ने जिलाधिकारी को बुके देकर जन्मदिन की बधाई देते हुए दीघार्यु व स्वस्थता की कामना की। बतादें कि जिलाधिकारी के जन्मदिन की तिथि किसी को भी जानकारी नही थी। अचानक कुछ स्वयमसेवी संस्थाओं द्वारा केक व बुकें आदि लेकर कलेक्ट्रेट पहुँच कर जिलाधिकारी को अचंभित कर दिया। फिर क्या था जिलाधिकारी के जन्मदिन की जानकारी धीरे- धीरे प्रचलित हो गयी। जानकारी होते ही प्रशासनिक अधिकारीगण, समाजसेवी व मीडियाकर्मी भी जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचकर जिलाधिकारी को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

### दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

मीरजापुर। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सम्बन्धित अपराध में प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी पैरवी कराई गयी। जिसके परिणाम स्वरूप न्यायालय द्वारा आरोपी को नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोप में दण्डित करते हुए 20 वर्षो का कठोर कारावास व 82 हजार के अर्थदण्ड की सजा कराने में सफलता प्राप्त हुई। 21अप्रैल 2021 को थाना पड़री पर वादी द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध अपनी नाबालिक पुत्री को बहला फुसला कर भगाने व दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी जिसके आधार पर थाना पड़री पर मुकदमा पंजीकृत कर तत्काल नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। एसपी द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत उक्त महिला सम्बन्धित अपराध को प्राथमिकता देते हुए थाना पड़री पुलिस एवं मॉनीटरिंग, पैरवी सेल को निर्देशित करते हुए प्रवाभी एवं सशक्त पैरवी कराया गया। जिसके फलस्वरूप न्यायालय में महिला सम्बन्धित उपरोक्त अपराध में दोषी पायें जाने पर आरोपी मनीष उर्फ मोनू पुत्र राज नरायन निवासी गुरखुल्ली पो0 हिनौती थाना पड़री मीरजापुर को 20 वर्षो का कठोर कारावास एवं 82 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच घायल

अहरौरा। स्थानीय थाना क्षेत्र अलग अलग जगहों पर सड़क हादसे में बाइक और बोलेरो सवार पांच लोग घायल हो गए। अहरौरा थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के घाटमपुर के पास बोलेरो के चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जीवित पुत्र सत्यनारायण उम्र 25 वर्ष निवासी पट्टीहटा बोलेरो अहरौरा से वाराणसी के तरफ जा रहा था, जहां बाइक सवार को टक्कर मार दिया। राहगीरों की मदद से पुलिस को सूचना मिली तो मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने उपचार करने के बाद ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना अहरौरा चकिया मुख्य मार्ग पर चौकी क्षेत्र के पियरवा पोखरा के पास बोलेरो की चपेट में आने से वीरू पुत्र मल्लू सोनकर उम्र 28 वर्ष अभिषेक पुत्र लखविंदर साहनी उम्र 22 वर्ष निवासी पियरवा पोखरा तथा बोलेरो में सवार कुल 8 लोग थे, जिसमें 2 लोगों को गंभीर चोटे आई। अन्नू मौर्य पुत्र चंद्र लाल मोर्य निवासी बिदुपुर सोनभद्र उम्र 22 वर्ष दिनेश मौर्य पुत्र मखुड़ी प्रसाद निवासी भटौली थाना रावर्टसगंज सोनभद्र उम्र 30 वर्ष जो गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

### परिवारिक विवाद में सास, ससुर सहित चार घायल

राजगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव में पुत्र व बहू द्वारा सास ससुर व देवर को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार राजगढ़ गांव निवासी ज्ञानी सोनार के घर काफी दिनों से पारिवारिक विवाद चल रहा था। मंगलवार की शाम ज्ञानी सोनार अपने घर मे भोजन कर रहे थे, तभी उनकी बहू दिव्या सोनी अपने ससुर ज्ञानी सोनार व सास शिव कुमारी को गाली गुप्ता देते हुए पत्थर फेंक फेंक कर मारने लगी। मारपीट होता देख बीच-बचाव करने के लिए पहुंचे देवर विकास 20 वर्ष तथा राजू 18 वर्ष घायल हो गए। वहीं शोर शराबा सुनकर पति दिलीप भी लाठी डंडा लेकर मौके पर पहुंच गया। जिससे दिलीप व उसकी पत्नी दिव्या सोनी लाठी डंडे व ईंट पत्थर लेकर सास, ससुर व देवर पर टूट पड़े। जिससे मारपीट में ज्ञानी सोनार 62 वर्ष, पत्नी शिव कुमारी 57 वर्ष, पुत्र विकास 20 वर्ष तथा राजू 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दिव्या सोनी भी मारपीट में घायल हो गयी। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को मंडलीय चिकित्सालय मीरजापुर के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मौका मुआयना किया गया तथा दिव्या सोनी का मेडिकल कराकर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया।

### बीमा कर फ्रॉड करने वाला आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना विन्ध्याचल, मीरजापुर पर 19 अक्टूबर को थाना विन्ध्याचल क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भटेवरा निवासी डाक्टर कुमार पुत्र स्व0सरजू प्रसाद द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध 05 वर्ष की निर्धारित अवधि में मूलधन को दुगना करने का बीमा कराकर 5 लाख का फ्राड करने व पैसा मांगने पर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर धारा 406,420,467,468,471,504,506 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त फ्राड की घटना को गंभीरता से लेते हुए सन्दर्भित प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक विन्ध्याचल को निर्देश दिए गये थे। उक्त निर्देश के क्रम में कार्यवाही करते हुए बुधवार को उ0नि0 अजय कुमार मिश्रा मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से नामजद आरोपी अजय बिन्द पुत्र हिंचलाल निवासी दुबहा थाना विन्ध्याचल मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### सड़क दुर्घटना में साइकिल चालक की मौत

जिगना। विंध्याचल थाना अंतर्गत विहसड़ा के पास सेमरी मोड़ पर सड़क दुर्घटना में साइकिल चालक की मौत हो गई और उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। आपको बता दें साइकिल चालक भाई लाल गुप्ता पुत्र स्वर्गीय ठाकुर प्रसाद गुप्ता अपनी पत्नी राजकुमारी गुप्ता को लेकर घर से दूर दवा के लिए गया था। लौटते समय धान काटने वाली मशीन हार्वेस्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे साइकिल चालक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। पत्नी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोंई ले जाया गया। जहां गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। खबर सुनते ही हजारों की भीड़ इकट्ठा हो गई और परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के एक लड़का और एक लड़की है। लड़की विवाहित हो चुकी है और लड़का करके प्राइवेट नौकरी करता है। पत्नी की दोनो पैर टूट गया है। ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। मौके पर चौकी प्रभारी गैपुरा रविकांत मिश्रा दल बल के साथ पहुंच कर जाम हटवाया और विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### प्रशिक्षण में दी गई स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी

हलिया। बुधवार को स्थानीय उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एएनएम बैठक के दौरान प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक सरोज राणा यूनिसेफ रीजनल कोऑर्डिनेटर विंध्याचल मंडल की अध्यक्षता में क्षेत्र के नियुक्त एएनम की मासिक बैठक में सभी एएनम को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें गर्भवती, धात्री महिलाओं व जीरो से पांच वर्ष तक बच्चों के टीकाकरण गर्भवती महिलाओं की जांच तथा कम वजन के जन्मे नवजात शिशु पर चर्चा स्टॉक रजिस्टर जैसे स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान डॉक्टर अभिषेक जयसवाल, यूनिसेफ बीएमसी अंकित शुक्ला, टीकाकरण से वंचित बच्चों के टीकाकरण तथा प्रतिरोधी परिवार को टीकाकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर बीएसडब्ल्यू गिरजा प्रसाद, डब्ल्यूएचओ प्रवीण दुबे, एनम अंजू, आंचल, संगम, मालती, मंजू सिंह, शिल्पा, कमलेश आदि एएनम व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स



स्पेन में डेविस कप टेनिस में खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनोर और नीदरलैंड के बोटिक वेन डी।

# एकदिवसीय सीरीज में बदलावों से उतरेगी टीम इंडिया, शुभमन और धवन करेंगे पारी की शुरूआत

## सलामी बल्लेबाज शिखर धवन टीम के कप्तान होंगे, चाहर की होगी वापसी , सैमसन को भी मिल सकता है अवसर

**मुम्बई।** टी20 क्रिकेट सीरीज में जीत के बाद अब टीम इंडिया मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में जीत के इरादे से उतरेगी। इस सीरीज में सलामी बल्लेबाज शिखर धवन टीम के कप्तान होंगे। वहीं टी20 में कप्तानी करने वाले हार्दिक पंड्या को आराम दिया गया है। इस सीरीज में भारतीय टीम की अंतिम ग्यारह में कुछ बदलाव भी हो सकते हैं।

एकदिवसीय सीरीज में ईशान किशन को शामिल नहीं किया गया है। ऐसे में शिखर धवन और शुभमन गिल पारी की शुरूआत करते दिखेंगे। इस सीरीज में धवन ओर शुभमन के पास टीम को अच्छी शुरूआत देकर अपने को साबित करने का अवसर मिलेगा। मेजबान टीम के खिलाफ इस एकदिवसीय सीरीज के पहले मैच में ऑलराउंडर शाहबाज अहमद और शार्दुल ठाकुर को शामिल किया जा सकता है। शार्दुल ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका अफ्रीका के खिलाफ मैच में अच्छी गेंदबाजी और बल्लेबाजी की थी। इस बार स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के नहीं होने से शार्दुल पर उनकी कमी पूरी करने की जिम्मेदारी रहेगी।



वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को टी20 सीरीज में अवसर नहीं मिला था पर अब उन्हें अवसर मिल सकता है। उन्होंने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के तीन मैचों एक अर्धशतक की सहायता से 118 रन बनाए थे। वहीं विकेटकीपर ऋषभ पंत को एकदिवसीय सीरीज के लिए भी उप-कप्तान बनाया गया है। ऐसे में सैमसन को एक बल्लेबाज के तौर पर ही जगह मिलेगी। इस सीरीज में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर दीपक चाहर भी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। चाहर नई गेंद से विकेट लेने की कला जानते हैं। ऐसे में न्यूजीलैंड की स्विंग और उछाल भरी पिचों पर वह खासे सफल हो सकते हैं।

**भारतीय एकदिवसीय टीम इस प्रकार है :**

शिखर धवन (कप्तान), ऋषभ पंत (उप-कप्तान), शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, दीपक हुडा, श्रेयस अय्यर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, शाहबाज अहमद, दीपक चाहर, वॉशिंगटन सुंदर, उमरान मलिक, कुलदीप सेन, अर्शदीप सिंह और शार्दुल ठाकुर।

## गप्टिल ने केन्द्रीय अनुबंध छोड़ा, दुनिया भर में टी20 लीग खेलेंगे

नेपियर। ट्रेंट बोल्ट और ऑलराउंड कोलिन डी ग्रैंड होम के बाद अब न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल ने भी केन्द्रीय अनुबंध छोड़ दिया है। इस प्रकार अनुभवी खिलाड़ियों के केन्द्रीय अनुबंध छोड़ने से न्यूजीलैंड क्रिकेट की चिन्ताएं बढ़ गयी हैं। 36 साल के गप्टिल के नाम एकदिवसीय में दोहरा शतक है। इतना ही नहीं उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 3 हजार से अधिक रन बनाये हैं। हाल में ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 विश्व कप के एक भी मैच में उन्हें अवसर नहीं मिला था। इसके अलावा भारतीय टीम के खिलाफ टी20 और एकदिवसीय सीरीज के लिए उन्हें टीम तक में जगह नहीं दी गई। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, गप्टिल ने केन्द्रीय अनुबंध से हटने का अनुरोध हमसे किया था, जिसे मान लिया गया है। उन्हें तत्काल प्रभाव से इसकी अनुमति मिल गई है। इससे साफ है कि वह अब विश्वभर की लीग में खेल सकेंगे। गप्टिल टी20 क्रिकेट में न्यूजीलैंड की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इस बल्लेबाज ने हालांकि कहा कि अभी उनका संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है और राष्ट्रीय टीम में चयन होने पर वह खेलने के लिए तैयार हैं। वहीं क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट ने कहा कि हम इस क्रिकेटर की स्थिति को समझते हैं।



## अनुष्का–विराट ने 2.76 लाख रुपये में किराये का घर लिया

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने मुंबई में किराए पर एक छोटा सा फ्लैट लिया है, जिसके महीने का किराया ही सुनकर आप हैरान हो जाएंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार विराट और अनुष्का ने हाल ही में मुंबई के जुहू में एक फ्लैट किराए पर लिया है। ये फ्लैट केवल 1650 स्क्वायर फीट है, जहां से पूरा समुद्र दिखता है। इस नए फ्लैट का किराया तकरीबन 2.76 लाख यानी कि पौने दो लाख के आसपास है। वहीं इस फ्लैट के लिए इस कपल ने लगभग साढ़े सात लाख डिपोजिट दिया है। अनुष्का और विराट के जुहू स्थित किराए के घर के मालिक पूर्व क्रिकेटर समरजीत सिंह गायकवाड़ है। विराट और अनुष्का ने जुहू में यह फ्लैट क्यों लिया है। इसका अभी कोई कारण पता नहीं चला है।

# टी-20 रैंकिंग में सूर्या नंबर-1 पर कायम: ताजा रैंकिंग में 890 पॉइंट्स, विराट को दो स्थान का नुकसान

## दूसरे नंबर पर रहे पाकिस्तान के बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के 836 अंक

**दुबई।** टीम इंडिया के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। सूर्यकुमार ने मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में जो तेज शतक लगाया था। उसका भी उन्हें लाभ मिला है। उनके अब 890 अंक हैं वहीं दूसरे नंबर पर रहे पाकिस्तान के बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के 836 अंक हैं। इस प्रकार अंकों के अंतर के मामले में अभी भी सूर्यकुमार कहीं आगे हैं। वहीं न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने भारत के खिलाफ टी 20 श्रृंखला के अंतिम मैच में 59 रनों की पारी खेली थी जिससे वह एक स्थान के लाभ के साथ ही तीसरे स्थान पर पहुंच गए जबकि ग्लेन फिलिप्स सातवें नंबर पर हैं। दूसरी ओर गेंदबाजी रैंकिंग में टिम साउदी दो पायदान ऊपर संयुक्त 14वें स्थान पर पहुंच गये हैं।




वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में कप्तानी करने वाले हार्दिक पंड्या संयुक्त 50वें स्थान पर पहुंच गए जबकि तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार दो स्थान के लाभ के साथ ही 11वें स्थान पर पहुंच गये हैं। वहीं तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह एक स्थान के लाभ से 21वें स्थान पर और युजवेंद्र चहल आठ स्थान के लाभ से 40वें स्थान पर पर पहुंच गये हैं।

सूर्यकुमार यादव ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए। 2 मुकाबलों में उनके बल्ले से 124 रन निकले हैं। इसमें एक शतक शामिल है। सर्या ने दूसरे टी-20 मुकाबले में शतकीय पारी खेली थी। यह उनके करियर का दूसरा शतक था। इस मैच के बाद सूर्या के 895 रेटिंग पॉइंट्स हो गए थे।

लेकिन, दूसरे मैच में फेल होने की वजह से उन्हें पांच पॉइंट्स का नुकसान उठाना पड़ा। आईसीसी हर बुधवार को ही रैंकिंग जारी करती है। इसलिए पहले मैच के बाद के उनके रेटिंग पॉइंट्स सामने नहीं आए।

## गोवा में मुश्किल में फंसे पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह

***बिना मंजूरी विला को होम स्टे बनाया; टूरिज्म विभाग ने नोटिस भेज जवाब मांगा***



पूर्व इंडियन क्रिकेटर युवराज सिंह गोवा में मुश्किल में फंस गए हैं। गोवा में युवराज ने एक विला का व्यवसायिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल शुरू कर दिया। इसका पता चला तो गोवा टूरिज्म विभाग ने उन्हें नोटिस जारी कर दिया। गोवा टूरिज्म डिपार्टमेंट के डिप्टी डायरेक्टर ने 'कासा सिंह' नामक इस विला के पते पर उन्हें नोटिस जारी किया है। जिसमें कहा गया कि युवराज ने गोवा के मोरजिम में बनाए विला का होम स्टे के तौर पर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। इसके लिए गोवा में संबंधित एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया।

युवराज को 8 दिसंबर को पेश होने को कहा गया है। टूरिज्म ट्रेड एक्ट के तहत अपनी प्रॉपर्टी रजिस्टर्ड न करवाने पर क्रिकेटर युवराज सिंह को गोवा सरकार ने नोटिस जारी करते हुए पूछा है कि क्यों न उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जाए। टूरिज्म डिपार्टमेंट के तहत प्रॉपर्टी रजिस्टर्ड न करवाने से जुड़े मामले में यह नोटिस जारी किया गया है।

टूरिज्म विभाग ने उन्हें कहा है कि कथित रूप से इस रिहायशी प्रॉपर्टी को ऑनलाइन प्लेटफार्म एयरबीएनबी पर कमर्शियल उद्देश्य के लिए दिखाया जा रहा है।

# धोनी की शानदार फिटनेस वाली तस्वीरें वायरल हुई

**मुम्बई ।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद भी प्रशंसकों में लोकप्रिय बने हुए हैं। धोनी आजकल टेनिस खेलते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने हाल ही में एक पुरुष युगल टूनार्मेंट में जीत दर्ज की। इस दौरान उनके साथी खिलाड़ी सुमित रहे। वहीं धोनी की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई हैं इसमें उनकी शानदार फिटनेस देखने में आई हैं। है



धोनी की फिटनेस देखने के बाद प्रशंसक वर्तमान टीम के खिलाड़ियों की हंसी उड़ाते दिखे। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में धोनी को स्पोर्ट्स की टैंक टी शर्ट में देखा जा सकता है जिसमें उनकी फिटनेस को साफ तौर पर देखा जा सकता है। इन तस्वीरों को देखने के बाद प्रशंसकों ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की फिटनेस को लेकर जमकर मीम्स साझा किये।

टी20 विश्व कप में टीम इंडिया की हार के बाद रोहित की फिटनेस पर सवाल उठे। वहीं इसी बीच धोनी की तस्वीरें देखकर एक प्रशंसक ने मजेदार मीम पोस्ट कर रोहित का मजाक उड़ाया है। उस पोस्ट में विराट कोहली रोहित को धोनी की फिटनेस दिखा रहे हैं। साथ ही पोस्ट में लिखा कि वह रिटायर हो चुके हैं। आईपीएल के अगले सत्र में धोनी एक बार फिर चेन्नई सुपरकिंग्स की कप्तानी करते दिखेंगे।

## फीफा विश्वकप के बीच ही रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़ा

**दोहा ।** पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फीफा विश्व कप के बीच ही इंग्लैंड के क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड को छोड़ दिया है। रोनाल्डो के इस क्लब को छोड़ने की अटकलें पिछले काफी समय से चल रहीं थीं क्योंकि कोच टेन हेग से उनके मतभेद बढ़ते जा रहे थे। इस कारण कई मुकाबलों से उन्हें बाहर भी होना पड़ा था। वहीं यूनाइटेड ने भी रोनाल्डो के क्लब छोड़ने की बात मान है। इसके साथ ही उसने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं। क्लब के अनुसार रोनाल्डो ने आपसी सहमति से करार समाप्त किया है। पिछले माह रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड प्रबंधन और कोच पर कई आरोप लगाए थे। जिसके बाद से ही वह नाराज चल रहे थे। वहीं अब फीफा विश्व कप के बीच में ही रोनाल्डो ने करार समाप्त कर क्लब को करारा झटका दिया है। वहीं गत माह रोनाल्डो ने कहा था कि कोच के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिये पर प्रबंधन ने ऐसा नहीं किया। उसके बाद ही उन्होंने क्लब को छोड़ने के संकेत दे दिये थे। वहीं, अब क्लब छोड़ने के बाद इस खिलाड़ी ने कहा, यह मेरे लिए नई चुनौती तलाश करने का सही समय है। मैं टीम और उसके हर सदस्य को बाकी सत्र के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इस फुटबॉलर ने मैनचेस्टर के लिए कुल 346 मैच खेलकर 145 गोल भी दागे हैं। उन्होंने पिछले माह ही कहा था कि एलेक्स फर्ग्यूसन के जाने के बाद क्लब आगे नहीं बढ़ा है। वहीं कोच को लेकर कहा था कि मेरे मन में उनके लिए कोई सम्मान नहीं है। इसका कारण यह है कि कोच किसी का सम्मान नहीं करते हैं।



## भारत की हरनवदीप ने एशियन एयरगन चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता

**चंडीगढ़।** भारत की हरनवदीप कौर ने एशियन एयरगन चैंपियनशिप-2022 में स्वर्ण पदक जीता है। बठिंडा की हरनवदीप ने इससे पहले राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीता था। अब कोरिया में स्वर्ण जीतकर इस खिलाड़ी ने देश का मान बढ़ाया है। इस चैंपियनशिप में एशियाई देशों के 20 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया था। 10 मीटर वर्ग में उन्होंने सभी देशों को हरा कर भारत के लिए स्वर्ण जीता है।



हरनवदीप ने कोरिया में आयोजित एशियन एयरगन चैंपियनशिप-2022 में 1 मीटर एयर पिस्टल यूथ टीम में कोरिया की टीम को फाइनल में 10-16 के अंतर से हरा कर स्वर्ण अपने नाम किया। हरनवदीप ने इस सफलता का श्रेरु अपने पिता नवतेज खोखर व माता मनदीप कौर खोखर को दिया है। इसके अलाव अपने कालेज के डायरेक्टर डा. जी.एस. नागपाल व डा. एच.के. नागपाल के सहयोग के लिए भी धन्यवाद किया। वहीं नागपाल ने खुशी प्रकट करते हुए कहा कि हरनवदीप ने अपने कालेज का नाम पूरे एशिया में रौशन किया है। अब उन्हें उम्मीद है कि वह ओलंपिक में भी जीत दर्ज करेगी।



कतर में फीफा विश्वकप फुटबॉल में फ्रांस के ओलीवर गिरोड गोल करने के लिए किक लगाते हुए।

## जाफर ने पंड्या को निडर कप्तान बताया

**मुम्बई।** पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने भारतीय टीम के कार्यवाहक टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह एक साहसी कप्तान हैं। हार्दिक की कप्तानी में भी भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज 1-0 से जीती है। जाफर ने कहा , भारतीय टीम तीसरे मैच में मेजबान न्यूजीलैंड से आगे थी। मैच में खेल को लेकर जागरूकता थी, टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख रखा था क्योंकि उसे पता था कि कभी भी बारिश हो सकती है। ऐसे में रन औसत देखा जाएगा। इससे जब मैच जब रोका गया तो भारत डकवर्थ लुईस नियम के हिसाब से स्कोर टाई करने में सफल रहा। जाफर ने कहा कि मैं हार्दिक की कप्तानी को आईपीएल से देख रहा हूं और उनकी कप्तानी से प्रभावित हूं। पहले ही सत्र में इस तरह से आईपीएल की ट्रॉफी जीतना आसान नहीं था।



दोहा में मैक्सिको ओर पोलैंड के बीच हुए फीफा विश्वकप मुकाबले में खेलते हुए मैक्सिको के राउल रमीरेज और पोलैंड के कैमिल ग्लीक।

# पायलट-गहलोत में फिर दिखा टकराव: राहुल की यात्रा की तैयारियों पर हुई मीटिंग में दूर-दूर बैठे

## मीटिंग खत्म होने से 30 मिनट पहले निकल गए सचिन, दोनों में नहीं हुई बात, पायलट बोले- राहुल गांधी की यात्रा से भाजपा के लोग विचलित हैं, वह यात्रा में बाधा डालना चाहते हैं




**जयपुर ।** राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस नेता सचिन पायलट के बीच की तल्खी बुधवार को एक बार फिर जाहिर हुई। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में आने वाली है। इसकी तैयारियों को लेकर बुलाई गई बैठक में गहलोत और पायलट दूर-दूर बैठे दिखे। दोनों नेताओं ने आपस में बात भी नहीं की। सचिन पायलट तो मीटिंग खत्म होने से पहले ही वहां से चले गए। राजस्थान में 25 सितंबर को हुए सियासी बवाल के बाद पहली बार दोनों नेता किसी इवेंट में एक साथ पहुंचे थे।

दरअसल, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 3 दिसंबर को यात्रा राजस्थान में आएगी। राहुल यहां 17 दिन तक रहेगी और यहां से हरियाणा जाएगी। यात्रा की राजस्थान में तैयारियों को लेकर समन्वय समिति की पहली मीटिंग कांग्रेस वॉर रूम में हुई। इसमें समिति के 33 सदस्य शामिल हैं। कांग्रेस की बैठक में गहलोत और पायलट की कुर्सी दूर-दूर थीं। पायलट हरीश चौधरी के बगल में बैठे। वहीं, अशोक गहलोत के एक ओर जितेंद्र सिंह और दूसरी ओर प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा बैठे थे। करीब 12 बजे शुरू हुई मीटिंग में अशोक गहलोत देरी से पहुंचे और सचिन पायलट मीटिंग खत्म होने से करीब आधा घंटे पहले निकल गए।

भारत जोड़ो यात्रा में बुधवार को मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में है। बैठक में तय किया गया कि समन्वय समिति के सदस्य 25 नवंबर को राजस्थान में मध्य प्रदेश बॉर्डर से लेकर हरियाणा बॉर्डर तक के 527 किलोमीटर रूट का जायजा लेंगे।

गुर्जर नेता विजय बैसला की धमकी और गुर्जर सीएम से जुड़े सवाल पर सचिन पायलट ने कहा, कांग्रेस पार्टी जब 21 सीट पर सिमट गई थी, हमें उस समय सब वर्गों से सहयोग मिला। हमें बहुमत सब वर्गों के सहयोग से मिला। उस बहुमत पर हम कारगर उतर सके उसकी कोशिश है। भाजपा की नीति तोड़ने की है, यात्रा का मकसद जोड़ना है। राहुल गांधी की यात्रा से भाजपा के लोग विचलित हैं। वह यात्रा में बाधा डालना चाहते हैं। यह कोई राजनीतिक यात्रा नहीं है, इसके जरिए राहुल गांधी लोगों की बात सुन रहे हैं। राजस्थान में यात्रा भी सफल होगी।

भारत जोड़ो यात्रा की समन्वय समिति में प्रदेश प्रभारी अजय माकन मेंबर हैं, लेकिन वह इस्तीफा दे चुके हैं, ऐसे में बैठक में शामिल नहीं हुए। माकन ने 8 नवंबर को ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी भेजकर राजस्थान प्रभारी के पद से इस्तीफा दे दिया था। माकन का इस्तीफा अभी मंजूर नहीं हुआ है, लेकिन उन्होंने राजस्थान को लेकर कोई बैठक या फैसला भी नहीं किया है। *एजेंसी*

### कर्मचारियों की छंटनी को लेकर अमेजन इंडिया को श्रम मंत्रालय ने भेजा नोटिस

**बेंगलुरु।** श्रम मंत्रालय ने कर्मचारियों की छंटनी को लेकर अमेजन इंडिया को समन भेजा है। मंत्रालय ने साक्ष्यों के साथ निजी तौर पर या किसी प्रतिनिधि के माध्यम से बुधवार को बेंगलुरु स्थित डिप्टी लेबर कमिश्नर के सामने पेश होने को कहा है। दरअसल, कर्मचारी यूनियन नैससेंट इन्फार्मेशन टेक्नोलाजी इंप्लाइज सीनेट (एनआइटीईएस) ने अमेजन इंडिया पर श्रम कानून के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए मंत्रालय से इसकी शिकायत की थी, जिसके बाद अमेजन इंडिया को नोटिस जारी किया गया है। यूनियन ने श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर कहा है कि अमेजन के कर्मचारियों को जबरन कंपनी से बाहर निकाला जा रहा है। यूनियन ने जांच की मांग करते हुए कहा है कि कर्मचारियों को कंपनी की तरफ से वालेंट्री सेप्रेशन प्रोग्राम भेजा जा रहा है और 30 नवंबर 2022 तक इसे पूरा करने की समयसीमा दी गई है। कर्मचारी यूनियन के मुताबिक अमेजन इंडिया के इस फैसले से कई कर्मचारियों की जीविका खतरे में पड़ गई है।

## प्रियंका ने बेटी मालती का फोटो पहली बार सोशल मीडिया पर शेयर की



**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने बीते दिनों 3 साल बाद भारत आकर खूब सुर्खियां बटोरी थी। इ इस दौरान लोग ने प्रियंका के भारत आने पर उनकी बेटी मालती के बारे में भी पूछा था। प्रियंका ने अब तक अपनी बेटी के चेहरे को रिवील नहीं किया है। इसके बाद फैंस अक्सर प्रियंका से डिमांड करते नजर आते हैं कि उन्हें उनकी लाडली बेटी का चेहरा देखना है। प्रियंका ने आखिरकार काफी समय बाद फैंस की इस मुराद को पूरा किया है। हाल ही में प्रियंका ने अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस की एक झलक दिखाई, जिसे देखने के बाद फैंस काफी खुश हुए हैं। प्रियंका अक्सर अपनी लाडली के साथ क्वालिटी टाइम बिताते हुए सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करती हैं। वैसे प्रियंका अपनी बेटी को मीडिया की चकाचौंध से दूर रखती हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने मालती की एक झलक दिखाई। प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया पर बेटी की एक तस्वीर साझा की, जिसमें पहली बार उनका चेहरा देखने को मिला। तस्वीर में मालती सोती हुई नजर आ रही हैं। प्रियंका ने तस्वीर को अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया है। इस पर लोगों की ताबड़तोड़ प्रतिक्रियाएं भी आ रही हैं। तस्वीर अलग-अलग जगहों पर वायरल हो रही है। एक यूजर ने फोटो पर कमेंट कर लिखा है, 'ये बिलकुल जीजू पर गई है।

## खास खबर

### एयरबस का सुपर ट्रांसपोर्टर प्लेन पहली बार भारत में, मुंबई एयरपोर्ट पर लैंडिंग



एयरबस बेलुगा सुपर ट्रांसपोर्टर विमान बुधवार को पहली बार भारत में उतरा। विमान ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग की।

### खनन को लेकर पंजाब सरकार को हाईकोर्ट से झटका, बिना पर्यावरण मंजूरी के खनन पर रोक लगाई

पंजाब में माइनिंग मुद्दे पर पंजाब सरकार को हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने बिना पर्यावरण मंजूरी के किसी भी निजी ठेकेदार के खनन पर रोक लगा दी है। जानकारी के मुताबिर फिरोजपुर ब्लॉक-3 में चल रहे माइनिंग साइट्स का मामला कोर्ट पहुंचा था। निजी ठेकेदार ने कोर्ट में सरकार पर अवैध खनन करने का आरोप लगाया था।

### रूस ने मैटरनिटी हॉस्पिटल पर मिसाइल दागी, बच्चे की मौत

यूक्रेन अथॉरिटीज ने बुधवार को दावा किया कि उनके देश के एक मैटरनिटी हॉस्पिटल पर रूस ने मिसाइल दागी है। हमले में एक नवजात की मौत हो गई है। बच्चे की मां और एक डॉक्टर को मलबे से निकाल लिया गया है। दोनों घायल हैं। मिसाइल इस हॉस्पिटल के एक वॉर्ड से टकराई।

### गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान सूरत में कार से मिले 75 लाख

गुजरात में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सूरत में चुनाव आयोग की फ्लाइंग स्कॉड टीम ने एक कार से 75 लाख रुपए नकद बरामद किए। आयकर विभाग ने रुपए सीज कर जांच शुरू की है।

## अयोध्या में 108 एकड़ में होगा राम जन्मभूमि परिसर का विस्तार

### इस कारण लिया गया निर्णय



**अयोध्या।** रामजन्मभूमि परिसर 108 एकड़ का होगा। अभी यह परिसर 75 एकड़ के करीब है। नौ नवंबर 2019 को सुप्रीमकोर्ट के आदेश के साथ रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को मंदिर और उससे जुड़े निर्माण के लिए 67.77 एकड़ से कुछ अधिक भूमि प्राप्त हुई। ट्रस्ट को इसके बाद मंदिर को अधिकाधिक भव्यता देने के हिसाब से कुछ और भूमि की आवश्यकता महसूस हुई और इसी आवश्यकता के अनुरूप तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट गत दो-ढाई वर्ष से परिसर को विस्तार देने में लगा है। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल के अनुसार ट्रस्ट ने सतत प्रयास के बाद सात-आठ एकड़ भूमि क्रय करने में सफलता पाई है, किंतु परिसर के विस्तार का अभियान यहीं थमने वाला नहीं है। चौपाल बताते हैं कि ट्रस्ट शुभ संख्या के अनुरूप रामजन्मभूमि परिसर 108 एकड़ में विकसित करने की योजना पर विचार कर रहा है। हालांकि इससे रामजन्मभूमि परिसर के पड़ोसियों को घबड़ाने की आवश्यकता नहीं है। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सामने वाले को हर दृष्टि से सहमत कर यह भूमि प्राप्त करने का प्रयास करेगा। अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि की समुचित कीमत दी ही जाएगी। चौपाल हाल में ली गई भूमि अथवा भवन का उदाहरण देते हुए कहते हैं, रामलला के लिए भूमि अधिग्रहीत करने की पूर्व प्रक्रिया भी पूरी तरह न्यायसंगत रही है। परिसर को विस्तार दिए जाने के प्रयास की वकालत करते हुए वह याद दिलाते हैं कि मंदिर के आकार-प्रकार में करीब डेढ़ गुणा की वृद्धि के साथ परिसर का विस्तार अपेक्षित था और जब मंदिर निर्माण के बाद से रामलला के दर्शनार्थियों की संख्या में चार-पांच गुणा की वृद्धि संभावित है, तब राम मंदिर परिसर को अधिकाधिक प्रशस्त बनाना कहीं अधिक जरूरी हो जा रहा है। इसी दायित्व को ध्यान में रख कर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मंदिर परिसर से जुड़ने वाले रामपथ एवं भक्तिपथ को भी मानक के अनुरूप चौड़ा बनाए जाने का पक्षधर है।

### प. बंगाल के राज्यपाल के रूप में सीवी आनंद ने ली शपथ

**कोलकाता।** कोलकाता में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में सीवी आनंद को बुधवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। इस दौरान राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौजूद रहीं। सीवी आनंद बोस ने कोलकाता में राज्य के राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण के बाद प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व अन्य नेताओं से मुलाकात की। वहीं राज्यपाल के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर भी विवाद हो गया है। भाजपा ने राज्य सरकार की ओर से किए गए इंतजाम पर सवाल उठाए हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि राज्यपाल को बधाई देते हुए मैं कहना चाहता हूं कि आज मैं और बंगाल के भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार राजभवन में शपथ समारोह के लिए पहुंचे थे लेकिन हमें दरवाजे से लौटना पड़ा। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने शपथ ग्रहण समारोह में बैठने के लिए राज्य के मंत्रियों के हिसाब से इंतजाम किए, अगर टीएमसी सांसदों को आमंत्रित किया जा सकता है और वे सबसे आगे बैठ सकते हैं तो सुकांत मजूमदार को क्यों नहीं आमंत्रित किया गया? वह भी सांसद हैं। यह एक अभद्र राजनीति का शर्मनाक उदाहरण कि विपक्ष के नेता यानि मेरी कुर्सी विधायक कृष्णा कल्याणी और विश्वजीत दास जोकि भाजपा के टिकट पर चुने गए थे।

## गुजरात में पीएम मोदी ने कांग्रेस को घेरा: राष्ट्रपति चुनाव में आदिवासी महिला का क्यों नहीं किया समर्थन

### गुजरात में चुनाव प्रचार में सभी पार्टियों ने एड़ी चोटी का जोर लगाया



**दाहोद (गुजरात)।** गुजरात में चुनाव प्रचार काफी जोर-शोर से चल रहा है। सभी पार्टियों ने चुनाव प्रचार में एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। पीएम मोदी पिछले तीनों दिनों गुजरात में जनसभाएं और रोडशो कर रहे हैं। यहां पर उनके निशाने पर कांग्रेस पार्टी है। दाहोद में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सवाल किया कि अगर विपक्षी दल को आदिवासियों की इतनी चिंता है तो कांग्रेस ने राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू का समर्थन क्यों नहीं किया। वह मध्य गुजरात के आदिवासी बहुल दाहोद शहर में क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवारों के लिए एक चुनावी रैली में बोल रहे थे। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 5 दिसंबर को मध्य गुजरात के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा।

सूरत जिले के आदिवासी बहुल महुवा गांव में सोमवार को एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आदिवासियों के अधिकार छीनने का आरोप लगाया था। पीएम मोदी ने भाषण में गांधी और उनकी चल रही भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक व्यक्ति सत्ता वापस पाने के लिए पदयात्रा कर रहा है। अपने भाषण में वह आदिवासियों के बारे में बात करता है। मैं उससे पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस ने राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा की महिला आदिवासी उम्मीदवार का समर्थन क्यों नहीं किया? इसके बजाय उसे हराने के लिए उन्होंने अपना खुद का चुनाव मैदान में उतारा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रयासों के बावजूद द्रौपदी मुर्मू आदिवासी लोगों के आशीर्वाद से राष्ट्रपति बनीं।पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कभी एक आदिवासी (आदिवासी) को अपना राष्ट्रपति बनाने के बारे में क्यों नहीं सोचा? यह भाजपा ही थी जिसने पहली बार एक आदिवासी व्यक्ति को वह भी एक महिला को हमारे देश का राष्ट्रपति बनाया और दुनिया को एक संदेश दिया।

मोदी ने आगे कहा कि मेहसाणा जिले को देश के पहले सूर्य ग्राम होने का गौरव प्राप्त हुआ है। मोढ़ेरा सूर्य ग्राम लॉन्च होते ही मोढेरा दुनिया भर में प्रसिद्ध हो गया। इस बीच, मेहसाणा जिला भी चमक गया। पीएम ने आगे कहा कांग्रेस मॉडल में आप बिजली मांगते थे और आपको गोलियों से छलनी कर दिया जाता था। कांग्रेस राज में कोई अगर बिजली कनेक्शन मांगता था तो भी भ्रष्टाचार होता था। हालांकि, इसकी गारंटी नहीं होती थी कि कनेक्शन मिलेगा। हमने गुजरात में बिजली के 20 लाख नए पोल लगाए हैं। मोदी ने आगे कहा कि बिजली सेक्टर में आज फासले खत्म हो गए हैं। गुजरात को इतनी ऊर्जा मिली है, जिससे गुजरात अब चमक गया है।उन्होंने कांग्रेस पर दाहोद के ब्रिटिश काल के परेल क्षेत्र के विकास पर ध्यान नहीं देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लेकिन पीएम के रूप में मैंने इसे याद किया और अब रेलवे लोकोमोटिव के निर्माण के लिए यहां 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश आया है।

## दिल्ली में ऑटो चलाकर ऑफिस जाती हैं अमेरिकी डिप्लोमैट

### 4 महिला राजनयिकों ने बुलेटप्रूफ गाड़ियां छोड़ीं



**नई दिल्ली।** दिल्ली में स्थित अमेरिकी एंबेसी की 4 महिला अधिकारी ऑटो चलाकर ऑफिस जाती हैं। खास बात ये है कि इन्होंने सरकार से मिलीं बुलेट प्रूफ गाड़ियां भी छोड़ दी हैं। एनएल मेसन, रुथ होल्म्बर्ग, शरीन जे किटरमैन और जेनिफर बायवाटर्स का कहना है कि ऑटो चलाना मजेदार ही नहीं, बल्कि यह एक मिसाल है कि अमेरिकी अधिकारी भी आम लोगों की तरह ही हैं। न्यूज एजेंसी से बातचीत में एनएल मेसन ने कहा- मैंने कभी भी क्लच वाली गाड़ियां नहीं चलाईं। मैं हमेशा ऑटोमैटिक कार ही चलाती हूं, लेकिन भारत आकर ऑटो चलाना एक नया एक्सपीरिएंस था। जब मैं पाकिस्तान में थी तब मैं बड़ी और शानदार बुलेटप्रूफ गाड़ी में घूमती थी। उसी से ऑफिस जाती थी, लेकिन जब मैं बाहर ऑटो देखती थी तो लगता था कि एक बार तो इसे चलाना है। इसलिए जैसे ही भारत आई तो एक ऑटो खरीद लिया। मेरे साथ रूथ, शरीन और जेनिफर ने भी ऑटो खरीदे। मेसन ने कहा, 'मुझे मेरी मां से प्रेरणा मिली। वो हमेशा कुछ नया करती रहती थीं। उन्होंने मुझे हमेशा चांस लेना सिखाया। मेरी बेटी भी ऑटो चलाना सीख रही है। मैंने ऑटो को पर्सनलाइज किया है। इसमें ब्लूटूथ डिवाइस लगा है। इसमें टाइगर प्रिंट वाले पर्दे भी लगे हैं।' भारतवंशी अमेरिकी डिप्लोमैट शरीन जे किटरमैन के पास पिंक कलर का ऑटो है। इसके रियर-व्यू मिरर में अमेरिका और भारत के झंडे लगे हैं। उनका जन्म कर्नाटक में हुआ था। बाद में वो अमेरिका में बस गईं। उनके पास वर सिटिजनशिप है।

## दिल्ली में रिश्तों का कत्ल: युवक ने खत्म किया परिवार

### नशे की लत में माता-पिता समेत 4 की हत्या: परिवार ने नशा मुक्ति केंद्र भेजा था, लौटते ही माता-पिता, बहन और दादी का रेता गला



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पालम इलाके में एक व्यक्ति ने अपने परिवार के चार लोगों की धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना मंगलवार की रात साढ़े दस बजे की है। आरोपी का नाम केशव है और वह नशे का आदी है। परिवार ने उसे नशामुक्ति केंद्र भेजा था। वहां से लौटने के बाद भी उसकी लत नहीं छूटी। वह नशे के लिए परिवार से पैसे मांगता रहता था। मंगलवार को भी उसने नशे के लिए पैसे मांगे थे। जब घरवालों ने पैसे देने से मना कर दिया तो उसने परिवार के लोगों की हत्या करने का फैसला कर लिया। घर के चारों सदस्यों को घर सभी को अलग-अलग कमरे में ले जाकर उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी भागने की फिराक में था, लेकिन उसके चचेरे भाई ने पड़ोसियों की मदद से उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतकों की पहचान पिता दिनेश, मां दर्शना, बहन उर्वशी और दादी दीवाना देवी के रूप में हुई है। आरोपी केशव को पकड़ने वाले उसके चचेरे भाई ने बताया कि केशव के मकान की ऊपरी मंजिल पर झगड़ा हो रहा था। कुछ देर बाद बहन के चीखने की आवाज सुनी थी। वह बचाने की गुहार लगा रही थी। जब वह कुछ लोगों के साथ पहुंचा, तो आरोपी के घर का दरवाजा बंद था। जब उसने दरवाजा खटखटाया तो आरोपी बोला कि ये हमारा फैमिली मैटर है। इस पर लोगों ने कुछ देर तक इंतजार किया, लेकिन अचानक आरोपी भागने लगा, तो लोगों ने उसे पकड़ लिया। जब लोग घर के अंदर गए तो देखा कि घर का फर्श खून से लथपथ था। आसपास चार लाशें पड़ी हुई थीं। ये लाशें आरोपी के माता-पिता, बहन और दादी की थीं। पुलिस ने कहा कि केशव गुड़गांव की एक कंपनी में काम करता था। एक महीने पहले ही उसने नौकरी छोड़ दी थी। इसके बाद से ही परिवार वालों के साथ पैसे को लेकर झगड़ा करता था। मामले में पालम पुलिस थाने में एफआईआर की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

## धनकुटा से लगातार 7वीं बार चुने गए कार्यवाहक प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा

### देउबा ने निष्पक्ष चुनाव के लिए लोगों का शुक्रिया अदा किया



**काठमांडू।** नेपाल आम चुनाव में कार्यवाहक प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा दुबारा चुने गए। सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा चुनाव में 25,534 मतों के साथ धनकुटा के गृह जिले से लगातार 7वीं बार चुने गए। पीएम देउबा ने निष्पक्ष चुनाव के लिए लोगों का शुक्रिया अदा किया। नेपाली प्रधानमंत्री ने संसदीय तथा प्रांतीय चुनाव के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न होने के बाद नेपाल के लोगों का शुक्रिया अदा किया। देउबा ने कहा कि नेपाल के सभी लोग लोकतंत्र को मजबूत करने और संविधान की रक्षा करने को लेकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

देउबा ने निर्वाचन आयोग, चुनाव के लिए तैनात कर्मचारियों, सुरक्षा बलों, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय चुनाव पर्यवेक्षकों, राजनीतिक दलों और पत्रकारों का भी उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। देउबा के प्रतिद्वंद्वी सागर ढकाल को चुनाव में 13,042 वोट मिले। वोटिंग के दौरान हुई हिंसा में एक शख्स की मौत हो गई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि बजौरा के त्रिबेनी नगर पालिका के नटेश्वरी विद्यालय में बने मतदान केंद्र पर एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं चुनाव संबंधी हिंसा के करण चार जिलों सुर्खेत, गुल्मी, नवलपरासी (पूर्व) और बाजुरा में 15 मतदान केंद्रों पर चुनाव स्थगित हुआ है।

## गुजरात चुनाव प्रचार में भाजपा ने विपक्षियों को हराया कुल 125 सभा और रोड शो में 93 भाजपा की

### भाजपा के 19 बागी नेता निलंबित



**अहमदाबाद/नई दिल्ली।** गुजरात में 1 दिसंबर को पहले चरण की वोटिंग होगी। मात्र 1 सप्ताह का समय शेष रह गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित भाजपा के केंद्रीय मंत्री और अन्य प्रदेशों के मंत्री बड़ी संख्या में गुजरात पहुंचकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेता भी गुजरात में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। भारत छोड़ो यात्रा छोड़कर राहुल गांधी भी एक दिन गुजरात चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस के पक्ष में वोट डालने की अपील नहीं की। गुजरात के प्रथम चरण का चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच चुका है। भारतीय जनता पार्टी ने अभी तक 19 बागी नेताओं को निलंबित किया है। गुजरात में पहली बार भाजपा में इतनी बड़ी बगावत देखने को मिली है। भाजपा ने 93 सीटों पर रैलियां और सभा कर विपक्ष को प्रचार में तगड़ी मात दे दी है कांग्रेस और आम आदमी पार्टी मिलकर अभी तक मात्र 32 सभाएं और रैलियां कर पाई हैं।

***मोदी की 16 जिलों की 109 सीटों पर 24 रैलियां***

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए गुजरात का चुनाव प्रतिष्ठा का चुनाव बन गया है। उन्होंने अपने 5 दिन के तूफानी चुनाव प्रचार में 16 जिलों की 109 सीटों को कवर करने की तैयारी है। इसमें 24 रैलियां होंगी। प्रधानमंत्री उन क्षेत्रों में जा रहे हैं जहां पर 2017 में भाजपा चुनाव हारी थी। उनका फोकस पूरी तरीके से आदिवासी बेल्ट पर है। वोटिंग से पहले मोदी पिछली बार की तरह रोड शो और डोर टो डोर कैंपेन भी करेंगे।

***अमित शाह का जोर भी हारी हुई सीटों पर***

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी पिछले चुनाव में जो सीटें भाजपा ने हारी थी। जिन सीटों पर बगावत है। वहीं पर सबसे ज्यादा चुनाव प्रचार कर रहे हैं। घर घर जाकर कैंपेन और रोड शो करना नियमित दिनचर्या का अंग बन गया है। गुजरात में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, 6 मुख्यमंत्री 1 दर्जन से ज्यादा केंद्रीय मंत्री दर्जनों सांसद और भाजपा के स्टार प्रचारक हर विधानसभा सीट में पहुंच रहे हैं। पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह को विधानसभा चुनाव में इतनी मेहनत करनी पड़ रही है।

***राहुल गांधी और गुजरात***

राहुल गांधी, भारत जोड़ो यात्रा को छोड़कर एक दिन के लिए गुजरात पहुंचे। उन्होंने आदिवासियों के बीच बड़ी सभा की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के पक्ष में वोट नहीं मांगा। इसको लेकर गुजरात में बड़ी चर्चा हो रही है। राहुल गांधी का लक्ष्य भारत जोड़ो यात्रा है। *एजेंसी*

### महाराष्ट्र में आया 3.6 तीव्रता का भूकंप

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक के पास बुधवार तड़के रिक्टर स्केल पर 3.6 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक नासिक से 89 किलोमीटर पश्चिम में बुधवार सुबह करीब 4 बजे धरती की सतह के नीचे टेक्टोनिक प्लेटों की हलचल महसूस की गई। भूकंप की गहराई जमीन से 5 किमी नीचे थी।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने एक ट्वीट करके कहा कि महाराष्ट्र के नासिक से 89 किमी पश्चिम में बुधवार सुबह लगभग 04:04 बजे 3.6 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप की गहराई जमीन से 5 किमी नीचे थी। गौरतलब है कि इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर सोमवार को आए भूकंप से मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 268 हो गई, क्योंकि ढही इमारतों के मलबों से और शव निकाले गए जबकि 151 लोग अभी भी लापता हैं।




यूक्रेन के खेरसन शहर से रुसी सेना की वापसी के बाद राहत कार्यों में लगे चर्च के पास भोजन और पानी के लिए कतार में लगे हुए लोग।

जनसंदेश टाइम्स
मनी मैटर्स
प्रयागराज, गुरुवार, 24 नवंबर 2022





**सेंसेक्स**
सेंसेक्स 274.12 अंक की बढ़त के साथ ही 61,418.96 अंक पर बंद



**सोना**
हल्की गिरावट आई और भाव 52,281 रुपये

# सेंसेक्स 450 अंक उछला तो निफ्टी 18,300 के पार

## निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बढ़त पर कारोबार



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार ने बुधवार के कारोबारी दिन बढ़त बनाई और वैश्विक बाजार में आई तेजी का फायदा निवेशकों को मिला। बाजार में शुरुआत से ही तेजी दिखाई दे रही है और बाजार खुलते ही निवेशक खरीदारी की ओर भागे जिससे सेंसेक्स ने शुरुआत में ही 450 अंकों की बड़ी बढ़त बना ली। सेंसेक्स बुधवार सुबह 361 अंकों की तेजी के साथ 61,780 पर खुला और कारोबार शुरू किया, जबकि निफ्टी 81 अंक चढ़कर 18,325 पर खुला और ट्रेडिंग की शुरुआत हुई। शेयर बाजार में पिछले सत्र में आई तेजी से निवेशकों का सेंटिमेंट पॉजिटिव बना रहा और उन्होंने लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में निवेश पर जोर दिया। सुबह शुरुआत में सेंसेक्स करीब 450 अंकों की तेजी के साथ 61,870 पर कारोबार करने लगा जबकि निफ्टी 100 अंकों की मजबूती के साथ 18,353 के स्तर पर पहुंच गया। आज के कारोबार को अगर सेक्टरवार देखें तो सबसे ज्यादा तेजी निफ्टी ऑटो, मेटल और मीडिया सेक्टर में दिख रही है। यहां शुरुआत से ही 0.8 फीसदी का उछाल बना हुआ है। वैसे आज के कारोबार में निफ्टी पीएसयू बैंक को छोड़कर सभी सेक्टर में तेजी का माहौल है। निफ्टी मिडकैप 100 और स्मॉलकैप 100 पर भी 0.5 फीसदी बढ़त देखी जा रही है।

निवेशकों ने बुधवार को शुरुआत से ही हिंडाल्को, सिप्ला, डॉ रेड्डी लैब ग्रेसिम और टाटा मोटर्स जैसी कंपनियों पर जमकर दांव लगाया और लगातार निवेश से इन कंपनियों के शेयर टॉप गेनर की सूची में आ गए। दूसरी ओर एनटीपीसी, एचयूएल, आईटीसी और ओएनजीसीजैसी कंपनियों के शेयरों में शुरुआत से ही बिकवाली रही जिससे ये स्टॉक टॉप लूजर की श्रेणी में चले गए। अगर सेक्टरवार देखें तो सबसे ज्यादा तेजी निफ्टी ऑटो, मेटल और मीडिया सेक्टर में देखी जा रही है। यहां शुरुआत से ही 0.8 फीसदी का उछाल बना हुआ है। वैसे आज के कारोबार में निफ्टी पीएसयू बैंक को छोड़कर सभी सेक्टर में तेजी का माहौल है. आज निफ्टी मिडकैप 100 और स्मॉलकैप 100 पर भी 0.5 फीसदी का उछाल दिख रहा है। एशियाई बाजार के ज्यादातर शेयर बाजार बुधवार को सुबह बढ़त पर खुले और हरे निशान पर कारोबार कर रहे हैं।

### सोने में आई तेजी, चांदी भी महंगी



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में तेजी की वजह से घरेलू सराफा बाजार में बुधवार को सोने और चांदी के भाव वायदा बाजार और वैश्विक बाजार में हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। बुधवार को वायदा बाजार में 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का भाव सुबह 30 रुपये की तेजी के साथ 52,319 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। सोने का भाव बुधवार सुबह 52,349 रुपये पर खुला था। खुलने के कुछ देर बाद ही इसमें हल्की गिरावट आई और भाव 52,281 रुपये तक चला गया। बाद में भाव थोड़ा तेज हुआ और कीमत 52,319 रुपये हो गया। कल एमसीएक्स पर सोने का भाव 0.01 फीसदी की गिरावट के साथ 52,285 रुपये पर बंद हुआ था। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी का भाव में भी रंगत आई है।

## अंबानी और अडानी आमने सामने खरीदना चाहते हैं एक ही कंपनी!

*सरकार भी कंपनी को खरीदने के लिए लगा रही बोली*



**नई दिल्ली।** देश के दो जानेमाने अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी और गौतम अडानी आमने-सामने आ गए हैं। दोनों ही अरबपति एक कंपनी को खरीदना चाहते हैं। यह कंपनी लैंकों अमरकंटक पावर है। यह एक कर्ज में डूबी थर्मल पावर कंपनी है। इस कंपनी की नीलामी 25 नवंबर को होने वाली है। एक रिपोर्ट के अनुसार यह कंपनी दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है। यह पहली बार है जब देश के दो सबसे बड़े कारोबारी घराने किसी एसेट को लेकर आमने-सामने हैं। मामले से जुड़े लोगों के अनुसार, दो सरकारी कंपनियों पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन और रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन का कंसोर्टियम भी बोली लगा रहा है। अगर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की बोली सफल रहती है, तो यह कंपनी की थर्मल पावर सेक्टर में प्रवेश होगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इस कंपनी के लिए सबसे अधिक राशि की बोली लगाई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज रिजोल्यूशन प्लान सबमिट करने के पहले राउंड में सबसे बड़ा बोलीदाता था। जबकि अडानी पावर दूसरे राउंड में सबसे बड़ा बोलीदाता रहा। सरकारी कंपनियों का कंसोर्टियम इन दोनों ही राउंड में तीसरे स्थान पर था। राउंड में अडानी ने 2950 करोड़ रुपए की बोली लगाई। इसमें से 1800 करोड़ एक अपफ्रंट पेमेंट होगा और बाकी 1150 करोड़ रुपए को 5 साल में देना होगा। आरआईएल ने 2,000 करोड़ रुपए का अपफ्रंट पेमेंट प्लान जमा किया है। जबकि पीएफसी-आरईसी के कंसोर्टियम ने 10 से 12 वर्षों में 3870 करोड़ रुपये का भुगतान ऑफर किया है। इस तरह दूसरे राउंड में अडानी पावर ने सबसे अधिक 2950 करोड़ रुपये ऑफर किए। यह 25 नवंबर की नीलामी के लिए बेस प्राइस होगी।

### तलाईपल्ली खदानों से कोयले की आपूर्ति शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की कंपनी एनटीपीसी में एक बड़ा डेवलपमेंट सामने आया है। छत्तीसगढ़ स्थित कंपनी के लारा थर्मल पावर प्रोजेक्ट में तलाईपल्ली खदानों से कोयले की आपूर्ति शुरू हो गई है। इससे कंपनी की लागत घटेगी। एनटीपीसी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में लारा अत्याधुनिक तापीय बिजली परियोजना को तलाईपल्ली खदानों से रैक के जरिये कोयले की आपूर्ति शुरू हो गई है। तलाईपल्ली खदानों से लारा बिजली परियोजना तक की दूरी लगभग 65 किलोमीटर है। एनटीपीसी ने हाल ही में अपने तलाईपल्ली कोयला खदानों से लारा अत्याधुनिक तापीय बिजली परियोजना को पहला कोयला रैक भेजा। इस अवसर पर वहां एनटीपीसी के चेयरमैन गुरदीप सिंह भी उपस्थित थे। बयान में कहा गया कि रैक लोडिंग शुरू होने से तलाईपल्ली खदान के लिये 1,600 मेगावॉट क्षमता की लारा परियोजना के लिये सुचारू और पर्यावरण अनुकूल तरीके से कोयला भेजने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

इससे कोयले की निर्बाध आपूर्ति तो सुनिश्चित होगी ही, लागत में भी कमी आएगी।

## बजट पूर्व बैठक में किसान संगठनों ने की गेहूं, कृषि जिंसों के निर्यात पर रोक हटाने की मांग

*- किसान संगठनों ने प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर ऊंचा कर लगाने का भी सुझाव दिया*



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बजट-पूर्व बैठक में किसान संगठनों ने सरकार से गेहूं, अन्य कृषि वस्तुओं पर निर्यात पर रोक हटाने की मांग करते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम लागत वाले उत्पादों के आयात को प्रतिबंधित करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को पामतेल के बजाय सोयाबीन, सरसों, मूंगफली और सूरजमुखी जैसे स्थानीय तिलहनों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। वित्त मंत्री के साथ वर्चुअल बैठक के दौरान किसान संगठनों ने प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर ऊंचा कर लगाने का भी सुझाव दिया। वित्त मंत्री ने यहां कृषि विशेषज्ञों और कृषि प्रसंस्करण उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ अपनी तीसरी बजट-पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। आम बजट 2023-24 के लिए अपनी इच्छा सूची में भारत कृषक समाज के अध्यक्ष अजय वीर जाखड़ ने मांग की कि सरकार को जहां आयातित जिंसों की देश में आने की लागत एमएसपी से कम है, वहां ऐसी उपज के आयात की अनुमति नहीं देनी चाहिए। उन्होंने केंद्र से कृषि क्षेत्र में मानव संसाधन विकास पर ध्यान केंद्रित करने का भी आग्रह किया। जाखड़ ने किसानों को उच्चतम मूल्य प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए खेतों से स्वैच्छिक कार्बन क्रेडिट का विश्वस्तर पर व्यापार करने की अनुमति देने की भी वकालत की। बैठक में हिस्सा लेने वाले कंसोर्टियम ऑफ इंडियन फार्मर्स एसोसिएशन (सीआईएफए) के अध्यक्ष रघुनाथ दादा पाटिल ने कहा कि गेहूं और टूटे चावल जैसे कृषि उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध के कारण किसानों की आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। पाटिल ने कहा कि बैठक के दौरान उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को कृषि उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध नहीं लगाना चाहिए। उनके अनुसार, निर्यात से केवल देश को विदेशी मुद्रा प्राप्त करने में ही सहायता मिलेगी। भारत ने घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए गेहूं और टूटे चावल के निर्यात को प्रतिबंधित कर दिया है।

### होण्डा रेसिंग इंडिया ने 2022 सीजन का शानदार समापन

**नई दिल्ली।** विदेश की धरती पर अपनी उल्लेखनीय छाप छोड़ते हुए एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप (एआरआरसी) में एकमात्र भारतीय टीम आईडेमिट्सु होण्डा रेसिंग इंडिया ने 2022 सीजन का शानदार समापन किया। लगातार बेहतरीन परफोर्मेन्स देते हुए और देश के लिए खिताब लाते हुए, भारत के अनुभवी राइडर राजीव सेथु ने एआरआरसी की एशिया प्रोडक्शन 250सीसी (एपी250सीसी) क्लास की फाइनल रेस को टॉप 10 में फिनिश किया। ग्रिड पर 18वें पॉजिशन से शुरूआत करने के बाद राजीव पहले ही लैप में एक पॉजिशन आगे बढ़ गए। गीली रेस और कुछ क्रैशेज का फायदा उठाते हुए, सही रणनीति एवं तकनीक के साथ उन्होंने बढ़त जारी रखी और आठवें लैप में 10वें स्थान पर पहुंच गए। यहां से अपना संवेग बनाए रखते हुए उन्होंने 10वें स्थान पर चैकर्ड लाईन पार की, इस तरह उनकी किटी में 6 पॉइन्ट्स शामिल हो गए। इसी बीच सेंथिल कुमार के लिए आज का दिन संघर्ष से भरा रहा, जिसके बाद उन्होंने जबरदस्त सुधार भी किया।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने फेस ऑथेंटिकेशन के आधार पर ई केवाईसी की शुरूआत की





**नई दिल्ली।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए फेस ऑथेंटिकेशन-आधारित बचत बैंक खाता खोलने की शुरूआत के साथ डिजिटल समावेशन की दिशा में एक और कदम उठाया है। यह सुविधा खाता खोलने की प्रक्रिया को और आसान बनाएगी, साथ ही ग्राहकों के लिए इसे सहज और सुविधाजनक बनाएगी।एयरटेल पेमेंट्स बैंक यह सुविधा देने वाला देश का पहला पेमेंट्स बैंक है। यह नई सुविधा बैंक के बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स को फेस ऑथेंटिकेशन ई केवाईसी द्वारा खाता खोलने में मदद करेगी। यह यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा विकसित नए मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके प्रोसेस किया जाता है, परिणामस्वरूप बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट को अब खाता खोलने के लिए सिर्फ एक स्मार्टफोन की जरूरत होगी। बैंक इस साल के अंत तक अपने सभी 500,000 बैंकिंग प्वाइंट्स पर यह सुविधा उपलब्ध करा देगा। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ अनुब्रत बिस्वास ने कहा, एयरटेल पेमेंट्स बैंक में हम डिजिटल सेवाओं के अपने पैकेज को सबसे नवीनतम तकनीक के साथ मजबूत करने और अपने ग्राहकों को यूजर फ्रेंडली और बेहतर डिजिटल बैंकिंग तक पहुंच प्रदान करने में विश्वास करते हैं। यूआईडीएआई के प्रयासों ने इस सुरक्षित प्रमाणीकरण प्रक्रिया को संभव बनाया है, जो देश में समावेशी बैंकिंग को आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अनुब्रत बिस्वास ने आगे कहा, यह केवाईसी सुविधा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग आधारित फेस ऑथेंटिकेशन आरडी एप्लिकेशन का उपयोग करती है, आधार में कैप्चर की गई फोटो के साथ ग्राहक की फोटो को क्रॉस-चेक करती है और सुरक्षित तरीके से नए ग्राहक के रजिस्ट्रेशन को सक्षम बनाती है।

### महिंद्रा मनुलाइफ म्यूचुअल फंड ने स्मॉल कैप फंड लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड (महिंद्रा फाइनेंस) और मनुलाइफ इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट (सिंगापुर) ढ्ढी. की संयुक्त उद्यम कंपनी महिंद्रा मनुलाइफ म्यूच्यूअल फण्ड ने अपने 'न्यू फंड ऑफर' (एनएफओ) की घोषणा की है। महिंद्रा मनुलाइफ स्मॉल कैप फंड नामक स्कीम एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना है जो मुख्य रूप से स्मॉल कैप शेयरों में निवेश करती है। यह उत्पाद उन निवेशकों के लिए उपयुक्त है जो दीर्घावधि पूंजी वृद्धि और मुख्य रूप से छोटी कैप कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी से संबंधित प्रतिभूतियों में निवेश करना चाहते हैं। स्मॉल कैप म्युचुअल फंड में संपत्ति बनाने और लंबी अवधि में रिटर्न उत्पन्न करने की क्षमता होती है, क्योंकि वे उन कंपनियों को एक्सपोजर प्रदान करते हैं जो उन उद्योगों में संभावित मार्केट लीडर हैं जिनमें वे काम करते हैं और भविष्य में मिडकैप बनने की संभावना है क्योंकि वे बड़े होते हैं।

## सितंबर में मोबाइल ग्राहकों की संख्या 36 लाख घटी: ट्राई



**नई दिल्ली।** सितंबर महिने के दौरान देश में दूरसंचार कंपनियों के मोबाइल ग्राहकों की संख्या में 36 लाख की गिरावट आई है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के ताजा आंकड़ों के अनुसार वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों की संख्या में गिरावट आई है जबकि रिलायंस जियो और भारती एयरटेल ने अगस्त की तुलना में सितंबर में नए ग्राहक जोड़े हैं। देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने सितंबर के दौरान 7.2 लाख ग्राहक जोड़कर बाजार में अपनी स्थिति को और मजबूत किया। भारती एयरटेल के कनेक्शनों की संख्या में भी 4.12 लाख की वृद्धि हुई है। जियो ने अगस्त में 32.81 लाख नए ग्राहक जोड़े थे जो सितंबर की तुलना में काफी अधिक है।

वहीं वोडाफोन आइडिया का ग्राहक आधार सितंबर के दौरान 40 लाख घटकर 24.91 करोड़ का रह गया। ट्राई ने सितंबर महीने के आंकड़े जारी करते हए कहा कि अगस्त, 2022 के आखिर में दूरसंचार कंपनियों के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 114.91 करोड़ थी। यह सितंबर के आ?खिर में 0.32 प्रतिशत घटकर 114.54 करोड़ रह गई।'

कुल मिलाकर सितंबर, 2022 के अंत में भारत में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या घटकर लगभग 117.19 करोड़ रह गई। इसमें मासिक आधार पर 0.27 प्रतिशत की गिरावट आई है। ट्राई ने बताया कि सितंबर, 2022 के अंत में कुल ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या अगस्त की तुलना में 0.28 प्रतिशत बढ़कर 81.6 करोड़ पर पहुंच गई है।

## फ्लिपकार्ट को मिला ट्रांसपोर्टेड एसैट प्रोटेक्शन एसोसिएशन फैसिलिटी सिक्योरिटी रिक्वायरमेंट मल्टी-साइट प्रमाणन

*दुनिया में इस उपलब्धि को हासिल करने वाली पहली कम्पनी बनी फ्लिपकार्ट*



**नई दिल्ली।** स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट दुनिया की पहली कंपनी बन गई है जिसे प्रतिष्ठित ट्रांसपोर्टेड एसैट प्रोटेक्शन एसोसिएशन फैसिलिटी सिक्योरिटी रिक्वायरमेंट मल्टी-साइट प्रमाणन प्रदान किया गया है। यह सम्मान कंपनी की भारत स्थित 75 फुलफिलमेंट सेंटर्स को टीएपीए एपीएसी द्वारा दिया गया है। इस प्रकार, मल्टीसाइट ए प्रमाणन प्राप्त करने वाली फ्लिपकार्ट दुनिया की इकलौती कंपनी है जिसे एलीवेटेड सिक्योरिटी प्रोटेक्शन प्रदान किया गया है। यह सर्टिफिकेशन द्वारा स्वीकृत स्वतंत्र ऑडिट निकायों (आईएबी) डीएनवी के साथ काम करने के उपरांत मिला है, और यह फ्लिपकार्ट द्वारा अपनी साइटों पर प्रभावी तरीके से प्रोग्राम मैनेजमेंट एवं निर्बाध ऑपरेशंस के लिए अपनी वर्कफोर्स के मोबीलाइजेशन के चलते हासिल किया गया है।

इस घोषणा के बारे में, हेमंत बद्री ने कहा, फ्लिपकार्ट की 75 सप्लाई चेन साइटों के लिए टीएपीए एफएसआर का मल्टी-साइट सर्टिफिकेशन प्राप्त करना वाकई उत्साहवर्धक है। इस सम्मान को हासिल करने वाले दुनियाभर में इकलौते मार्केटप्लेस होने के नाते यह ग्लोबल स्टैंडर्ड्स एंड सर्टिफिकेशंस के जरिए रिस्क मैनेजमेंट बेंचमार्किंग के लिए हमारी प्रतिबद्धता दोहराता है। समूची वैल्यू चेन में जोखिम घटाने के पहलुओं काम करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत के प्रमुख स्वदेशी ई-कॉमर्स प्लेटफार्म होने के नाते, हमें यकीन है कि यह उपलब्धि कई एंड टू एंड सप्लाई चेन कंपनियों को भी अपने स्तर पर सुरक्षित एवं लचीला नेटवर्क स्थापित करने के लिए प्रेरित करेगी। इससे न सिर्फ सुरक्षा को प्रमुखता मिलेगी बल्कि देश में इसके इंफ्रास्ट्रक्चर को और भी मजबूत बनाने में आवश्यक मदद मिलेगी। टोनी लुग, चेयरमैन, टीएपीए एपीएसी ने कहा टीएपीए एपीएसी बोर्ड फ्लिपकार्ट को अपने फुलफिलमेंट सेंटर्स पर 2017 से टीएपीए एफएसआर ए मानकों का पालन करने के उनके शानदार सफर पर बधाई देता है। यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए उनके परिचालनों की कुशलता और निवेश का सूचक है। अपने ग्राहकों के लिए कंपनी जो मूल्य प्रदान करती है ताकि उनहें सुरक्षित तरीके से बिजनेस का लाभ मिले, और साथ ही, अपने कर्मचारियों के लिए जिन मूल्यों को इसने अपनाया है, वे वाकई सराहनीय हैं। फ्लिपकार्ट ने उद्योग में अपनी अग्रणी भूमिका बना ली है जो भारत के ई-कॉमर्स क्षेत्र में भविष्य के विकास को ध्यान में रखकर मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रही है।

## बजाज लांच कर सकती है बाइक एन150, पल्सर की जनरेशन के लिए एक एंट्री लेबल होगी बाइक



**नई दिल्ली।** स्वदेशी ऑटोमोबाइल कंपनी बजाज अगली मोटरसाइकिल एन150 लांच कर सकती है। यह पल्सर की जनरेशन के लिए एक एंट्री-लेवल मोटरसाइकिल होगी। जानकारी के मुताबिक, आने वाली नई पल्सर एन150 काफी हद तक एन160 और एन250 जैसी दिखती है। हालांकि, पल्सर एन150 अन्य दो मॉडल की तुलना में ज्यादा सस्ती होगी। इस वजह से कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं। जैसे कि फ्रंट एलईडी हेडलैंप को हैलोजन हेडलैंप से बदल दिया जाएगा, लेकिन डिजाइन सिमिलर रहने की उम्मीद है। इसके अलावा, हेडलैम्प काउल भी एन160 में अलग मिल सकता है। इसमें एन160 की तरह अंडर-बेली एग्जॉस्ट मिलेगा और टेल लैंप एक एलईडी यूनिट होगी।एन150 में एन160 के प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा। ब्रेकिंग के लिए फ्रंट में डिस्क और टॉप-एंड वैरिएंट में रियर में भी डिस्क ब्रेक देखने को मिल जाएंगे। चले वेरिएंट में रियर में ड्रम ब्रेक होंगे। दोनों वेरिएंट्स में स्टैंडर्ड के तौर पर सिंगल-चैनल एबीएस मिलेगा। सस्पेंशन ड्यूटी फ्रंट में टेलिस्कोपिक फोर्क्स और रियर में मोनो-शॉक द्वारा की जाएगी। एन150 के टायर भी पतले होंगे।नई जनरेशन पल्सर में ज्यादा फीचर्स नहीं मिलेंगे। एन150 के साथ भी इसी पैटर्न का पालन किए जाने की उम्मीद है। इसलिए, टैकोमीटर और बेजल-लेस डिजाइन वाला एक डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर होने की उम्मीद है। बजाज बैक-लिट स्विचगियर और सेल्फ-कैंसलिंग टर्न इंडिकेटर्स भी पेश कर सकता है। मालूम हो कि पिछले साल बजाज ने भारतीय बाजार में नई जनरेशन की पल्सर लॉन्च की थी। इसकी शुरूआत एन 250 और एफ 250 से हुई थी। इस साल कंपनी ने एन160 लॉन्च किया। बजाज पल्सर एन160 के इंजन का साइज छोटा करेगी। वर्तमान पल्सर 150 में मैक्सिमम 14 पीएस की पावर और 13.2 एनएम का पीक टॉर्क पैदा करती है, जबकि एन160 अधिकतम 16 पीएस की शक्ति और 14.65 एनएम का पीक टॉर्क पैदा करती है। उम्मीद कर सकते हैं कि एन150 का पावर आउटपुट मौजूदा पल्सर 150 के आसपास होगा, लेकिन रिफाइनमेंट लेवल बेहतर होना चाहिए और इंजन टॉर्क वाला होना चाहिए। *एजेंसी*

## संक्षेप

### कच्चा तेल महंगा, यूपी में पेट्रोल-डीजल की कीमत में आया बदलाव

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 24 घंटे के दौरान करीब एक डॉलर प्रति बैरल की गिरावट देखी गई है, जिसका असर बुधवार को घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर भी दिखा। सरकारी तेल कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दिए हैं, लेकिन बिहार में इसकी कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल के दाम आज भी नहीं बदले हैं। गौतमबुद्ध नगर जिले (नोएडा-ग्रेटर नोएडा) में पेट्रोल 16 पैसे महंगा होकर 97.00 रुपये लीटर और डीजल 13 पैसे महंगा होकर 90.14 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। दूसरी ओर बिहार की राजधानी पटना में आज पेट्रोल का भाव 53 पैसे नीचे आय है और नई कीमत 107.59 रुपये लीटर पहुंच गई है। जबकि डीजल 50 पैसे सस्ता होकर 94.36 रुपये लीटर के भाव पहुंच गया है। अगर कच्चे तेल की बात करें तो पिछले 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी एक डॉलर से ज्यादा का उछाल आया है। ब्रेंट क्रूड का भाव चढ़कर 88.36 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर पहुंच गया है। वहीं डब्ल्यूटीआई में भी करीब 2 डॉलर की बढ़त दिख रही और यह 81.26 डॉलर प्रति बैरल के भाव बिक रहा है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 97.00 रुपये और डीजल 90.14 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपये और डीजल 89.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.59 रुपये और डीजल 94.36 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 96.58 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

### इंक्लूसिव एन्त्रेप्रेंयूर्शिप ने ताराग्राम यात्रा 2022 के दौरान एजेंडे को आगे बढ़ाया

**मिजार्पुर।** डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स ग्रुप ने 22 नवम्बर 2022 को मिजार्पुर, उत्तर प्रदेश में ताराग्राम यात्रा 2022 के अंतर्गत अपने एक क्षेत्रीय सेगमेंट की शुरूआत की जो समावेशी उद्यमिता के रास्तेः उद्यमिता-आधारित रोजगार सृजन को बढ़ाना' पर ध्यान केंद्रित करता है। पूरे उत्तर भारत के हितधारक इस दो दिवसीय क्षेत्र-भ्रमण में यात्रियों के रूप में शामिल हुए, जो रोजगार ढूंढ रहे लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करने वाला बनाने के लिए समुदाय या समावेशी उद्यमिता मॉडल पर केंद्रित थी। डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स (डीए) एक वैश्विक थिंक-टैंक और अग्रणी सामाजिक उद्यम है जो टिकाऊ समाधान तैयार करना और वितरित करना चाहता है ताकि वंचित समुदाय के लोग बेहतर जीवन जी सकें और श्रम की गरिमा का आश्वासन दिया जा सके। इसके लिए डीए माइक्रो-उद्यमी इकोसिस्टम की संस्थाओं को जोड़ता है और उन मुद्दों के आसपास महत्वपूर्ण रचनात्मक संवाद शुरू करता है। इस तरह ताराग्राम यात्रा डीए के हरित एवं समावेशी अर्थव्यवस्थाओं के सह-निर्माण के समग्र दृष्टिकोण के साथ जुड़ती है। मिजार्पुर, उत्तर प्रदेश में, यात्रियों ने सामाजिक नवाचार के नजरिये की समझ हासिल की, जो जमीनी स्तर पर समावेशी उद्यमिता को बढ़ावा देने का वायदा करता है। इसके अलावा, ऐसे उद्यमियों के लिए सह-निर्माण समाधान का महत्व भी है। यात्रा के दौरान एंटरप्राइज प्रोटोटाइप (अवसर-संचालित व्यवसायों के रूप में जो ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं की मौजूदा, उभरती और संभावित जरूरतों और मांगों को पूरा करते हैं) और सिस्टेमिक प्रोटोटाइप (समुदायों के साथ मिल कर सह-डिजाइन किए गए, जो स्थानीय उद्यमशीलता इकोसिस्टम में बदलाव लाते हैं) के बारे में स्पष्ट रूप से बताया गया। इसने उद्यमी इकोसिस्टम के निर्माण के लिए आवश्यक परिवर्तनकारी क्षमता वाले यात्रियों को प्रेरित किया। यह इकोसिस्टम न केवल समुदाय की सेवा करता है, बल्कि हरित और समावेशी रोजगार के अवसर पैदा करके एक संपन्न स्थानीय अर्थव्यवस्था की राह बनाता है।

### आईनॉक्स ग्रीन के शेयर की शुरूआत कमजोर रही

**नई दिल्ली।** आईनॉक्स विंड की अनुषंगी कंपनी आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज की शेयर बाजार में शुरूआत बुधवार को कमजोर रही और सूचीबद्धता के पहले दिन इसके शेयर 65 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब आठ प्रतिशत की गिरावट पर रहे। आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी के शेयर ने कारोबार की शुरूआत बीएसई में 6.92 प्रतिशत के नुकसान के साथ 60.50 रुपये की कीमत पर की। कारोबार के दौरान एक समय यह 8.92 प्रतिशत गिरकर 59.20 प्रति शेयर के भाव पर आ गया था। इसी तरह एनएसई में भी कंपनी का शेयर 7.69 प्रतिशत के नुकसान के साथ 60 रुपये के भाव पर सूचीबद्ध हुआ।आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को 1.55 प्रतिशत अभिदान मिला था। इसके आईपीओ में 370 करोड़ रुपये तक नये शेयर और 370 करोड़ रुपये तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

### रुपया 14 पैसे टूटकर 81.81 पर

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में अमेरिकी डॉलर की मबजूती और विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने के बीच रुपया बुधवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे टूटकर 81.81 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 81.81 पर खुला, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 14 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 12 पैसे की तेजी के साथ 81.67 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 107.16 पर पहुंच गया। विशेषज्ञों ने बताया कि चीन में कोविड संबंधी सख्त पाबंदियां लगने की आशंका से एशियाई मुद्राएं प्रभावित हुईं।

### एक साल में गंवाई आधी दौलत, अब कभी भी नंबर एक की कुर्सी से हट सकते हैं एलन मस्क

**सैन फ्रांसिस्को।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की कुर्सी खतरे में है। पिछले एक साल में वह अपनी आधी दौलत गंवा चुके हैं। पिछले साल नवंबर की शुरूआत में उनकी नेटवर्थ 335 अरब डॉलर पहुंच गई थी, लेकिन बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अब उनकी नेटवर्थ 170 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 101 अरब डॉलर की गिरावट आई है। उनकी कंपनी टेस्ला के शेयरों में सोमवार को करीब सात फीसदी गिरावट आई। इससे मस्क की नेटवर्थ एक झटके में 8.59 अरब डॉलर कम हो गई। टेस्ला इलेक्ट्रॉनिक कारें बनाती है और दुनिया की सबसे मूल्यवान ऑटो कंपनी है। लेकिन हाल के दिनों में इसके शेयरों में काफी गिरावट आई है। मस्क ने पिछले महीने के अंत में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर को खरीदने की डील पूरी की थी। उसके बाद से उनका फोकस इसी पर लगा हुआ है। निवेशकों को आशंका है कि आने वाले दिनों में मस्क का जोर ट्विटर को प्रॉफिट में लाने पर रह सकता है। यही वजह है कि वे टेस्ला के शेयरों से मुंह मोड़ रहे हैं। इस कारण कंपनी के शेयरों में गिरावट आ रही है।

### अमेजन डॉट इन ने की 22 से 27 नवंबर 2022 तक 'द ब्यूटी सेल' की घोषणा

**नई दिल्ली।** शादी और छुट्टियों का मौसम शुरू हो गया है। इसी के साथ ही, अमेजन ब्यूटी ने 22 से 27 नवंबर तक लैक्मे और बायोटिक के सहयोग से प्लम द्वारा संचालित अमेजन की द ब्यूटी सेल के पहले एडिशन की शुरूआत की घोषणा की है। प्लम, लक्मे, फॉरेस्ट एसेंशियल्स, टॉमी हिलफिगर, लोरियल प्रोफेशनल, कामा आयुर्वेद, द बॉडी शॉप, बाथ एंड बॉडी वर्क्स, बायोटिक, किमिरिका जैसे 140 से अधिक बेहतरीन मेकअप और प्रीमियम ब्यूटी ब्रांड इस कार्यक्रम का हिस्सा हैं। इसके साथ ही यहां इन ब्रांड्स पर 5000+ से अधिक डील्स भी मिल रही हैं। इन डील्स में कई आकर्षक ऑफर शामिल हैं जैसे कॉम्बो और किट पर 65% तक की छूट, टॉप ब्रांडों की खरीद पर मुफ्त उपहार, कूपन के साथ 10% तक की छूट आदि।

# स्वास्थ्यकर्मियों ने मनीष क्लिनिक को किया सील

**कार्रवाई**

**डीएम के आदेश पर किया गया क्लीनिक को सील**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** औराई में रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित मनीष क्लिनिक को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सील कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मनीष क्लिनिक औराई में सोमवार की रात्रि में औराई निवासी मुनिया देवी का आपरेशन से प्रसव कराया गया था। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई के स्वास्थ्यकर्मियों ने अपने कमीशन के चक्कर में वहां भेजा था। मामले को संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी गोरांग राठी ने मुख्यचिकित्सा अधिकारी संतोष कुमार चक व तहसीलदार सुनील कुमार से जांच पड़ताल कराया। जिसमें आशा व एएनएम को तत्काल प्रभाव से निलंबित व प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. समीर उपाध्याय को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिया है। तथा मनीष क्लिनिक को सील करने के लिए कहा था। उक्त आदेश के क्रम में तहसीलदार सुनील कुमार कोतवाली प्रभारी गगनराज सिंह स्वास्थ्य विभाग के साथ पहुंचकर मनीष क्लिनिक में सरकारी ताला लगाकर सील कर दिया है। तहसीलदार सुनील कुमार ने बताया कि क्लिनिक का चाबी स्वास्थ्य विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जाता है कि मनीष क्लिनिक का ओपीडी रजिस्ट्रेशन है, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई के स्वास्थ्य कर्मियों की सांठ गांठ से वहां महिलाओं का नार्मल प्रसव होने वाले को भी जबरदस्ती आपरेशन से प्रसव कराया जाता था। सूत्रों के मुताबिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई में प्राइवेट अस्पतालों से यह सांठ गांठ कई वर्षों से बना हुआ है। जिसे जिलाधिकारी ने ध्वस्त कर दिया है।जिलाधिकारी गोरांग राठी के इस कार्रवाई से स्वास्थ्यकर्मी व दलालों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं क्षेत्रीय लोगों ने इस सराहनीय कार्य के लिए जिलाधिकारी की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे है।


मनीष क्लीनिक को सील करने के बाद खड़े कर्मी

## बीडीओ ने ब्लॉक कर्मियों के साथ की समीक्षा बैठक

**सुरियावां।** खंड विकास कार्यालय के सभागार में बुधवार को खण्ड विकास अधिकारी सुरियावां कमलजीत सिंह ने ग्राम विकास, ग्राम पंचायत अधिकारी तकनीकी सहायक के संग प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बीडीओ ने ब्लाक कर्मियों से शासन द्वारा चलाए जा रहे कार्यों की समुचित जानकारी ली उन्होंने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, मनरेगा के कार्यों किसी भी प्रकार शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी जो आवास पात्र लाभार्थियों को आवंटन किया गया है और उनका धन लाभार्थियों के खाते में पहुंच चुका है तत्काल उसे हर स्थिति में पूर्ण कराएं। राष्ट्रीय मनरेगा के कार्यों को पारदर्शिता पूर्ण करवाएं और शासन के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी राजनाथ, जेई एमआई श्रीकांत यादव, ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार मौर्य, संतोष कुमार, रमेश मौर्य, आयुष, राम शिरोमणि, विजय सोनी, कमला देवी, तकनीकी सहायक सहित ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

# स्कूल की दुर्दशा देख बीएसए ने मांगा कम्पोजिट ग्रांट का व्यय विवरण

**निरीक्षण**

**भदोही विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय भदरमनपुर का बीएसए ने किया निरीक्षण**

**समस्त अध्यापकों को शो कॉज नोटिस जारी**


विद्यालय में निरीक्षण के दौरान बच्चों से जानकारी लेते बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह

**भदोही।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने बुधवार को भदोही विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय भदरमनपुर का भ्रमण किया। निरीक्षण के समय विद्यालय में शिक्षामित्र अनुपस्थित रहे व प्रभारी प्रधानाध्यापक विलंब से स्कूल पहुंचे। स्कूल की दुर्दशा देखकर बीएसए ने तीन वर्षों में कम्पोजिट ग्रांट से कराए गए कार्यों के व्यय का विवरण मांगा व समस्त अध्यापकों को शो कॉज नोटिस जारी किया। बीएसए के औचक निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत चार अध्यापकों में शिक्षा मित्र अखिलेश कुमार मिश्रा बिना सूचना के अनुपस्थित मिले तथा प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार दुबे विलंब से विद्यालय उपस्थित हुए। दोनों अध्यापकों का निरीक्षण तिथि का वेतन भुगतान प्रतिबंधित करते हुए बीएसए ने स्पष्टीकरण मांगा। विद्यालय में कुल नामांकित 48 बच्चों के सापेक्ष 22 बच्चे उपस्थित पाए गए। अति न्यून नामांकन के दृष्टिगत विद्यालय में कार्यरत समस्त अध्यापकों को शो कॉज नोटिस जारी करते हुए नामांकन में वृद्धि करने हेतु निर्देशित किया। विद्यालय का भौतिक परिवेश ठीक नहीं पाया गया। विद्यालय कैंपस के अंदर तथा बाहर चारों तरफ गंदगी का अंबार पाया गया व घास फूस तथा झाड़िया उगी हुई पाई गई। विद्यालय की रंगाई पुताई और कायाकल्प के अंतर्गत रनिंग वाटर और विद्युतीकरण आदि की व्यवस्था नहीं पाई गई। जिसके लिए संबंधित इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेश कुमार दुबे को दोषी मानते हुए दस दिनों में समस्त कार्यों को पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया तथा विगत तीन वर्षों में प्रेषित किए गए कमपोजिट ग्रांट का व्यय विवरण मांगा।

# 43वे इंडिया कॉरपेट एक्सपो के आयोजन पर सीईपीसी ने डीएम को दिया स्मृति चिह्न

**कार्यक्रम**

**कालीन के हस्त बुनाई कौशल का प्रदर्शन करने में सफल रहा इंडिया कारपेट एक्सपोः डीएम गौरांग राठी**

**जनसंदेश न्यूज**


डीएम गौरांग राठी को स्मृति चिह्न देते असलम महबूब

**भदोही।** कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के सदस्यों एवं कालीन निर्यातकों ने भदोही कारपेट एक्सपो मार्ट में 15-18 अक्टूबर, 2022 तक ₹43वें इंडिया कारपेट एक्सपो₹ को दिव्यता व भव्यता के साथ शानदार सफल आयोजन पश्चात जिलाधिकारी गौरांग राठी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए प्रशासन व पुलिस द्वारा शानदार व्यवस्था के प्रति आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि भदोही में पहली बार आयोजित इंडिया कारपेट एक्सपो अपने उद्देश्य सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और भारतीय कारीगरों के हाथ से बुने हुए कालीन के बुनाई कौशल का प्रदर्शन करने में सफल रहा। जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा आयोजकों और निर्यातकों को भी आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद के साथ बधाई दिया गया ।मेले के आयोजक सीईपीसी ने बताया कि वर्तमान मंदी की प्रवृत्ति में भारत कालीन एक्सपो में दुनिया भर से 208 विदेशी खरीदारों की उपस्थिति ने भारत कालीन एक्सपो की स्थिति और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारतीय उत्पादों की मांग को स्थापित किया है। यह आयोजन मध्यम और छोटे निर्यातकों के लिए फायदेमंद रहा। सीईपीसी के सदस्यों एवं निर्यातकों ने खुशी व्यक्त की तथा मेले को भव्यता के साथ सफलतापूर्वक संपादित कराने के लिए जिलाधिकारी के अथक प्रयासों के लिए आभार व्यक्त कर कृतज्ञता ज्ञापित की गई। इस अवसर पर सीईपीसी समिति के सदस्यों असलम महमूद, इम्तियाज अहमद, सूर्यमणि तिवारी, श्रीराम मौर्य, दर्पण बरनवाल, संतोष उपाध्याय, शमीम अहमद, उपायुक्त उद्योग उमेश चंद्र, रंजन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सांसद के चयनित पांच ग्राम सभाओं की बनेगी कार्ययोजना

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानपुर।** सांसद आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत सांसद भदोही द्वारा चयनित ग्राम पंचायतों में सर्वे कार्य एवं कार्य योजना तैयार करने हेतु चार्ज अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक किये जाने हेतु तिथि 28 व 29 नवम्बर को निर्धारित की गयी हैं। 28 नवम्बर की बैठक में प्राथमिक विद्यालय बैदा खास में जिला समाज कल्याण अधिकारी को नामित किया गया है। उपायुक्त रोजगार को सरईमिश्रानी की बैठक के लिए नामित किया गया है। सरबत खानी के लिए डीपीआरओ को नामित किया गया है। 29 नवम्बर की बैठक में पट्टी बेजांव सुरियावां में उप कृषि निदेशक को व औराई विकासखंड के कोईलरा में जिला कृषि अधिकारी को नामित किया गया है। प्रेस नोट के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि सांसद भदोही के द्वारा चयनित ग्राम पंचायतों में सर्वे कार्य एवं कार्य योजना तैयार करने हेतु चार्ज अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक किये जाने हेतु तिथि एवं स्थल का निर्धारण किया गया हैं। बैठक में संबंधित विकासखण्ड के खण्ड विकास अधिकारी बैठक से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएंगे।

## खाद्य विभाग ने की छापेमारी

ज्ञानपुर। बुधवार की दोपहर को खाद्य विभाग की टीम ने कोइरौना बाजार में छापेमारी की। टीम ने मिठाई सहित कई दुकानों में जांच पड़ताल की और खाद्य वस्तु और पदार्थों का जांच हेतु सैंपल भी संकलित किया। छापेमारी की कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मचा रहा। कई दुकानदार जांच पड़ताल चलने की जानकारी होने पर शटर गिराकर भाग निकले।

## धोखाधड़ी के अभियोग में वांछित अभियुक्त के घर धारा.82 की नोटिस चस्पा

**ज्ञानपुर।** स्थानीय पुलिस द्वारा फरार अभियुक्त के निवास स्थान पर मुनादी कर नोटिस चस्पा किया। न्यायालय के समक्ष पेश न होने पर सम्पत्ति जब्त की जाएगी। थाना सुरियावां पर पंजीकृत धोखाधड़ी के अभियोग में अभियुक्त निवासी कुसौड़ा थाना सुरियावां जनपद भदोही वांछित है। जो गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा है तथा अपनी चल-अचल संपत्ति हटा बढ़ा रहा है। अभियुक्त उपरोक्त को नियत तिथि तक न्यायालय के समक्ष पेश होकर अपना पक्ष रखने हेतु आदेशित किया गया है। यदि अभियुक्त उक्त अवधि के भीतर न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही होगा तो उसकी चल-अचल सम्पत्ति जब्त कर ली जाएगी। न्यायालय के आदेश के क्रम में अभियुक्त उपरोक्त के निवास स्थान पर थाना स्थानीय पुलिस द्वारा उदघोषणा कर मुनादी डुगडुगी कराई गई एवं 82 सीआरपीसी की नोटिस गवाहों के समक्ष चस्पा किया गया।

# एनएच पर अतिक्रमणकारियों की मनमानी से राहगीरों को परेशानी

**लालानगर।** गोपीगंज नगर के मुख्य चौराहा से लेकर मिजार्पुर तिराहा तक राष्ट्रीय राजमार्ग के उत्तरी एवं दक्षिणी लेन पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा जमा हुआ है। जहां आने जाने वाले राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। बता दे कि राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित वाराणसी प्रयागराज जाने वाली बस अड्डे पर मनमानी तरीके से दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर लोहे और लकड़ी का बेंच लगाकर अतिक्रमण किए हुए हैं। ऐसे में उन दुकानदारों के आगे भी ठेले, खोमचे वाले अपनी अपनी दुकान सजा लिए हैं और उसके आगे ऑटो चालकों की मनमानी तो बताना लाजमी नहीं है।मामले को लेकर बुधवार को देखा गया कि वाराणसी प्रयागराज बस अड्डे पर अतिक्रमण का जाल फैला हुआ है। बस पर सवार आने जाने वाले यात्रियों को भी परेशानी का सामना उठाना पड़ता है, जब कि अस्पताल के पास पुलिस की ड्यूटी लगी है ऐसे में पुलिस की मौजूदगी में मनमानी लोगों के गले से नीचे नहीं उतर रहा है। मामले को लेकर नागरिकों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए मांग किया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के उत्तरी एवं दक्षिणी लेन पर अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

### प्रदर्शन आज

**ज्ञानपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के महा सचिव सत्येन्द्र प्रकाश तिवारी ने जारी किये गये एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि 24 नवम्बर को समय 12:30 बजे जिलाधिकारी कार्यालय पर डीएपी की किल्लत को लेकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा तथा मांग पत्र राज्यपाल सम्बोधित डीएम को सौपा जायेगा। जिसमें सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ की उपस्थिति अनिवार्य है।

## पांच दिनी योग विज्ञान एवं ध्यान साधना शिविर का हुआ समापन

**भदोही।** पतंजलि योग समिति द्वारा नई बाजार स्थित काली देवी मंदिर प्रांगण में चल रहे पांच दिवसीय योग विज्ञान एवं ध्यान साधना शिविर विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित योग साधकों को राज्य प्रभारी संदेश योगी ने विशेष प्रशिक्षण दिया।उन्होंने कहा कि महर्षि पतंजलि के योग दर्शन के 8 चरण है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार धारणा, ध्यान, समाधि जिसमें यम के भी पांच चरण है। सत्य अहिंसा अस्तेय अपरिग्रह ब्रह्मचर्य को प्रत्येक साधकों को जीवन में अपनाना चाहिए। नियम के भी पांच प्रकार है। शौच, संतोष एवं ईश्वर परिणिधान जिसका का पालन भी प्रत्येक योग साधकों करना चाहिए। समापन के अवसर पर तीन नई योग की कक्षाओं के संचालन का संकल्प लिया गया। विनय कुमार उमरवैश्य, हरी लाल पाल, सत्यनारायण जायसवाल, फूलचंद यादव को नई योग कक्षा संचालित करने की जिम्मेदारी दी गई। आभार वरिष्ठ योग शिक्षक रमेश जायसवाल ने किया। इस अवसर पर नंद लाल यादव, कैलाश नाथ मिश्र, सुरेश जयसवाल, संजय, लक्ष्मी, शंकर मौर्य, जितेंद्र सरोज, प्रहलाद तिवारी सहित बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।

### अमरूद तोड़ने को लेकर चले चाकू-पत्थर, दो घायल

**ज्ञानपुर।** कोइरौना थाना क्षेत्र के केवटाही गांव में ईट भट्टे के पास किशोर लड़कों के बीच ईट-पत्थर व चाकू से मारपीट हो गई। जिसमें दो किशोर घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह अमरूद तोड़ने के विवाद को लेकर केवटाही निवासी करन केसरवानी व उसके भाई अर्जुन केसरवानी की गांव के ही अंशू बिन्द 15 वर्ष के साथ मारपीट हो गई। करन की ओर से चाकू चलाने से अंशू बिन्द जहां घायल हो गया वहीं पत्थर चलाने से करन के सिर में चोट आई है। तहरीर पर कोइरौना पुलिस मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मेडिकल आदि की कार्रवाई में जुट गई है।

### रबी कृषि निवेश मेला व गोष्ठी का हुआ आयोजन

सुइथाकला। बुधवार को ब्लाक मुख्यालय पर शासन की मंशा के अनुरूप रवी कृषि निवेश मेला व गोष्ठी का आयोजन हुआ। कृषि विभाग द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम में क्षेत्रीय किसानों को जागरूक करने का कार्य किया गया। वक्ताओं द्वारा किसानों को पराली प्रबन्धन, विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, बीज वितरण, कृषि यन्त्रों पर अनुदान व प्राकृतिक खेती आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि डा. उमेश चन्द तिवारी व खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन श्रीवास्तव, सुरेश पाण्डेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### शॉर्ट सर्किट से हजारों का सामान जलकर खाक

सुइथाकला। चौकी क्षेत्र के जंगीपुर निवासी आत्माराम उर्फ नीमर गुप्ता की सरायमोहिऊद्दीनपुर बाजार स्थित परचून की दुकान में बीती रात शार्ट सर्किट के चलते लगी आग से लगभग हजारों का सामान जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि उक्त गाँव निवासी परचून व्यवसाई के दुकान में मंगलवार की रात शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई जिसमें इनवर्टर, बैटरी समेत परचून का लगभग पचासों हजार का सामान जलकर खाक हो गया। मामले में पीड़ित द्वारा जिम्मेदारानों को सूचना दे दी गई है।

## सुदामा भगवान के सच्चे सखा विपत्तियां आई तो भी खुश



**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** नगर स्थित गोल्ड पैलेस कीर्ति कुंज ज्वेलर्स सदभावना पुल के पास भागवत मर्मज्ञ आचार्य डा. संजय कृष्ण सलिल महराज की कथा के 7वे दिन कथा में बुधवार को सुदामा चरित्र पर विशेष प्रकाश डाला गया। उक्त कार्यक्रम में सुदामा का कृष्ण महल में प्रवेश, वहां की व्यवस्था देख सुदामा का हुआ आनंदित मन, सेविकाओं का व्यवहार, कृष्ण को भेंट में दिया मुठ्ठी भर चावल बदले में मिला बहुत कुछ, सुदामा की दीन दशा जैसे प्रसंग ने श्रोताओं को खूब लुभाया। बता दे कि यह कथा नारायण सेवा संस्थान उदयपुर के सेवार्थ की जा रही है। इस कथा के आयोजक नन्हे लाल वर्मा है। 25 को विशाल भण्डारे की भी व्यवस्था है। इस मौके पर एसपी सीटी के हाथों कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान नन्हे लाल वर्मा, सनी वर्मा, लालती देवी, संदीप वर्मा, नवदीप वर्मा, प्रियम वर्मा भी उपस्थित रहे।

# निरंकारी संत समागम में दिया गया रुहानियत और इंसानियत का संदेश




**जौनपुर।** 75वां वार्षिक निरंकारी संत समागम स्वयं में दिव्यता एवं भव्यता की एक अनूठी मिसाल बना जिसमें देश-विदेशों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने सम्मिलित होकर सतगुरु के पावन दर्शन एवं अमृतमयी प्रवचनों का आनंद प्राप्त किया। मानवता का यह महाकुम्भ सम्पूर्ण निरंकारी मिशन के इतिहास में निश्चय ही एक मील का पत्थर रहा जो सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना।सद्गुरु माता सुदीक्षा महराज के पावन संदेशो की जानकरी देते हुए स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने आगे कहाकि निरंकारी संत समागम के इतिहास में ऐसा प्रथम बार हुआ की जब एक पूरा दिन सेवादल को समर्पित किया गया। सेवादल रैली में सम्मिलित हुए स्वयंसेवकों को अपना पावन आशीर्वाद प्रदान करते हुए सत्गुरु माता ने कहाकि सेवाभाव से युक्त होकर की गई सेवा ही वास्तविक रूप में सेवा कहलाती है। सेवा का अवसर केवल कृपा होती है, यह कोई अधिकार नहीं होता। इस वर्ष के समागम का मुख्य विषय रहा रुहानियत और इंसानियत संग संग। सत्गुरु माता सुदीक्षा ने कहा कि आध्यात्मिकता मनुष्य की आंतरिक अवस्था में परिवर्तन लाकर मानवता को सुंदर रूप प्रदान करती है। हृदय में जब इस परमपिता परमात्मा का निवास हो जाता है तब अज्ञान रूपी अंधकार नष्ट हो जाता है। वास्तविक रूप में भक्ति ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति के उपरान्त ही सम्भव है।स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत समागम स्थल पर 5 एलोपैथिक और 4 होम्योपैथिक डिस्पेन्सरियां थी। इसके अतिरिक्त 14 प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, 1 कायरोप्रैक्टिक चिकित्सा पद्धति शिविर तथा 4 एक्युप्रैशर/ फिजियोथेरेपी सुविधा केन्द्र बनाये गए। इसके अतिरिक्त एक 100 बेड का अस्पताल भी जरुरतमंद भक्तों की सेवा कर रहा था। इसके अतिरिक्त सुरक्षा एवं यातायात, लंगर कैन्टीन, स्वच्छता के प्रबंध, शोभा यात्रा, निरंकारी प्रदर्शनी रहा। समागम के समापन सत्र में समागम के समन्वयक जोगिंदर सुखिजा ने सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित का हृदय से आभार प्रकट किया।

# मातृभाषा से हमें विशेष लगाव होना चाहिए : सुरेश शुक्ला

**सुजानगंज।** क्षेत्र के प्रणवम स्कूल में मुंबई के मशहूर गायक उत्तर प्रदेश कला श्री से सम्मानित सुरेश शुक्ला का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रबंधक डॉ. प्रमोद के. सिंह ने अंगवस्त्रम से स्वागत किया तथा विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया । मुख्य अतिथि श्री शुक्ल ने अपने गीत के माध्यम से बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी मातृभाषा से विशेष लगाव होना चाहिए इसके साथ-साथ अन्य भाषाओं के बारे में भी जानकारी रखनी चाहिए। श्री शुक्ल ने शिक्षा के साथ संगीत पर भी विशेष जोर देने की बात कही क्योंकि संगीत के माध्यम से ही हम अपनी बातों को दूसरों तक आसानी से पहुंचा सकते हैं। श्री शुक्ल ने लोकगीत, कजरी, भोजपुरी गानों के साथ बच्चों के संग मस्ती में झूमे। श्री शुक्ल को उत्तर प्रदेश कला श्री सम्मान महाराष्ट्र के पूर्व सीएम देवेन्द्र फडणवीस के हाथों, भोजपुरी संगीत गौरव अखिल भारतीय भोजपुरी समाज, शिक्षक भारती कला सम्मान, सबरंग अवार्ड, झारखंड गौरव, कजरी रत्न, बेस्ट सिंगर अवॉर्ड से सम्मनित किया गया। उन्होंने कई भोजपुरी एवं हिंदी फिल्मों में संगीत भी दिया है। कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी व आभार कुलदीप पांडेय ने व्यक्त किया।


गायक का माल्यार्पण कर स्वागत करता विद्यालय परिवार

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# स्व. रामलगन सिंह ने देश की एकता और अखण्डता को मजबूत किया

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आजाद भारत के प्रथम नगर पालिका चेयरमैन, पूर्व विधान परिषद सदस्य स्व. रामलगन सिंह की 37वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को सैदलीपुर वृद्धाश्रम में आयोजित संगोष्ठी शॉल एवं खाद्य वितरण कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए पूर्व चेयरमैन दिनेश टण्डन ने कहा कि स्व. रामलगन सिंह ने हमेशा देश की एकता और अखण्डता को मजबूत करने का काम किया। जरूरत मंद लोगों के लिए हमेशा क्षेत्र में खड़े रहे। कार्यक्रम में बृद्ध पुरुष एवं महिलाओं को शाल, च्यवनप्राश आदि दिया गया।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज ने कहा कि स्व. रामलगन सिंह ने आजादी की लड़ाई में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। जब अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लोग खड़े होंने की सोचते नहीं थे तब बाबू जी ने उनको नाको चने चबवाने का काम किया और अंग्रेजों के खिलाफ मजबूत आवाज बन कर उभरे। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहाकि स्व. रामलगन सिंह ने न जाति देखी न धर्म देखा और न मजहब इन सब से उठ कर क्षेत्र के नौजवानों को किस तरह से रोजगार दिया जाए उस पर अथक प्रयास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयप्रकाश सिंह कामरेड, धन्यबाद श्याम बहदुर सिंह एवं संचालन विशाल सिंह हुकुम ने किया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता कफील अहमद, वीरेंद्र सिंह, केएन सिंह, पूनम मौर्या, राकेश उपाध्याय, जय प्रकाश साथी, धनंजय सिंह, मनोज सिंह वत्स, ताहिर शेख, पंकज सोनकर, रवि सिंह, संदीप पाण्डेय, मुफ़्ती मेहंदी आदि लोग उपस्थित रहे।


वृद्धा को शाल भेंट करते पूर्व चेयरमैन दिनेश टण्डन

## बालिकाओं में रागिनी तो बालकों में प्रज्ज्वल रहे अव्वल

खेतासराय। सर्वोदय इंटर कालेज खुदौली में फिट इंडिया स्कूल सप्ताह के दौरान स्वस्थ्य शरीर स्वस्थ, मस्तिष्क एवं स्वस्थ्य पर्यावरण पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें 40 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग में रागिनी को प्रथम स्थान मिला। जबकि वर्णिता सिंह एवं करिश्मा राजभर को द्वितीय स्थान मिला। अनामिका तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह बालक वर्ग में प्रज्जवल बरनवाल को प्रथम स्थान मिला। बृजेश बिंद द्वितीय एवं राजन राजभर तृतीय स्थान पर रहे। स्वस्थ रहना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है के विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में 130 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उपासना पांडेय एवं नेहा निषाद को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान मिला। सृष्टि गुप्ता द्वितीय एवं नेहा और हिमांशु पाठक तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्रों को फिट इंडिया के महत्व के बारे में समझाया। उन्हें अपने जीवन ऐसे कार्यों को करने के लिए प्रेरणा दी। संचालन दिनेश कुमार गुप्ता एवं अजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कला प्रवक्ता रेखा यादव, किरन सिंह, अनुराग यादव, अभिषेक मिश्रा, एनसीसी अधिकारी कैप्टन राजेश कुमार यादव, सेकंड आफिसर विनोद कुमार मिश्रा ने सहयोग प्रदान कर प्रतियोगिता को सफल बनाया।







# सुबह-ए-बनारस
# 2314 दिन, 6000 कलाकारों की प्रस्तुति

## पद्म अलंकृत के साथ ही ग्रैमी अवार्ड कलाकार भी हुए शामिल

## नौवें वार्षिकोत्सव पर पद्मश्री मालिनी अवस्थी का होगा गायन

राधेश्याम कमल

वैदिक ऋचाओं की अनुगूंज के साथ दैवीय शक्तियों का आह्वान, सप्त आरती से स्तवन, वैदिक यज्ञ, प्रात:कालीन राग पर आधारित संगीत व योग। यह सब हर किसी को असि घाट पर रोज प्रात:काल होने वाले प्रभाती संगीत में मिलेगा। घाट पर तमाम सांसारिक सुखों से दूर हर मौसम में पौ फटने के पूर्व ही बैठे हुए लोग इस बात के गवाह है कि उन्हें शांति व सुकून की जरुरत है। सच मानिये तो सुबह-ए- बनारस की उपलब्धि के रूप में भारतीय संस्कृति विशेषकर काशिकेय सांस्कृतिक परम्परा को संरक्षित करते हुए देश-विदेश के लोगों में भारतीय जीवन के प्रति उत्सुकता का भाव उत्पन्न हुआ है। काशी में जैसे ही भगवान भाष्कर की लालिमा दिखायी देती है वैसे ही असि घाट पर सुबह-ए-बनारस कार्यक्रम की शुरूआत हो जाती है। यहां पर प्रतिदिन गंगा आरती, प्रभाती संगीत, योगा आदि के लिए बिना किसी प्रचार के भारी संख्या में पर्यटक व श्रद्धालु आकर इतना भावविभोर हो जाते हैं कि बस कुछ पूछिये मत। यह सिलसिला 24 नवम्बर 2014 से जो प्रारंभ हुआ तो आज तक अनवरत चल रहा है। सुबह-ए-बनारस के 2314 दिवस पूर्ण हो रहे है। इस अवधि के दौरान यहां के मंच पर लगभग छह हजार से अधिक कलाकारों की प्रस्तुति हो चुकी है। 24 नवम्बर 2022 को सुबह-ए-बनारस अपना नौवां वार्षिकोत्सव मनाने जा रहा है। जिसमें प्रख्यात शास्त्रीय गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी गायन पेश करेंगी। काशीवासियों के कार्यक्रम की महत्ता व आकर्षण से प्रभावित होकर यूनेस्को ने सुबह-ए-बनारस के उल्लेख के साथ ही बनारस को सिटी ऑफ म्यूजिक का दर्जा प्रदान किया है। वर्तनाम में वरिष्ठ अधिकारियों के संरक्षण में पद्मश्री डा. राजेश्वर के मार्गदर्शन में न केवल संस्कृति को संरक्षित व संबंर्धित किया गया बल्कि अस्सी घाट का कायाकल्प बिनी किसी सरकारी वित्तीय सहयोग से किया गया। जिसके अन्तर्गत भारतीय दर्शन व परम्परा का दिग्दर्शन वहां के वास्तु, अलंकरण,भित्ति चित्र आदि में सहज किया जा सकता है।

## 2012 में सुबह-ए-बनारस की हुई थी परिकल्पना

सुबह-ए- बनारस सदियों से यह नाम लोगों की स्मृति में रहा। इसकी महत्ता, सनातन संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में उजागर करने की दृष्टि से तत्कालीन केन्द्र प्रमुख क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र वाराणसी के डा. रत्नेश वर्मा ने इसकी परिकल्पना कर एक प्रस्ताव सर्वप्रथम 2012 में संस्कृति विभाग को प्रेषित किया था। परंतु प्रस्ताव पर कोई भी निर्णय नहीं लिया जा सका। कुछ संगीत प्रेमी और प्रबुद्ध लोगों ने प्रस्ताव से प्रभावित होकर पहल का प्रयास किया परंतु यह मूर्त रूप नहीं ले सका। 2014 में तत्कालीन जिलाधिकारी प्रांजल यादव के साथ उनके सहयोग से जिला सांस्कृतिक समिति के माध्यम से 24 नवम्बर 2014 को ब्रह्म मुहुर्त में सुबह-ए-बनारस का परिकल्पित कार्यक्रम अस्सी घाट पर प्रारंभ हुआ। अत्यन्त अल्प समय में लोकप्रियात हासिल करने पर इससे प्रभावित होकर तत्कालीन कमिश्नर नितिन रमेश गोकर्ण, पुलिस महानिरीक्षक अमरेन्द्र सिंह सेंगर व नगर प्रमुख राम गोपाल मोहले के साथ वार्ता करके इस कार्यक्रम को स्थायी स्वरूप प्रदान करने की दृष्टि से सुबह-ए-बनारस आनंद कानन के नाम से संस्था का पंजीकरण नवम्बर 2015 में किया गया। इसमें पहला हस्ताक्षर तत्कालीन नगर प्रमुख राम गोपाल मोहले ने किया था।




## कई पद्म अंलकृत कलाकार भी हो चुके हैं शामिल

सुबह-ए-बनारस 24 नवम्बर 2022 को संगीत के अनवरत कार्यक्रम के 2314 दिन पूरे कर रहा है। डा. रत्नेश वर्मा बताते हैं कि यह संख्या मात्र मुख्य कलाकारों की है। यदि संगत कलाकारों की बात की जाये तो इनकी संख्या लगभग छह हजार से भी अधिक हो जायेगी। इनमें पद्म अलंकृत कलाकार, ग्रैमी अवार्ड के साथ-साथ उभरते कलाकारों को भी मंच प्रदान किया गया है। सुबह-ए-बनारस का मंच वास्तविक रूप में ऐसी साधना स्थली बन गई है जहां पर कलाकार अपनी प्रस्तुति देना चाहता है। कलाकारों में विशेष कर पद्मभूषण पं. छन्नू लाल मिश्र (गायन), पद्मश्री डा. राजेश्वर आचार्य, पद्मश्री डा. सोमा घोष, पद्मश्री शाहिद परवेज, ग्रैमी एवार्ड विजेता पद्मभूषण विश्व मोहन भट्ट (मोहन वीणा), एस बाला सुब्रहण्यम, शिवमणि (ड्रम), पद्मश्री पं. रोनू मजुमदार (बांसुरी), पद्मश्री कृष्णा चौधरी, पं. तरूण भट्टाचायज्ञ (संतूर) यू. राजेश (मैंडोलिन) चेतन जोशी, देवाशीष डे, रेवती साकलकर समेत कई नामचीन कलाकारों की यहां प्रस्तुति हो चुकी है।

## 18 देशों से अधिक विदेशी कलाकारों ने भी दी है प्रस्तुति

सुबह-ए-बनारस के मंच पर भारतीय कलाकारों के साथ ही विदेशी कलाकार भी शामिल होकर अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। यहां पर 18 देशों से अधिक विदेशी कलाकारों की प्रस्तुति हो चुकी है। इनमें जर्मनी, इटली, यूएसए, जापान, रोमानिया, ब्रिटेन, इंगळैण्ड, स्वीटजरलैण्ड, आस्ट्रेलिया आदि देशों के कलाकार है। 24 नवम्बर 2022 को यहां पर स्वीटजरलैण्ड की फैनी (भारतीय नाम मीरा) का कथक नृत्य भी होगा।



## पंच तत्वों और दैवी शक्तियों का आह्वान

सुबह-ए- बनारस की परिकल्पना के अन्तर्गत उषाकाल में सूर्योदय के पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण से पंच तत्वों और दैविक शक्तियों का आह्वान किया जाता है। तत्पश्चात सप्त आरती के माध्यम से उनका स्तवन किया जाता है। इसी के साथ विदुषी कन्याएं यज्ञ कराती हैं जिसका मुख्य उद्देश्य विश्व शांति व मानव कल्याण है। सूर्य अर्घ्य के साथ ही प्रभाती कार्यक्रम प्रारंभ होता है। जो प्रात:कालीन राग पर आधारित शास्त्रीय, उप शास्त्रीय गायन-वादन की विधा को प्रस्थापित करता है। अंत में योग के माध्यम से सर्वे भवन्तु सुखिन की अवधारणा को पुष्ट किया जाता है। वस्तुत: सुबह-ए-बनारस में सनातन परम्परा की अमूर्त धरोहर की थाती का संरक्षण तो होता ही है, साथ में ऋषि महात्मा द्वारा प्रतिपादित जीवन दर्शन का सरल अभिव्यक्तिकरण आकर्षण का केन्द्र है।

# डर को डेअर करतीं ये डिप्लोमेट



**वीआईपी कल्चर को ठेंगा**

### दिल्ली में ऑटो चलाकर ऑफिस जाती हैं अमेरिकी डिप्लोमेट, चार महिला राजनयिकों ने बुलेटप्रूफ गाड़ियां त्यागीं

**नई दिल्ली।** एक ओर जहां वीआईपी कल्चर से आमजन हैरान और परेशान हैं वहीं भारत में चार महिला डिप्लोमेट ऐसी हैं जिन्होंने डर की आंखों में आंखे डालते हुए अपनी बुलेट प्रूफ गाड़ियां छोड़कर ऑटो चलाकर आफिस जाना शुरू कर दिया है। अमेरिकी दूतावास की ये चारो अधिकारी ने डर को परे सरका दिया है। एनएल मेसन, रुथ होल्म्बर्ग, शरीन जे किटरमैन और जेनिफर बायवाटर्स का कहना है कि ऑटो चलाना मजेदार ही नहीं, बल्कि यह एक मिसाल है कि अमेरिकी अधिकारी भी आम लोगों की तरह ही हैं।

### ऑटो को दिया पर्सनल टच ब्लू टूथ डिवाइस लगवाया

मेसन का कहना है कि मैंने कभी क्लच वाली गाड़ियां नहीं चलाईं। मैं हमेशा ऑटोमैटिक कार ही चलाती हूं, लेकिन भारत आकर ऑटो चलाना एक नया अनुभव था। जब में पाकिस्तान में थी तब मैं बड़ी और शानदार बुलेटप्रूफ गाड़ी में घूमती थी। उसी से ऑफिस जाती थी, लेकिन जब मैं बाहर ऑटो देखती थी तो लगता था कि एक बार तो इसे चलाना है। इसलिए जैसे ही भारत आई तो एक ऑटो खरीद लिया। मेरे साथ रूथ, शरीन और जेनिफर ने भी ऑटो खरीदे। मेसन कहती हैं कि मुझे मेरी मां से प्रेरणा मिली। वो हमेशा कुछ नया करती रहती थीं। उन्होंने मुझे हमेशा चांस लेना सिखाया। मेरी बेटी भी ऑटो चलाना सीख रही है। मैंने ऑटो को पर्सनलाइज किया है। इसमें ब्लूटूथ डिवाइस लगा है। इसमें टाइगर प्रिंट वाले पर्दे भी लगे हैं। भारतवंशी अमेरिकी डिप्लोमैट शरीन जे किटरमैन के पास पिंक कलर का ऑटो है। इसके रियर-व्यू मिरर में अमेरिका और भारत के झंडे लगे हैं। उनका जन्म कर्नाटक में हुआ था। बाद में वो अमेरिका में बस गईं। उनके पास वर सिटिजनशिप है। उन्होंने कहा, मुझे एक मैक्सिकन एंबेसडर मेल्बा प्रिआ से यह प्रेरणा मिली। 10 साल पहले उनके पास एक सफेद रंग का ऑटो था। उनका ड्राइवर भी था। जब मैं भारत आई तो देखा मेसन के पास ऑटो है। तभी मैंने भी एक ऑटो खरीद लिया।'



### लोगों से मिलना एक तरह की डिप्लोमेसी: होल्म्बर्ग

अमेरिकी अधिकारी रुथ होल्म्बर्ग ने कहा- मुझे ऑटो चलाना बहुत पसंद है। मैं मार्केट भी इसी से जाती हूं। यहां लोगों से मिलती हूं। महिलाएं मुझे देखकर प्रेरित भी होती हैं। मेरे लिए डिप्लोमेसी हाई लेवल पर नहीं है। डिप्लोमेसी का मतलब है लोगों से मुलाकात करना, उन्हें जानना और उनके साथ एक रिश्ता कायम करना। ये सब मैं ऑटो चलाते हुए कर सकती हूं। मैं हर दिन लोगों से मुलाकात करती हूं। ये डिप्लोमेसी के लिए जरूरी है। ऑटो चलाने का अपना अनुभव बताते हुए जेनिफर ने कहा, 'मैंने लोगों की अच्छाई देखी है। कई बार लोगों को जानने के लिए आपको आउट ऑफ द बॉक्स सोचना पड़ता है। जब मैं दिल्ली आई तो मैं मेसन के साथ ऑटो में जाती थी। बाद में मैंने अपना ऑटो खरीद लिया। इसे चलाना मुश्किल था, लेकिन मैंने सीखा। सीखना उतना मुश्किल नहीं होता पर सबसे ज्यादा मुश्किल आसपास चल रही गाड़ियों को ध्यान में रखकर ड्राइविंग करने में होती है। यहां कोई-भी कहीं से भी अचानक आ जाता है। ये कभी-कभी डरावना हो जाता है, लेकिन इसमें काफी मजा आता है।

# काशी के मच्छरों ने भी बोला, गुरु देखावा ताकत, बढ़ावा डेंगू

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

**चलती का नाम गाड़ी**

गुरु शब्द काशी के कण-कण में सुशोभित है, फिर चाहे वह मच्छर ही क्यों ना हो, भिन्भिनाते हुए भी गुरु का इस्तेमाल कर अपनी सेना को ताकत बढ़ावा डेंगू बढ़ावा का निर्देश दे गये। घर और पार्को में किसी कोने में पड़े मच्छरों की सेना ने जैसे ही सुना कि अब काशी में एक संगम हो रहा है खुशी का ठीकाना नहीं रहा, और हो भी क्यों ना काशी से कभी ना जाने वाले मच्छरों के दलों को अपने ही स्थान पर दूसरे प्रान्तों के लोगों की मेहमानी करने का मौका मिले तो फिर उसे छोड़ेंगे क्यो?, उन्हें मलाल है कि लम्बी दूरी की उड़ान उनके नसीब में नहीं लेकिन अगर उनके ही क्षेत्र में विभिन्न किस्म के लोग दस्तक दे दें तो फिर क्या कहना है।

### अब तो है तुमसे हर खुशी अपनी

दूसरे प्रांतों के लोगों को देख मच्छरों की सेना ने दिन में ही तैयारी करनी शुरू कर देती है, तैयारी ऐसी की उनकी रेकी करते हुए यह पता लगाया जाए कि आखिर वह कहां ठहरें हैं फिर उस इलाके के सरदार को इसकी सूचना देते हुए रात के अंधेरे में डंक का आतंक फैलाने के लिए तैयारी करना और कहना कि अब तो है तुमसे हर खुशी अपनी।

### नहीं पानी तो ओस की बूंदों पर रह लेंगे

जागरुक होते लोगों को देख एक बार यह मच्छर भी सहमते जा रहें है। और हो भी क्यों ना घर व छत पर या फिर बरामदे में कोई भी पानी को इकत्र नहीं होने दे रहा है।इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार जागरुकता अभियान रंग ला रहीं है। यहां तक कि लोग डर के चलते गमले में पानी भी ज्यादा नहीं डाल रहें, ऐसे में मच्छरों को पनपने का साधन सुलभ नहीं हो पा रहा लेकिन उन्हें खुशी है कि इन दिनों ओस तो है ओस की बूंदों पर ही अपना सहारा बना लेंगे और अपनी सेना को मजबूत कर लेंगे।

### सोचने पर फिर गया पानी हो गई फॉगिंग

शाम का सूरज ढल रहा था रात को डंक के आतंक की तैयारी हो ही रही थी कि एक भिन्भिनाते हुए स्वास्थ्य विभाग की सूचना लेकर पहुंचा कि पीछे वाली गली में फागिंग की आवाज सुनायी दी है। अब क्या था सभी सहम गये और फागिंग के डर से इधर-उधर भागने लगे, कौन कहे अन्य प्रांतों से आये लोगों के खून का स्वाद लेना स्थानीय नागरिक को भी डंक नहीं मार पाये, अभी वार्तालाप हो ही रहा था कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से हुए फागिंग ने सभी का जन्नत की सैर करा दी। फिर क्या था सभी के दिल से एक ही आवाज आयी एक कसक दिल की दिल में दबी रह गयी।

### चलते-चलते

मच्छरों की सेना रोग फैलाने की अपनी तैयारी करते हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग की तैयारी के आगे मच्छरों की सेना नतमस्तक हो जाती है। डेंगू पर विजय पाने के लिए लोगों की ओर से जागरुकता भी काम आ रही है। ऐसे ही जागरुकता से हम सभी बड़े से बड़े रोग को मात दे सकते हैं।

# कतर विश्व कप में फैन्स पर पाबंदियों का बोझ

**परेशानी**

### इस्लामी कानून मानने की विवशता बिना शादी के एकसाथ रुकने पर पाबंदी, बीयर पीने और प्रार्थना पर भी रोक-टोक

**दोहा।** यहां हो रहे विश्व कप फुटबाल में यहां आए लोगों पर कई पाबंदियां हैं। इस्लामिक कानून के मुताबिक कई ऐसी चीजें हैं जो दूसरे देशों में अनुमति प्राप्त है, लेकिन यहां उसका सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं किया जा सकता। कई पाबंदियां बाहर से आने वाले फैन्स पर है, स्थानीय की बात तो जाने दीजिए।

**स्टेडियम में बीयर पीने पर बैन**

कतर में पब्लिक स्पेस में बीयर या शराब पीने की मनाही है। ऐसा करने पर 6 महीने तक की जेल या 800 डॉलर, यानी करीब 65 हजार रुपए का जुर्माना लग सकता है। शराब की तस्करी करने पर तीन साल तक की जेल हो सकती है। वर्ल्ड कप शुरू होने से ठीक दो दिन पहले कतर ने ऐलान किया कि मैच के दौरान रेगुलर फैंस स्टेडियम में बीयर नहीं पी सकेंगे। स्टेडियम के बाहर सिर्फ स्पेशल वर्ल्ड कप गैदरिंग स्पेस, लाइसेंस प्राप्त रेस्तरां, बार और होटलों में ही पी सकेंगे। वीआईपी टिकट वाले लोग अपने एक्जीक्यूटिव बॉक्स में बैठकर मैच से पहले, मैच के दौरान और मैच के बाद बीयर पी सकते हैं। इसे फैन जोन भी कहा जाता है। कतर के इस फैसले पर फीफा भी राजी हो गया। वरना 2014 में ब्राजील वर्ल्ड कप में स्टेडियम में बीयर की बिक्री के लिए स्थानीय कानूनों में बदलाव करा दिया था। उस वक्त फीफा के सेक्रेटरी जेरोम वाल्क ने कहा था, शराब वर्ल्ड कप का अहम हिस्सा है, इसलिए हम इसे उपलब्ध कराएंगे। माफ करिएगा अगर मैं थोड़ा घमंडी लगूं, लेकिन इस विषय पर कोई बातचीत संभव नहीं है।





### जोश और जश्न में टी-शर्ट नहीं उतार सकेंगे

कतर के कई इलाकों में पब्लिक प्लेस पर ड्रेस कोड चाहिए। यहां पुरुष और महिला दोनों का कंधा, सीना, पेट और घुटना ढका होना चाहिए। टाइट लेगिंग एक लंबी शर्ट या ड्रेस से ढकी होनी चाहिए। वर्ल्ड कप के दौरान स्टेडियम के अंदर जश्न मनाने के दौरान फैन्स को टी-शर्ट उतारना देखना आम बात रही है। लेकिन कतर रूढ़िवादी ड्रेस कोड के चलते यहां पर फैंस का ऐसा कर पाना मुश्किल है।

### कतर सरकार की आलोचना जेल पहुंचा सकती है

कतर में घूम रहे फुटबाल फैन्स सरकार की आलोचना नहीं कर पाएंगे। ऐसा करने पर उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जा सकता है। यह कानून पब्लिक में स्पीच देने के साथ ही सोशल मीडिया पर भी लागू होता है। ऐसा करने वाले लोगों को 5 साल तक की जेल हो सकती है। अभी तक जो वर्ल्ड कप होते थे उसमें स्टेडियम में मौजूद फैन्स विपक्षी टीमों के फैन्स से खूब नोक-झोंक करते थे। कई बार तो अश्लील गानों के जरिए भी कमेंट भी करते थे। लेकिन कतर में ऐसा करना बड़ी मुसीबत खड़ी कर सकता है। स्टेट डिपार्टमेंट की ओर से जारी वीडियो में कहा गया है कि सार्वजनिक रूप से दूसरों के साथ बहस करने या अपमान करने पर आप गिरफ्तार हो सकते हैं।

### समलैंगिकों और गैर शादीशुदा जोड़े को होटल मिलने में दिक्कत

कतर में समलैंगिकता अपराध है। यदि कोई भी समलैंगिक एक्टिविटी करता पाया जाता है तो उसे 7 साल तक की जेल हो सकती है। अविवाहित फैन्स को अपनी दोस्त के साथ संबंध बनाने पर 7 साल की जेल हो सकती है। साथ ही पब्लिक प्लेस में भद्दे या अश्लील इशारे करने पर जुर्माना या 6 महीने की कैद हो सकती है। कतर में अविवाहित जोड़ों के बीच शारीरिक संबंध बनाने की अनुमति नहीं है। अविवाहित जोड़ों को होटल के कमरे साझा करने की भी मनाही है। इस साल मई में नॉर्वे, स्वीडिश और डेनिश पत्रकारों ने ऑफिशियल लिस्ट में शामिल 69 होटलों में रूम के लिए फोन किया। इस दौरान इन लोगों ने खुद को गे कपल बताया। इनमें से 3 ने कमरा देने से मना कर दिया। 20 होटल कमरा देने के लिए तैयार हो गए, लेकिन कहा कि आप गे होने की बात बाहर नहीं बताएंगे। यह वाकया सामने आने के बाद कतर में टूर्नामेंट आयोजकों के प्रवक्ता ने कहा कि इस मुद्दे पर ध्यान दिया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा है आने वाले फुटबॉल फैन्स, खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए कतर में 100 से अधिक होटल हैं। इन सभी होटलों को सस्टेनेबल सोर्सिंग कोड का पालन करना होगा। अप्रैल में कतर में सीनियर सिक्योरिटी लीडर मेजर जनरल अब्दुल अजीज अब्दुल्ला अल-अंसारी ने कहा था कि रेनबो वाले फ्लैग फैन्स से छीने जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि छत्र्ह्ळ+ समर्थकों को इसके विरोधियों द्वारा हिंसा से बचाने के लिए यही सही तरीका होगा।